* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

31 दिसंबर, 2023
पौष, कृष्ण पक्ष, चतुर्थी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
रविवार, वर्ष 09, अंक 71

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

राम मंदिर में लगेगी 600 किलो की घंटी, बजाने पर 'ऊं' की आवाज आयेगी। इसे 400 कारीगरों ने तैयार किया है।







### प्रधानमंत्री पहुंचे रामलला की नगरी, लोगों से की अपील

# 22 जनवरी को नहीं आयें अयोध्या: मोदी

- लोगों से कहा, 550 साल इंतजार किया, कुछ दिन और करें
- एयरपोर्ट-रेलवे स्टेशन का किया उद्घाटन
- प्रोटोकॉल तोड़ दलित लाभुक के घर पहुंचे

आजाद सिपाही संवाददाता

**अयोध्या।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को अयोध्या पहुंचे। जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक क्षण बहुत भाग्य से हमारे जीवन में आया है। मैं भारत के 140 करोड़ देशवासियों से हाथ जोड़ कर प्रार्थना कर रहा हूं। जब 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान राम विराजमान हों, तब राम ज्योति जलायें। दीपावली मनायें। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को सभी का अयोध्या आना संभव नहीं है। यहां का पूरा कार्यक्रम हो जाने के बाद एक बार परिवार के साथ अयोध्या जरूर आयें। प्रभु राम को तकलीफ हो, ऐसा हम भक्त कभी नहीं सह पायेंगे। हमने 550 साल इंतजार किया है, कुछ दिन और करें।

**दलित के घर पी चाय, रोड शो किया :** इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी, दलित धनीराम मांझी के घर पहुंचे। यहां उन्होंने चाय पी। बच्चों ने प्रधानमंत्री के साथ सेल्फी ली। मोदी ने अयोध्या में आठ किलोमीटर लंबा रोड शो भी किया। इसके अलावा रेलवे स्टेशन और एयरपोर्ट का उद्घाटन किया। रेलवे स्टेशन का नाम अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन और एयरपोर्ट का नाम महर्षि वाल्मीकि इंटरनेशनल एयरपोर्ट अयोध्या धाम रखा गया है। प्रधानमंत्री ने अयोध्या और अन्य स्टेशनों से चलनेवाली दो अमृत भारत और छह वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखायी और 15 हजार 700 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण-शिलान्यास भी किया।



## उत्साह-उमंग सड़कों पर नजर आ रहा

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज पूरी दुनिया उत्सुकता के साथ 22 जनवरी के ऐतिहासिक क्षण का इंतजार कर रही है। भारत की मिट्टी के कण-कण और जन-जन का मैं पुजारी हूं। मैं भी उतना ही उत्सुक हूं। ये उत्साह-उमंग आज अयोध्या की सड़कों पर नजर आ रहा था। ऐसा लग रहा था कि पूरी अयोध्या नगरी सड़क पर उतर आयी।

## 14 जनवरी 2024 से स्वच्छता अभियान चले

मोदी ने कहा कि अभी अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन की क्षमता 10-15 हजार लोगों की सेवा करने की है। स्टेशन का पूरा विकास होने के बाद अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन पर हर रोज 60 हजार लोग आ-जा सकेंगे। 22 जनवरी की शाम पूरे हिंदुस्तान में जगमग होनी चाहिए। देशभर के लोगों से मेरी हाथ जोड़ कर प्रार्थना है कि मकर संक्रांति यानी 14 जनवरी से हर छोटे-बड़े तीर्थ स्थलों पर स्वच्छता का अभियान चलायें। प्रभु श्रीराम आ रहे हैं तो एक भी मंदिर अस्वच्छ नहीं होना चाहिए।

### नेताजी ने अंडमान में आजादी का जयघोष किया था

मोदी ने कहा कि देश के इतिहास में 30 दिसंबर की तारीख बहुत ऐतिहासिक रही है। आज के दिन ही 1943 में नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने अंडमान में झंडा फहरा कर भारत की आजादी का जयघोष किया था। आज विकसित भारत के निर्माण को गति देने के अभियान को अयोध्या नगरी से नयी ऊर्जा मिल रही है।

# रांची जेल के जेलर को इडी ने किया तलब

योगेंद्र तिवारी के सेल का सीसीटीवी फुटेज भी मांगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी से प्रकाशित प्रभात खबर के प्रधान संपादक आशुतोष चतुर्वेदी को जेल से धमकी देने के मामले को लेकर रांची जेल के जेलर प्रमोद कुमार प्रवर्तन निदेशालय (इडी) के रडार पर आ गये हैं। इडी ने जेलर को समन जारी कर 2 जनवरी को पूछताछ के लिए तलब किया है।

दरअसल, मामला शराब घोटाले में गिरफ्तार कारोबारी योगेंद्र तिवारी से जुड़ा हुआ है। वरिष्ठ पत्रकार आशुतोष चतुर्वेदी को जेल से धमकी दी गयी थी। उसके बाद अखबार प्रबंधन ने मामले की लिखित शिकायत वरीय पुलिस अदाधिकारियों से की थी और आवश्यक कार्रवाई का अनुरोध किया था। जांच के क्रम में यह बात सामने आयी है कि धमकी भरे कॉल रांची के जेल से आये थे और इसमें जेलर की भूमिका संदिग्ध है। जांच में इस बात की भी पुष्टि हुई थी कि जेल में बंद योगेंद्र तिवारी ने धमकी दी है। शराब घोटाला मामले में इडी ने योगेंद्र तिवारी को गिरफ्तार किया था। उसके बाद से ही वह रांची जेल में बंद है। इडी ने जेलर को समन जारी करने के साथ-साथ योगेंद्र तिवारी के सेल का सीसीटीवी फुटेज भी मांगा है। इडी पता करेगी कि योगेंद्र तिवारी के सेल में उससे कौन-कौन मिलने गया था।

## इडी का समन: कानूनी सलाह के बाद हेमंत लेंगे फैसला



**रांची (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को इडी द्वारा भेजे गये पत्र (सातवां समन) पर झामुमो केंद्रीय प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा कि इडी को नरम होना ही पड़ेगा। हठधर्मिता और बेवजह किसी बात पर अड़ना ठीक नहीं है। किसी भी संवैधानिक संस्था को यह शोभा नहीं देता है। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी मुख्यमंत्री ने एजेंसी के कार्यालय जाकर इडी के सवालों का जवाब दिया था। वह मामला शून्य बटे सन्नाटा निकला। जिस मामले में छह-छह समन इडी ने हेमंत सोरेन को भेजा है, उसमें भी कुछ नहीं है। पांडेय ने कहा कि बार-बार मुख्यमंत्री को इडी प्रताड़ित करने की कोशिश कर रही है। वह खुद सभी जानकारी दे चुके हैं। अब कितनी बार पूछताछ के लिए उन्हें प्रताड़ित किया जायेगा। अब इडी के पत्र पर आगे की क्या रणनीति होगी, इसका फैसला उनके नेता व्यक्तिगत रूप से महाधिवक्ता और अन्य विधि विशेषज्ञ से बातचीत कर लेंगे। गौरतलब है कि इडी ने जमीन के मामले में पूछताछ के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को छह बार समन किया। वह इडी के पास नहीं गये। शुक्रवार को इडी ने एक और मौका देते हुए उन्हें पत्र लिखा है, जिसे समन ही कहा है। उनसे सात दिनों के अंदर कोई जगह तय कर बयान दर्ज कराने के लिए कहा है।

## 2 को कांग्रेस के नये प्रभारी आयेंगे

**रांची (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस के नवनियुक्त झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर 2 जनवरी को झारखंड आ रहे हैं। वे पार्टी विधायक दल की बैठक करेंगे। साथ ही, कार्यकारिणी, पार्टी संगठन, प्रकोष्ठ, मोर्चा के चेयरमैन और अध्यक्षों के साथ-साथ जिलाध्यक्षों के साथ बैठक करेंगे। वे आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर पूर्व से गठित लोकसभावार कमेटी के साथ भी अलग से मंथन करेंगे।

## 2024 का चुनाव नहीं लड़ पायेंगे इमरान खान

एजेंसी

**लाहौर।** पाकिस्तान के इलेक्शन कमीशन ने इमरान खान का नॉमिनेशन खारिज कर दिया है। अब इमरान 8 फरवरी को होने वाले आम चुनाव नहीं लड़ पायेंगे। खान पर भ्रष्टाचार का आरोप हैं। वो तोशाखाना मामले में अगस्त 2023 से जेल में बंद हैं।

इमरान खान ने लाहौर और मियांवली से नामांकन भरा था। यहां से कई उम्मीदवारों के नाम खारिज हुए, इनमें से एक नाम इमरान खान का था। इलेक्शन कमिशन ने कहा कि इमरान पर कई केस चल रहे हैं। वो लाहौर निर्वाचन क्षेत्र के पंजीकृत मतदाता भी नहीं हैं इसलिए उनका नामांकन खारिज किया जा रहा है।

## न्यूज रील्स

### राजस्थान में 22 मंत्री बने, इनमें 17 पहली बार

जयपुर। राजस्थान में भजनलाल सरकार मंत्रिमंडल का विस्तार हो गया है। राज्यपाल कलराज मिश्र ने 22 मंत्रियों को शपथ दिलायी। इनमें 12 कैबिनेट और 5 राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), 5 राज्यमंत्री हैं। भाजपा ने श्रीकरणपुर सीट से प्रत्याशी सुरेंद्र पाल सिंह टीटी को मंत्री बनाया है। यह राजस्थान में पहला मामला है, जब चलते चुनाव के बीच प्रत्याशी को मंत्री बनाया गया हो।

### मिजोरम में घुसे म्यांमार के 151 सैनिक

आइजोल। म्यांमार में सेना और विद्रोही गुटों के संघर्ष के बीच 151 म्यांमार सैनिक मिजोरम में घुस आये हैं। असम राइफल्स के अधिकारी ने कहा कि भारतीय सीमा से लगे म्यांमार सैन्य बेस पर विद्रोही गुट अराकान आर्मी (इइ) ने कब्जा कर लिया। इसके बाद म्यांमार सेना के जवान अपने हथियारों के साथ लांगटलाइ जिले के तुइसेंटलांग में असम राइफल्स के पास पहुंच गये। मिजोरम और म्यांमार के चिन प्रांत के बीच 510 किलोमीटर लंबी सीमा है।

### गंगा में फैल रहा हैवी मेटल पॉल्यूशन

वाराणसी। काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के मेडिकल इंस्टीट्यूट में हुए एक रिसर्च के अनुसार प्रयागराज से लेकर बक्सर तक गंगा के पानी की सैंपलिंग की गयी। गंगा में करीब 450 किलोमीटर तक हैवी मेटल पॉल्यूशन फैल रहा है। इसमें वाराणसी के 25 किलोमीटर के एरिया में तो यह अपने अधिकतम स्तर से भी छह गुना ज्यादा है। यह बात बीएचयू के मेडिकल इंस्टीट्यूट में हुए एक रिसर्च में सामने आयी है।

### कोहरे से सात राज्यों में हवाई और ट्रेन यात्रा प्रभावित

नयी दिल्ली। राजस्थान, मध्यप्रदेश समेत सात राज्यों में इन दिनों घना कोहरा देखने को मिला। दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और मध्यप्रदेश में मौसम विभाग ने 31 दिसंबर को कोहरे का रेड अलर्ट जारी किया है। हिमाचल और उत्तरप्रदेश में कोहरे के चलते सड़क दुर्घटना में पांच लोगों की मौत हो गयी। उधर, लगातार चौथे दिन दिल्ली एयरपोर्ट से फ्लाइट्स के लेट होने का सिलसिला जारी रहा। सुबह साढ़े आठ बजे तक 80 फ्लाइट्स और 30 ट्रेनें अपने निर्धारित समय से नहीं चल पायीं। उत्तर भारत के पांच राज्यों में कोहरा और शीतलहर का असर बढ़ेगा, जबकि मध्य भारत में हल्की और तमिलनाडु में तेज बारिश हो सकती है।

# रेल किराया बढ़ा, प्लेटफॉर्म टिकट महंगा हुआ : राहुल

जनता को सुलभ रेल यात्रा चाहिए

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। लोकसभा सांसद राहुल गांधी ने बेरोजगारी और महंगाई जैसे मुद्दों पर मोदी सरकार को घेरा है। उन्होंने सोशल प्लेटफॉर्म एक्स में ट्वीट करके रेलवे किराये और रसोई गैस की कीमत को लेकर कटाक्ष किया है। राहुल ने कहा कि भारतीय रेल ने हर वर्ग का किराया बढ़ा दिया है। किराये में बुजुर्गों को मिलने वाली छूट को भी खत्म कर दिया है। प्लेटफार्म टिकट के भी दाम बढ़ा दिये गये हैं। यह पोस्ट उस समय आया है, जब प्रधानमंत्री नेरेंद्र मोदी ने अयोध्या से नयी ट्रेनों का उद्घाटन किया।



राहुल ने केंद्र सरकार से सवाल किया कि जनता की मेहनत की कमाई से निचोड़ा जा रहा यह पैसा क्या 'सेल्फी स्टैंड' बनाने के लिए था? भारत की जनता को क्या चाहिए? सस्ता गैस सिलेंडर और सुलभ रेल यात्रा? या फिर शहंशाह के बुत के साथ तस्वीर? राहुल ने रेलवे स्टेशन की एक तस्वीर पोस्ट की है। इसमें काफी संख्या में यात्री जमीन पर लेटे हुए हैं और उनके पास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर के साथ उज्वला योजना का विज्ञापन लगा हुआ है। हालांकि, उन्होंने ये नहीं बताया कि ये फोटो किस रेलवे स्टेशन की है।

## भारत को पाकिस्तान आतंकी हाफिज सइद को नहीं सौंपेगा

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** 26/11 हमले के मास्टर माइंड हाफिज सइद के प्रत्यर्पण की मांग को पाकिस्तान ने ठुकरा दिया है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलोच ने कहा कि भारत ने 'तथाकथित मनी लांड्रिंग' के मामले में हाफिज सइद के प्रत्यर्पण की मांग की है। वहीं, जब पत्रकारों ने उनसे सवाल किया कि पाकिस्तान हाफिज सइद को भारत के हवाले करेगा या नहीं। इसके जवाब में जहरा ने सिर्फ इतना कहा कि दोनों देशों के बीच कोई प्रत्यर्पण संधि नहीं है। हालांकि पाकिस्तान ने अब तक हाफिज सइद के प्रत्यर्पण को लेकर भारत को आधिकारिक तौर पर कोई जवाब नहीं दिया है।

# विनेश फोगाट ने खेल रत्न और अर्जुन अवॉर्ड लौटाये


पीएमओ के बाहर कर्तव्य पथ पर जमीन पर मेडल रख कर हाथ जोड़ा और लौटीं

आजाद सिपाही संवाददाता

**रेवाड़ी/नयी दिल्ली।** रेसलर विनेश फोगाट ने खेल रत्न और अर्जुन अवॉर्ड लौटा दिया है। विनेश शनिवार को अवॉर्ड लौटाने दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऑफिस जा रही थीं। इससे पहले ही पुलिस ने उन्हें रोक लिया। उसके बाद विनेश ने अवॉर्ड कर्तव्य पथ पर ही जमीन पर रख दिये और अवॉर्ड्स को हाथ जोड़ कर लौट गयीं। गौरतलब है कि विनेश ने तीन दिन पहले ही प्रधानमंत्री मोदी के नाम दो पेज की चिट्ठी लिखी थी। उसमें महिला पहलवानों को इंसाफ नहीं मिलने की बात कही थी।



अवॉर्ड लौटाने पर विनेश ने कहा कि मैं इंसाफ के लिए यहां पहुंची हूं। जब तक इंसाफ नहीं मिलता, ये लड़ाई जारी रहेगी। बजरंग पूनिया ने विनेश के अवॉर्ड वापसी का वीडियो शेयर कर कहा कि यह दिन किसी खिलाड़ी के जीवन में न आये। देश की महिला पहलवान सबसे बुरे दौर से गुजर रही हैं। विनेश से पहले बजरंग पूनिया ने अपना पद्मश्री अवॉर्ड लौटा दिया था। वह इस अवॉर्ड को प्रधानमंत्री के घर के बाहर फुटपाथ पर रख कर आ गये थे।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



# 2024 के चुनाव में भी दिखेगा मोदी का करिश्मा

## ■ राम मंदिर और धारा 370 ने तय कर दिया है आम चुनाव का एजेंडा
## ■ विपक्षी गठबंधन को सत्ता पाने के लिए अभी करना होगा लंबा इंतजार
## ■ मोदी को केवल एक ताकत हरा सकती है और उसका नाम है 'मोदी'

**आजाद सिपाही विशेष**

आम चुनावों के मुहाने पर खड़े दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में इन दिनों विमर्श का एक ही मुद्दा है। वह है कि क्या 2024 में मोदी की वापसी होगी। लेकिन यह भी ध्यान देने लायक है कि इन तमाम विमर्शों में यह बात अंततः स्वीकार कर ली जाती है कि 'आयेगा तो मोदी ही'। लगातार तीसरी बार सत्ता हासिल करने की दिशा में मजबूती से आगे बढ़ रही भाजपा और उसके निर्विवाद नेता नरेंद्र मोदी ही नहीं, भारत में सक्रिय तमाम सियासी ताकतों ने यह मान लिया है कि कम से कम 2024 में मोदी को हरा पाना संभव नहीं है। खास कर राम मंदिर और धारा 370 के मुद्दों ने न केवल 2024 के आम चुनाव का एजेंडा सेट कर दिया है, बल्कि इन दो मुद्दों ने भी मोदी को वह सब कुछ दे दिया है, जिसकी एक सच्चे राजनेता को जरूरत होती है, यानी जनता का समर्थन। अब विपक्षी गठबंधन के अलावा देश के सियासी पंडितों ने भी कहना शुरू कर दिया है कि मोदी को केवल एक ताकत हरा सकती है और उसका नाम 'मोदी' है। इस बात में कोई संदेह नहीं है कि भारतीय उप महाद्वीप में नरेंद्र मोदी 21वीं सदी के सबसे लोकप्रिय और प्रमुख नेता हैं। अब उन्हें इतिहास की चिंता नहीं है कि उसमें उनका नाम किस रूप में दर्ज होगा। 140 करोड़ लोगों का यह देश पीएम मोदी के नेतृत्व में जिस गति से आगे बढ़ रहा है, उससे साफ हो गया है कि इतिहास कहीं पीछे छूटने लगा है। एक लोकतांत्रिक व्यक्तित्व के लिए इस स्थिति को ही आदर्श माना गया है और पीएम मोदी इस पर पूरी तरह खरे उतरते दिखाई दे रहे हैं। इसलिए भाजपा ने 2024 के चुनाव के लिए अपना जो गीत जारी किया है, उसकी शुरुआत भी राम मंदिर और धारा 370 जैसे मुद्दों से ही हुई है। आखिर क्या है मोदी के अपराजेय होने का कारण और 2024 के लिए उनके पास क्या हैं हथियार, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

2024 की चुनावी तैयारियों में जुटी राजनीतिक पार्टियों में इस बात की होड़ मची हुई हुई है कि कौन किसे कब पीछे छोड़ता है। इस होड़ में भाजपा भी है, जो लगातार तीसरी बार सत्ता हासिल करने की दिशा में मजबूती से आगे बढ़ रही है। इस क्रम में उसने चुनाव प्रचार के लिए एक गाना जारी किया है, जिसके शुरुआती बोल हैं, 'राम मंदिर बनाया कौन, 370 हटाया कौन'। 'फिर आयेगा मोदी' शीर्षक का यह गाना 10 मिनट का है, जिसके बोल मोदी सरकार के कार्यों, अंतरिक्ष और वैज्ञानिक क्षेत्र में भारत की प्रगति पर केंद्रित हैं। गाने के जरिये विपक्षी नेताओं पर कटाक्ष भी किया गया है। 22 जनवरी को अयोध्या राम मंदिर के उद्घाटन समारोह से पहले भाजपा ने यह गाना जारी कर साफ कर दिया है कि इस बार का चुनाव मंदिर और धारा 370 जैसे मुद्दों पर ही लड़ा जायेगा। अन्य मुद्दे भी रहेंगे, लेकिन ध्यान इन दो मुद्दों पर ही होगा। गाने का बैकग्राउंड मंदिर के साथ शुरू होता है और मोदी को इसके शिलान्यास कार्यक्रम में भाग लेते हुए दिखाता है।

वास्तव में यह गाना इस बात का प्रमाण है कि आज देश ही नहीं, भारतीय उपमहाद्वीप में नरेंद्र मोदी सबसे लोकप्रिय और प्रभावशाली नेता हैं। भाजपा को लगातार तीसरी बार सत्ता में लाने की ताकत यदि किसी एक व्यक्ति में है, तो वह मोदी ही हैं। भाजपा का यह प्रचार गीत यह संदेश भी देता है कि यदि किसी को संदेह था कि प्रधानमंत्री मोदी 21वीं सदी के सबसे लोकप्रिय भारतीय राजनेता हैं, तो कम से कम 2023 ने इस संदेह को हमेशा के लिए खत्म कर दिया है। छत्तीसगढ़, राजस्थान और मध्य प्रदेश के हाल में संपन्न विधानसभा चुनावों से स्पष्ट हो गया है हिंदी पट्टी में मोदी को कोई नहीं हरा सकता है। अब इस बात पर बहस करना गैर-जरूरी है कि हिंदी पट्टी में लोकसभा की कितना सीटें हैं और भाजपा को बिहार या पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में खतरा हो सकता है, यह बात लगभग तय मानी जा सकती है कि 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद भी नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने रहेंगे।



यहां यह कहना भी अतिशयोक्ति नहीं होगी कि जो लोग मानते थे कि तीसरे कार्यकाल के दौरान मोदी अपनी शैली बदल देंगे और भारत पर मजबूत पकड़ बनाये रखने की बजाय इतिहास में अपनी जगह के बारे में अधिक चिंतित रहेंगे, वे गलत हो सकते हैं। विधानसभा चुनाव परिणामों के बाद के घटनाक्रमों और राम मंदिर के उद्घाटन जैसे संवेदनशील मुद्दों पर पीएम मोदी और भाजपा का जो रवैया होनेवाला है, उससे साफ हो जाता है कि मोदी पहले से ही इतिहास में अपनी जगह को लेकर आश्वस्त हैं। वह उस स्थिति में पहुंच गये हैं, जहां इतिहास कहीं पीछे छूटता जाता है। किसी भी राजनेता के लिए इसी स्थिति को आदर्श माना गया है।

दरअसल 2024 के चुनाव में तमाम मुद्दों के साथ एक प्रमुख मुद्दा खुद मोदी ही रहेंगे। पिछले दो आम चुनावों और इस बीच के तमाम चुनावों में प्रचार की कमान संभाल चुके मोदी इस बार भी मतदाताओं से वैसा ही संवाद करनेवाले हैं, जिसके लिए वह जाने जाते हैं। उन्हें और बाकी सियासी ताकतों को भी यह बात पता है कि मोदी की वैश्विक लोकप्रियता का बड़ा कारण संवाद करने का उनका यही विशिष्ट तरीका है, जिसकी मदद से वह हर भाषण के बाद अधिक लोकप्रिय होते नजर आते हैं।

### अपनी कमजोरी को भी ताकत बना लेते हैं मोदी

सियासत में ऐसे कम ही लोग हुए हैं, जो अपनी कमजोरी को भी अपनी ताकत बना लेते हैं। पीएम मोदी ऐसे ही लोगों में शुमार हैं। उन्हें इस बात का आभास है कि दक्षिण भारत में भाजपा का जनाधार उत्तर की अपेक्षा कमजोर है। वह यह भी जानते हैं कि बिहार और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में भाजपा की राह मुश्किल है, लेकिन इससे वह तनिक भी विचलित नहीं हैं। इन राज्यों में मोदी दोगुने उत्साह से संवाद करते नजर आते हैं, जिसकी कमी विपक्षी गठबंधन में साफ नजर आती है। इसके साथ ही अब यह भी साफ हो गया है कि कांग्रेस चाहे कुछ भी कर ले, उसे नहीं पता कि मोदी का विरोध कैसे किया जाये। मोदी की ईमानदारी पर हमला करने, गरीबों पर ध्यान केंद्रित करने वाली एक हिंदू विरोधी पार्टी के रूप में अपने व्यंग्य से लड़ने की कोशिश करने से लेकर भाजपा पर भारत को विभाजित करने का आरोप लगाने तक उसने कई तरह के हथकंडे अपनाये हैं, लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर कुछ भी काम नहीं आया है।

इसलिए कहा जा सकता है कि अगले साल बहुत कुछ नहीं बदलेगा। भाजपा शासन करती रहेगी और पीएम मोदी पहले से भी अधिक मजबूत होकर सामने आयेंगे। दूसरे शब्दों में कहा जा सकता है कि फिलहाल तो मोदी को केवल एक ही ताकत हरा सकती है और उसका नाम 'मोदी' है। और यह तभी संभव है, जब मोदी गलतियां करें या उनकी लोकप्रियता अचानक कम हो जाये, क्योंकि आपस में झगड़ने वाले विपक्षी गठबंधन के नेता दिखावे से ज्यादा कुछ नहीं कर रहे हैं।

---

**राजनीतिक हलचल**

# बीजेपी संग जाने न जाने का फैसला नीतीश कुमार का होगा : देवेश ठाकुर

**नीतीश लौटे पटना, लोकसभा चुनाव पर राज्य इकाइयों से मंथन, सीतामढ़ी से देवेश चंद्र ठाकुर उम्मीदवार घोषित**

आजाद सिपाही संवाददाता

**दिल्ली।** जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनते ही नीतीश कुमार एक्शन में आ गये हैं। दिल्ली में शनिवार को उन्होंने अलग-अलग राज्यों के पार्टी नेताओं के साथ बैठक की है। नीतीश ने सबसे पहले छत्तीसगढ़, मणिपुर और हरियाणा के नेताओं से मुलाकात की। बैठक खत्म करने के बाद नीतीश कुमार शाम 6 बजे पटना पहुंचे। राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद नीतीश कुमार पहली बार पटना पहुंचे। एयरपोर्ट के बाहर पार्टी के सैकड़ों नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। इस दौरान सीएम के समर्थन में नारे भी लगाये। सीएम नीतीश कुमार के साथ ललन सिंह भी मौजूद थे।



21 जनवरी को झारखंड के रामगढ़ में तो 17 फरवरी को हरियाणा के रोहतक में नीतीश कुमार रैली करेंगे। उत्तरप्रदेश के प्रदेश संयोजक ने बताया कि नीतीश कुमार से सकारात्मक बातचीत हुई है। सभी मुद्दों पर बातचीत हुई। जनवरी के आखिर में उत्तरप्रदेश में नीतीश कुमार की रैली होगी।

सीतामढ़ी सीट से उम्मीदवार घोषित होने पर बिहार विधान परिषद के सभापति देवेश चंद्र ठाकुर ने कहा कि ये उनका सौभाग्य है। वह 20 साल से चुनाव की तैयारी कर रहे थे। वहीं टिकट पर लालू प्रसाद की सहमति के सवाल पर उन्होंने कहा कि उनके नेता केवल नीतीश कुमार हैं। सीतामढ़ी पहले भी जेडीयू की सीट रही है।

साथ ही नीतीश कुमार के बीजेपी के साथ जाने की चर्चा को लेकर जब सवाल पूछा गया तो देवेश चंद्र ठाकुर ने कहा कि बीजेपी के साथ जाने का फैसला सिर्फ नीतीश कुमार का होगा। नीतीश कुमार जहां जायेंगे, उनके साथ वहां वो जाने के लिए तैयार हैं। मैं नीतीश कुमार का पुराना सिपाही हूं।

### देशभर में चुनाव लड़ने की तैयारी

नीतीश जदयू सांसदों के साथ भी मंथन कर रहे हैं। जदयू अब पूरे देशभर में चुनाव लड़ने की तैयारी में है। नीतीश ने ये बैठक दिल्ली के कामराज रोड स्थित अपने आवास पर बुलायी है। पार्टी सूत्रों की मानें तो इस बैठक में नीतीश कुमार लोकसभा चुनाव की रणनीति पर चर्चा कर रहे हैं। राज्य इकाइयों से उनके यहां की स्थिति जान रहे हैं। पार्टी के कार्यकर्ताओं और सांसदों के साथ बैठक के बाद ही नीतीश कुमार सीट शेयरिंग में अपनी बात रखेंगे।

### अन्य राज्यों को लेकर भी मंथन

कार्यकारिणी की बैठक में नीतीश कुमार ने अपने कार्यकर्ताओं से कहा था कि बिहार में जदयू का गठबंधन राजद के साथ है और यहां का चुनाव भी राजद के साथ मिल कर लड़ा जायेगा। बिहार के अलावा कहां-कहां चुनाव लड़ा जा सकता है, इस पर मंथन वह राज्य इकाइयों के साथ बैठक के बाद करेंगे।

### सीट बंटवारे से पहले ही सीतामढ़ी से देवेश चंद्र ठाकुर के नाम की घोषणा की

सीट शेयरिंग का फॉर्मूला या सहमति की प्रक्रिया पूरी होने से पहले नीतीश कुमार ने अपने कैंडिडेट के नाम की घोषणा शुरू कर दी है। जेडीयू की कार्यकारिणी की बैठक में नीतीश कुमार ने विधान परिषद के सभापति देवेश चंद्र ठाकुर को सीतामढ़ी से कैंडिडेट बनाने की घोषणा की। इस तरीके से देवेश चंद्र ठाकुर महागठबंधन के पहले कैंडिडेट होंगे, जिनके नाम की घोषणा कर दी गयी है। फिलहाल सीतामढ़ी से जेडीयू के ही सांसद सुनील कुमार पिंटू हैं। वे लगातार सीएम नीतीश कुमार और जदयू के खिलाफ बयान दे रहे थे।

### जातीय गणना पर देश भर में जन जागरण अभियान चलायेंगे नीतीश कुमार

इसके साथ ही नीतीश कुमार अपने जातीय गणना के एजेंडे को लोकसभा चुनाव में देश भर का एजेंडा बनाना चाहते हैं। इसके लिए वह देश के अलग-अलग राज्यों में जन जागरण अभियान चलायेंगे। इसकी शुरुआत जनवरी से झारखंड से करेंगे। इसके अलावा वह एमपी, यूपी और उन हिस्सों में भी जायेंगे, जहां कभी उनका संगठन मजबूत रहा है। हालांकि अभी इसका पूरा शेड्यूल जारी नहीं किया गया है। नीतीश कुमार ने इस बात पर अपनी नाराजगी भी जाहिर की है कि जातीय गणना के उनके एजेंडे को इंडिया गठबंधन में कांग्रेस तवज्जो नहीं दे रही है।

---

# भगवान राम को अपना उम्मीदवार बना देगी भाजपा : संजय राउत

**बोले-मंदिर उद्घाटन में पॉलिटिक्स, खूब रैलियां और प्रचार हो रहा, इसमें पवित्रता नहीं**

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को अयोध्या दौरे पर थे। 22 जनवरी को भगवान श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पहले उनका यह पहला दौरा है। इस दौरान उन्होंने अयोध्या में एयरपोर्ट और स्टेशन समेत 15 हजार करोड़ की योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री के इस कार्यक्रम को लेकर शिवसेना उद्धव गुट के सांसद और प्रवक्ता संजय राउत ने शनिवार को कहा- भाजपा राम मंदिर उद्घाटन कार्यक्रम का राजनीतिकरण कर रही है। 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में ऐसा न हो कि भाजपा अगले चुनाव के लिए भगवान राम को अपना उम्मीदवार घोषित कर दे।



राउत ने प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में जाने के सवाल पर कहा- मुझे कोई निमंत्रण नहीं मिला है। मुझे वहां जाने के लिए किसी निमंत्रण की जरूरत नहीं है। राम लला किसी पार्टी की संपत्ति नहीं, वह सबके हैं। मैं इतना चाहता हूं कि कार्यक्रम का राजनीतिकरण न हो। मंदिर निर्माण का फैसला सुप्रीम कोर्ट का है, किसी सरकार का नहीं।

शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे राम मंदिर उद्घाटन कार्यक्रम में जरूर जायेंगे, लेकिन भाजपा का कार्यक्रम खत्म होने के बाद। किसी को भाजपा के कार्यक्रम में क्यों जाना चाहिए? यह कोई राष्ट्रीय कार्यक्रम नहीं है। श्री राम जन्मभूमि आंदोलन के साथ शिवसेना के मजबूत संबंध राउत ने कहा है कि श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन के साथ शिवसेना के मजबूत संबंध हैं। शिवसेना कार्यकर्ताओं ने इस मंदिर के लिए अपना खून बहाया है। हजारों सैनिक कार सेवा का हिस्सा थे। बाला साहेब ठाकरे ने कार्यकर्ताओं के साथ अयोध्या का दौरा किया था।

भाजपा जब कोई अभियान शुरू करती है, तो वह अपनी पूरी मशीनरी और पार्टी कार्यकर्ताओं को तैनात करती है। गलती की कोई गुंजाइश नहीं छोड़ती है। भाजपा देश भर में इसी पैटर्न का पालन करती है। समारोह के लिए खूब रैलियां और प्रचार कर रही है। इसमें पवित्रता कहां है। भाजपा चाहती है कि देश बेरोजगारी, महंगाई और मणिपुर से संबंधित मुद्दों को भूल जाये।

### कांग्रेस पार्टी जीरो है, मैंने ऐसा नहीं कहा

लोकसभा चुनाव को लेकर महाराष्ट्र में सीट शेयरिंग को लेकर चल रही खींचतान पर भी संजय राउत ने अपनी राय दी है। उन्होंने कहा कि मैंने यह नहीं कहा कि कांग्रेस जीरो पार्टी है। मैंने कहा था कांग्रेस को महाराष्ट्र में जीरो से शुरुआत करनी होगी। उनका एक भी सांसद यहां नहीं है। हमारे पास 18 थे, लेकिन कुछ छोड़ गये। अब छह सांसद हैं।

### कर्नाटक सीएम बोले- मुझे नहीं मिला अयोध्या आने का निमंत्रण

कर्नाटक सीएम सिद्धारमैया ने शनिवार को कहा कि उन्हें 22 जनवरी को अयोध्या में होने जा रहे श्रीराम मंदिर उद्घाटन कार्यक्रम में आने का निमंत्रण नहीं मिला है। यदि मिलता है तो वह अयोध्या जाने पर विचार करेंगे।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 31 दिसंबर, 2023
www.azadsipahi.in



## केरेडारी में एनटीपीसी ने बांटे कंबल



केरेडारी (आजाद सिपाही) एनटीपीसी की चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना के द्वारा शनिवार को बिरहोर टोला, चट्टी बरियातु मे कंबल वितरण का आयोजन किया गया। एनटीपीसी चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना ने कुल 50 कंबल बिरहोर जनजाति के लोगो को उपलब्ध कराया है। इस मुहीम के अंतर्गत बिरहोर कम्युनिटी के लोगों को उनकी ठंड से सुरक्षा के लिए कंबल वितरण किया गया। बिरहोर जनजाति, विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह का हिंसा है। इस मौके पर मुखिया झरि लाल महतो और बिरहोर स्कूल की प्रिंसिपल गोदावरी देवी भी मौजद थे। यह कंबल वितरण का कार्य चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना द्वारा अपने निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत आयोजित किया गया था। यह कंबल वितरण का कार्यक्रम चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना द्वारा खनन प्रभावित लोगो के सुरक्षित सेहत के लिए समय-समय पर आयोजित की जाती है। इस मौके पर परियोजना के नीलमाधव स्वाइन, यतीश कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

### सदर विधायक ने पेश किया रिपोर्ट कार्ड, सेवा पुस्तिका-2023 का हुआ लोकार्पण

# विकास और भ्रष्टाचार को लेकर सड़क से सदन तक दिखे बेहद सक्रिय

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हजारीबाग।** सदर विधायक मनीष जायसवाल ने शनिवार को हजारीबाग शहर के हुडहुडू स्थित निमंत्रण पैलेस सभागार में प्रति वर्ष की भांति अपने बतौर विधायक कार्यकाल की 9 वर्ष पूरे होने और दूसरे कार्यकाल के सफलतम 4 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में सेवा वर्ष-2023 का लेखा-जोखा जनता के समक्ष रखा। विधायक मनीष जायसवाल ने प्रेस- वार्ता का आयोजन कर और सेवा पुस्तिका -2023 का लोकार्पण कर इसकी पूरी जानकारी जनता तक पहुंचाने की सकारात्मक पहल की। विधायक मनीष जायसवाल ने सेवा वर्ष- 2023 में किये गये कार्यों का विस्तारपूर्वक ब्यौरा प्रस्तुत किया। हजारीबाग विधायक मनीष जायसवाल ने साल 2023 की शुरूआत विधानसभा वासियों संग भाजपा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी सहित अन्य कई गणमान्य नेताओं की उपस्थिति में साल 2022 का ई-रिपोर्ट कार्ड का विमोचन कर और जनसमागम कर किया। इसके बाद उन्होंने अपने स्तर से जनकल्याणार्थ कई योजनाओं की शुरूआत की जिससे क्षेत्र के हजारों जरूरतमंदों को फायदा हुआ। जरूरतमंद परिवारों के लिए परिवार के किसी सदस्य की आकास्मिक निधन पर उनके सहयोग हेतु नमो श्राद्ध किट




### क्षेत्र में किया खेल जागरण और खिलाड़ियों का सम्मान

नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन वर्षों से विधायक मनीष जायसवाल द्वारा किया जाता रहा है लेकिन वर्तमान वर्ष नमो खेल श्रृंखला समिति का गठन कर खेल श्रृंखला की शुरूआत की है। जिसके तहत नमो चेस क्लब की शुरूआत, नमो कैरम प्रतियोगिता, नमो कबड्डी प्रतियोगिता, नमो बॉक्सिंग प्रतियोगिता और नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का व्यापक रूप से आयोजन किया गया।

### 25 निर्धन परिवार की बेटियों का बसाया घर

हजारीबाग ही नहीं समस्त झारखंड प्रदेश में शायद यह पहली बार ही हुआ की किसी एक विधायक या जनप्रतिनिधि द्वारा वृहत स्तर पर भव्य सामूहिक विवाह का आयोजन कराया गया। विधायक मनीष जायसवाल ने अपने दोनों जुड़वा भाइयों के 25 वें शादी सालगिरह की खुशी में समाज के 25 निर्धन परिवार की बेटियों का हाथ पीला कराया और उनके घर बसाने से लेकर घर चलाने तक का इंतजाम किया। 25 जोड़ों का सामूहिक विवाह धूमधाम से शाही तरीके से कराया और उनके घर बसाने के कई उपहार के साथ घर चलाने हेतु दूल्हों को टोटो भी भेंट किया। जनहित की समस्याओं के साथ भ्रष्टाचार के मुद्दे को लेकर विधायक मनीष जायसवाल सड़क से लेकर सदन तक मुखर और सक्रिय रहते हैं।

वितरण की शुरूआत की। जिस योजना के तहत ऐसे परिवार जो अत्यंत गरीब हैं।

उन्हें कच्चा चावल, दाल, तेल, मसाला सहित अन्य सामग्री का एक किट भेंटकर उनके शोक संतप्त परिवार के साथ एक भाई के रूप में खड़े होने की कोशिश की। हजारीबाग जिले के विभिन्न क्षेत्रों की गरीब और जरूरतमंद परिवारों की बहन- बेटियों को उनके शादी जैसे स्मरणीय अवसरों में उनके अरमानों की पूर्ति के लिए आकर्षक लहंगा भेंट करने की पुरानी योजना को यथावत सुचारू रखते हुए करीब 3 हजार से अधिक आकर्षक लहंगा भेंट कर उनके सुखमय वैवाहिक जीवन की कामना की।

लोकआस्था और सूयोर्पासना के महापर्व छठ के अवसर पर पूर्व वर्ष की भांति वर्तमान वर्ष भी 10 हजार छठ महाव्रतियों के बीच पूजन साड़ी का वितरण किया। टीबी मुक्त हजारीबाग अभियान के तहत क्षेत्र के सैंकड़ों टीबी मरीजों के बीच पौष्टिक युक्त खाद्यान्न सामग्री भेंटकर उन्हें विशेष सहयोग किया।

हजारीबाग और आसपास के जरूरतमंद परिवार के शव परिवहन में कठिनाई को देखते हुए अपने विधायक निधि से एक विशेष शव वाहन मुक्तिधाम सेवा संस्थान को सुपूर्द किया। जिससे अबतक हजारों शवों को श्मशान तक ससम्मान पहुंचाने का कार्य किया जा चुका है।

मौके पर विशेषरूप से भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हरीश श्रीवास्तव, कैलाशपति ओझा, सुदेश चंद्रवंशी, अनिल मिश्रा, भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव, भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक यादव, जिला महामंत्री विवेकानंद सिंह, सुनील साहू, कोषाध्यक्ष विनोद भगत, मीडिया प्रभारी जयनारायण मेहता, सदर मंडल अध्यक्ष रामचंद्र कुशवाहा, रणधीर पांडेय, कटकमसांडी मंडल अध्यक्ष रीतलाल यादव, दारु मंडल अध्यक्ष बसंत नारायण, विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह राठौड़, विशाल वाल्मिकी, आशीष सोनी, विजय कुमार, किशोरी राणा, बालदेव बाबू, इंद्रनारायण कुशवाहा, मत्स्य, शिवपाल यादव, महिला विधायक प्रतिनिधि ज्योत्सना देवी, करण जायसवाल, सदर विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें।

## हुरहूरू में बालवाड़ी केंद्र का उद्घाटन



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** सुमित्रा स्मारक सेवा संस्था के द्वारा हजारीबाग जिला के हुरहुरु में बालवाड़ी केंद्र का उद्घाटन संचालिका रीना देवी ने फीता काटकर किया। जिसमें 2 वर्ष से 6 वर्ष के बच्चों को नि:शुल्क प्रारंभिक शिक्षा प्रदान कि जायेगी और बच्चों को नि:शुल्क पठन-पाठन हेतु बुक, कॉपी, पेंसिल, स्लेट, चौक, स्कूल ड्रेस, बैग, खाना आदि। सुमित्रा स्मारक सेवा संस्था की ओर से बच्चों को नि:शुल्क प्रदान की जायेगी। संचालिका रीना चौधरी ने बताया कि संस्था का मुख्य उद्देश्य बच्चों में शिक्षा का अलख जगाना है। साथ ही शिक्षा के प्रति लोगों को प्रेरित कर स्कूल से वंचित बच्चों के लिए नि:शुल्क शिक्षा की व्यवस्था करना है। एक बालवाड़ी केंद्र में 10 से 15 बच्चे होंगे जिन्हें किताब, कापी, पेंसिल सहित अन्य जरूरत के सामग्री भी बच्चों को नि:शुल्क उपलब्ध कराया जायेगा। वर्तमान में कुल 26 केंद्र की शुरूआत की गयी है। जल्द ही पूरे झारखंड राज्य में इसका विस्तार किया जायेगा। मौके पर मुख्य रूप से बालवाड़ी संचालिका रीना चौधरी, डीडीओ गुड़िया मेहता, सीडीओ सोनिका देवी, सुनीता देवी, शिवानी कुमारी, वीना देवी, मुखिया सुबोध पासवान, विजय शंकर, दिलीप पासवान, शिक्षिका तनु कुमारी, पार्वती देवी, आरती देवी, पूनम देवी, हलीमा प्रवीण, मंजू देवी, इस्मिता देवी, अल्पना देवी, उमाशंकर पासवान समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

## जाहेर संस्था ने किया कृषि मेला का आयोजन



**चरही (आजाद सिपाही)।** जाहेर संस्था के माध्यम से बागजोबरा में चुरचू, मांडू, दारू और टाटीझरिया के आदिवासी किसानों के बीच मे कृषि मेला का आयोजन किया गया। ग्रामीण किसानों ने रबी फसलों का स्टॉल लगाया। इस मौके पर मुख्य अतिथि पूर्व जिला परिषद सदस्य अग्नेशिया सांडी पूर्ति व विशिस्ट अतिथि चुरचू मुखिया पूनम बेसरा, कीमो मुखिया लालमुनी मुर्मू और कृषि सलाहकार बिशुन मुर्मू थे कृषि मेला के माध्यम से किसानों को बेहतर और उन्नत खेती के लिए प्रोत्साहित किया गया। बेहतर प्रदर्शन करने वाले किसानों को पुरस्कार देकर उनका मनोबल बढ़ाया गया। कार्यक्रम में चार प्रखण्ड के चार सौ पचास किसानों ने भाग लिया। मौके पर पूर्व जिला परिषद सदस्य अग्नेशिया सांडी पूर्ति ने कहा कि तकनीकी खेती व समयानुसार खेती की जाये तो किसान खेती से आत्मनिर्भर बन सकते है उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से किसानों को खेती करने के लिए प्रोत्साहन मिलेगी। इस अवसर पर जाहेर सस्था के डाइरेक्टर लाजरुष सोरेन, पूर्व उपमुखिया सहदेव किस्कू, लालजी किस्कू, सोहन हंसदा, राकेश सोरेन सहित अन्य मौजूद थे।

## झरपो में वनभोज सह कार्यकर्ता मिलन समारोह



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के झरपो स्थित कारीचट्टान धाम झरपो में वनभोज सह कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में मुख्य रूप से बरकट्ठा विधानसभा के विधायक अमित कुमार यादव शामिल हुए। समारोह की अध्यक्षता बसंत सिंह, व संचालन झरपो के विधायक प्रतिनिधि उमेश प्रसाद ने किया। इस समारोह में झरपो, अमनारी, खैरा, भराजो, लोधी, नारायणपूर, बेडमक्का, दारू प्रखंड से पुनाय, बसरिया, जरगा, टटगांवा कविलासी सहित अन्य जगहों से अमित यादव के कार्यकर्ता उपस्थित हुए। मौके पर विधायक अमित यादव ने अपने कार्यकर्ताओं से कहा कि आप है तो हम है हमारे कार्यकर्ता ही हमारी रीढ है। इस क्षेत्र की जो भी समस्या हो उसे आपलोग हमारे पास लेकर आइये हमारी कोशिश रहेगी की आपकी उस समस्या को खत्म कर सके। विधायक ने 2024 के चुनाव की तैयारी को लेकर भी कार्यकर्ताओं के साथ बात की। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि महेश अग्रवाल,रामप्रसाद कुशवाहा, विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र पांडेय, दशरथ नारायण सिंह, प्रबील प्रसाद, उपप्रमुख रवि वर्नवाल, अजय कुमार, रवि कुमार वर्णवाल, कौलेश्वर मिश्रा, सुरेंद्र राणा, संतोष कुमार, सुरेश प्रसाद, ज्योतिष पंडा, सुनील प्रसाद, दिलीप शर्मा, निर्मल प्रसाद, बद्री प्रसाद, राजकुमार सिंह, छोटन कुमार, दयाल प्रसाद, मिथलेश प्रसाद, बद्री भुइयां, मुकेश प्रसाद, मनीष यादव, किशोरी ठाकुर, जीतन प्रसाद, सौरभ सिंह, मिनांचल कुमार, प्रभु प्रसाद, सोबरन महतो, अनिल वर्णवाल, धर्मेंद्र सिंह, संतन सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## छत पर से गिरा बच्चा, गंभीर रूप से घायल

**सतगावां (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत पंचमौग में छत से अचानक नीचे गिर जाने से बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान छोटू कुमार (उम्र 8 वर्ष, पिता उदय कुमार ग्राम पंचमौग) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार बच्चा सुबह अपने छत पर खेलने के दौरान अचानक नीचे गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। सतगावां स्वास्थ्य केंद्र में इलाज करके कोडरमा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## आपसी मारपीट में महिला घायल

**सतगावां (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के अम्बाबाद में मामूली विवाद को लेकर हुई मारपीट में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी। घायल महिला की पहचान सरिता देवी (उम्र 35 वर्ष, ग्राम अंबाबाद निवासी) के रूप में हुई है। घायल अवस्था में महिला थाना पहुंची जहां स्थानीय थाना के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार कराया गया। महिला ने बताया कि गांव के ही रिश्ते में चचेरा ससुर ने मामूली विवाद को लेकर हमला कर दिया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गयी।

## नये साल के आगमन को लेकर लोगों में उत्साह

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा नगर पंचायत में नये साल के आगमन को लेकर लोगों में उत्साह है। लोग नये साल के स्वागत में पूरे जोर-शोर से लगे हैं। नगर पंचायत विभिन्न गांव के अपने अपने घरो से पिकनिक मनाने के लिए डुमरिया, ध्वजाधारी, फुलवरिया, इत्यादि जगहों पर पिकनीक मनाते देखे फुलवारिया, डुमरिया नए साल के आगमन में हजारों हजारों की संख्या में लोग पिकनिक मनाते हैं। मौसम के रुख बदलने के कारण कुछ के चेहरे पर से खुशी ही गायब हो गया। लोगो ने 1 जनवरी को एक त्योहार का रूप दे दिया है जबकि वास्तविकता यह है कि 1जनवरी सिर्फ कलेण्डर में साल परिवर्तन होता है लेकिन यहां लोगो ने इसे एक त्योहार ही बना डाला है। नगर पंचायत में 1 जनवरी के दिन अन्य त्योहार की तरह मीट, मुर्गा, मछली खूब बिकता है।

## महुआ शराब के ठिकानों पर छापेमारी



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** एसपी कोडरमा अनुदीप सिंह के निर्देश पर शनिवार की सुबह 8 बजे के करीब नवलशाही थाना पुलिस ने अभियान चलाकर डगरनवां पंचायत के परसाबाद गांव स्थित जंगल में अवैध रूप से संचालित महुआ शराब की भट्ठी पर छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने परसाबाद जंगल में अवैध रूप से संचालित महुआ शराब के ठिकानों पर छापेमारी कर एक भट्ठी को ध्वस्त कर दिया। साथ ही पुलिस ने शराब बनाने के कई उपकरण को भी नष्ट किया। पुलिस ने मौके से लगभग दो क्विंटल महुआ जावा को भी नष्ट कर दिया साथ ही कई लीटर महुआ शराब को नष्ट किया। छापेमारी दल में थाना प्रभारी सोनी प्रताप, हवलदार बनारस सिंह, चौकीदार मनोज पासवान, बीरेंद्र सिंह, संदीप दास के अलावे पुलिस बल के जवान शामिल थे।

## अवैध बोल्डर लदा हाइवा जब्त



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** नवलशाही थाना प्रभारी सोनी प्रताप ने क्षेत्र के कोडरमा-गिरिडीह मुख्य मार्ग स्थित थाना भवन के समीप शनिवार तड़के सुबह करीब 4 :30 बजे वाहन चेकिंग अभियान चलाकर बिना चालान के बोल्डर लदा एक बगैर नंबर के एक हाइवा को जब्त किया है। जानकारी अनुसार उक्त हाईवा सीमावर्ती गिरिडीह जिला के पत्थर खदान से बोल्डर लोड कर नवलशाही की ओर जा रहा था। इसी क्रम में थाना भवन के समीप पहले से मौजूद थाना प्रभारी ने उक्त हाइवा को रुकवाकर चालक से बोल्डर से संबंधित चालान की मांग की। चालक द्वारा कोई कागजात प्रस्तुत नहीं करने पर हाइवा को जब्त कर थाना परिसर में अग्रेषित कार्रवाई के लिए सुरक्षित रखा गया है।

# सरना धर्म कोड की मांग को लेकर सड़क जाम

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**विष्णुगढ़।** यहां के सातमील चौक में सेंगेल अभियान जिलाध्यक्ष बहाराम हसदा के नेतृत्व सड़क जाम किया गया। सेंगेल अभियान रास्ट्रीय अध्यक्ष सह पूर्व सांसद सालखान मुर्मू के द्वारा पूर्व घोषित रेल रोड चक्का जाम भारत बंद का आह्वान किया गया था जो बिभिन्न संगठनों का सांकेतिक भारत बंद का समर्थन मिला। रोड जाम होने से यात्री वाहनों की आवागमन प्रभावित हुई। लोग झंडा बैनर तख्ती डुगडुगी बजाते हुवे सरना धर्म कोड को अबिलंब लागु करो, जो सरना धर्म कोड देगा आदिवासी उसी को वोट देगा, सेंगेल अभियान जिंदाबाद राष्ट्रीय अध्यक्ष सालखान मुर्मू जिंदाबाद का नारा लगा रहे थे। जिलाध्यक्ष बहराम हांसदा ने बताया। देश आजाद होने से पहले आदिवासी की अलग धार्मिक पहचान थी जब देश आजाद हुआ और



1951मे पहली बार जनगणना हुआ तो आदिवासी की धार्मिक पहचान को षड्यंत्र के तहत हटा दिया गया जो आदिवासियों के साथ अन्याय हुआ। 201की जनगणना मे सरना धर्म कोड आदिवासियों ने 50लाख लिखाया है। जबकी जैन धर्म मानने वाले मात्र 44लाख है, जिसको धर्म कोड मिला हुआ है ये आदिवासियों के साथ अन्याय ही नहीं बेईमानी है। इसे अबिलम्ब सरना धर्म की घोषणा केंद्र सरकार को करना चाहिए साथ ही बाबा बिरसा मुंडा की जन्मदिन पर झारखंड अलग राज्य की स्थापना आदिवासियों के लिए हुआ आज आदिवासी शोषित पीड़ित है। मौके पर जिलाध्यक्ष बहराम हांसदा, सेंगेल माझी, परगना लालजी सोरेन, सेंगेल सरना धर्म माड़वा अध्यक्ष बहराम मरांडी, प्रखंड अध्यक्ष सोहन हांसदा, बेरमो प्रखंड सेंगेल परगना महा किस्कू, इचाक सेंगेल अध्यक्ष जगदीश हांसदा, देविराम हेम्ब्रम, सोमर हेम्ब्रम, मोतीलाल हांसदा, लालजी मुर्मू, श्यामलाल हेम्ब्रम, पूर्व मुखिया सीबू सोरेन, हेमती हांसदा, पार्वती किस्कू, सेराली किस्कू, आंसू किस्कू, गीता किस्कू, आदि उपस्थित थे।

## चार पुलिसकर्मी निलंबित, पशु लदा वाहन जब्त

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा एसपी अनुदीप सिंह ने संदिग्ध आचरण को लेकर पुलिस पदाधिकारी व पुलिस कर्मियों समेत 4 को निलंबित कर दिया है। जानकारी अनुसार जिले के तिलैया थाना क्षेत्र अन्तर्ग बायपास रोड में बकरा लोड एक पिकअप वाहन औरंगाबाद से तिलैया की ओर आ रही थी। उसे एक पुलिस कर्मी रोककर बात कर रहा था। तभी पुलिस कर्मी एसपी के वाहन देख सहम गये और पशु लोड वाहन वहां से आगे बढ़ गया। जिसके बाद उक्त वाहन को जब्त कर थाना लाया गया। उक्त मामले में वाहन मालिक राजेश यादव, व्यापारी गोपाल यादव और खलासी हिरामन के विरुद्ध मामला दर्ज करते हुए अग्रसर कार्यवाही की जा रही है। ज्ञात हो कि पिकअप वाहन में 70 बकरे लदे थे। वहीं एसपी सिंह के द्वारा संदिग्ध आचरण के मद्देनजर पीसीआर हाइवा वैन में ड्यूटी कर रहे एएसआई रवि लाल, हवलदार लाला राम, पुलिस जवान अजय सिंह और गौतम कुमार सिंह को निलंबित करते हुये अग्रसर कार्यवाही को लेकर एसडीपीओ प्रवीण पुष्कर को निर्देश दिया है।

# एनटीपीसी से विस्थापित और प्रभावित 7 गांवों में अब नहीं होगा सरकारी विकास कार्य

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**केरेडारी।** एनटीपीसी की केरेडारी व चट्टी बरियातू कोयला खनन परियोजना के अंतर्गत विस्थापित व प्रभावित क्षेत्र प्रखंड के पांडु पंचायत के पांडु, काबेद, बाले देवरी, तरहेसा, बेंगवरि पंचायत के बसरिया व लचर और चट्टी बरियातू पंचायत के पगार गांव में अब केंद्र व राज्य सरकार के द्वारा चलाई जा रही किसी भी योजना के तहत कोई भी निर्माण कार्य नहीं होगा। एनटीपीसी के महाप्रबंधक व परियोजना प्रमुख फैज तैयब ने इस से संबंधित पत्र हजारीबाग जिला के उप विकास आयुक्त को लिखा है। इस पत्र में साफ कहा गया है की एनटीपीसी की केरेडारी व चट्टी बरियातू कोयला खनन परियोजना से विस्थापित व प्रभावित सात गांवों में मनरेगा या आवास तथा 15 वें वित्त आयोग सहित किसी भी योजना से कोई भी निर्माण व विकास कार्य नहीं किया जा सकेगा। व सरकारी योजनाओं को शुरू करने से पूर्व एनटीपीसी केरेडारी कोयला खनन परियोजना की अनापत्ति प्रमाण पत्र ली जाये ताकि भविष्य में खनन कार्य के दौरान किसी भी प्रकार के विवादसे बचा जा सके। पत्र की प्रतिलिपि हजारीबाग के उपायुक्त, केरेडारी सीओ व केरेडारी बीडीओ को भी दी गयी है।

# पूजित अक्षत कलश का श्रद्धालुओं के बीच हुआ वितरण

### राम का नाम देश के उद्धार का मंत्र है: सुरेंद्र मोदी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जयनगर।** प्रखंड के दुर्गा मंदिर परिसर में विहिप व बजरंगदल द्वारा अयोध्या से पूजित अक्षत कलश का श्रद्धालुओं के बीच वितरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विहिप प्रखंड अध्यक्ष विनोद कुमार बर्णवाल व संचालन प्रखंड मंत्री सदानंद सिंह, उपाध्यक्ष सतीश पांडेय ने किया। जबकि उद्घाटन भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष सुरेंद्र भाई मोदी ने दीप प्रज्जवलित कर किया। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिप सदस्य पवन सिंह, विशिष्ट अतिथि विहिप के जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद मोदी, सम्मानित अतिथि शशिकांत प्रसाद थे। कार्यक्रम की शुरूआत कलश पूजन के साथ आचार्य बसंत शास्त्री जी महाराज, विष्णुकांत पांडेय ने किया। इस दौरान एकात्मकता मंत्र प्रणव



उच्चारण व विजय मंत्र से किया गया। वहीं उद्घाटन कर्ता भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष सुरेंद्र भाई मोदी ने कहा कि राम का नाम सदियो से इस देश के उद्धार का मंत्र है, राम जन्मभूमि पर 22 जनवरी को आयोजित कार्यक्रम अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का विषय बना है, यह भगवान श्री राम का देन है। पीएम नरेंद्र मोदी ने हिंदू राष्ट्र व सनातन धर्म के लिए जो कदम उठाया है यह उसी की देन है। मुख्य अतिथि पूर्व जिप सदस्य पवन सिंह ने कहा कि सर्वधर्म के इस देश में रामलला के जन्मभूमि का जीर्णोद्वार ऐतिहासिक है. कार्यक्रम को सेवानिवृत शिक्षक सुरेंद्र प्रसाद मोदी, जिप सदस्य केदानाथ यादव, दुर्गा वाहिनी संयोजिका कृति सुमन मोदी, उप प्रमुख राजनारायण सिंह ने भी संबोधित किया। मौके पर खंड कार्यवाह सुनील कुमार यादव, बजरंग दल सह संयोजक महादेव शर्मा, विजय पंडित, कैलाश लाल वर्णवाल, सकलदेव सिंह, राजेंद्र सिंह सुमन, मधु देवी, संजय कुमार यादव, राजेंद्र राम, सत्यम पंडित, लक्ष्मण राणा, रेखा देवी, अनंत पंडित, संतोष साव, मनोज, मनीकांत पांडेय, शिवशंकर राणा, अजय गुप्ता, बीरेंद्र कुमार, अजय यादव, निरज कुमार, मधु देवी, रेखा देवी, सरयु शर्मा, विकास, सुरेंद्र चौधरी, रामचंद्र यादव, सकलदेव राम, अमरजीत शर्मा, सरयु शर्मा, शशी कुमार पांडेय, बीरेन्द्र साव, मनोज यादव, उमेश मोदी सहित भारी संख्या में लोग मौजूद थे।

### विहिप ने किया सम्मानित

कार्यक्रम के दौरान विहिप ने पूजा प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सह उप प्रमुख राजनारायण सिंह, खंड कार्यवाह सुनील कुमार यादव, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष महेश पांडेय, राजकुमार दास, कैलाश राम, बजरंग दल संयोजक अजय यादव, सह संयोजक महादेव शर्मा, कैलाश राम, सुनील सिंह, महावीर यादव, उमेश मोदी, पिंटू कुमार पांडेय, सतसंग प्रमुख दिगबंर पांडेय, पूर्व सैनिक विनोद सिंह, अशोक कुमार गुप्ता, अमरदीप शर्मा, गौतम सिंह, सकलदेव राम, संतोष साव आदि को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। धन्यवाद ज्ञापन बजरंगदल संयोजक अजय यादव ने किया।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा का विष्णुगढ़ में स्वागत

**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** विकसित भारत संकल्प यात्रा का वाहन शुक्रवार को विष्णुगढ़ प्रखंड के भेलवारा तथा बेड़ा हरियारा पंचायत पहुंचा। यात्रा के तहत केंद्र सरकार के द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं को डिजिटल एलईडी के माध्यम से उपस्थित लोगों के बीच प्रदर्शित कर जागरूक किया गया। भेलवारा में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री सह मांडू के विधायक जयप्रकाश भाई पटेल शामिल हुए। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का लक्ष्य है कि सभी जरूरतमंदों तक भारत सरकार की योजनाओं को पहुंचाया जाये, कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चाहते हैं कि सरकार की योजनाओं से कोई भी व्यक्ति वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री के कारण देश के गरीब, महिला, युवा और किसान की आर्थिक स्थिति में सुधार आया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि लाभुकों को फॉर्म भरने में मदद करें। उन्हें हर हाल में योजनाओं से लाभान्वित करें। केंद्र सरकार की योजनाओं से हर वर्ग के लोग लाभान्वित हो रहे हैं। महिलाएं स्वयं सहायता समूह के माध्यम से सशक्त हो रही हैं। रोजगार के अवसर बढ़े हैं। गांव में कृषि और मत्स्य पालन बढ़ा है। हर घर नल से जल पहुंच रहा है। प्रधानमंत्री ने पूरी दुनिया में भारत का स्वाभिमान बढ़ाया है। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं की गोद भराई और बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया। लाभार्थियों से संवाद कर योजनाओं की सार्थकता की जानकारी ली गयी। इस दौरान उज्ज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर, भारत आयुष्मान कार्ड तथा ग्रामीणों के बीच 2024 का कैलेंडर का वितरण किया गया। वहीं स्वास्थ्य विभाग की ओर से बीमार व्यक्तियों का इलाज कर दवा दी गयी। कार्यक्रम के अंत में भारत को 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया गया। मौके पर अंचल अधिकारी रामबालक कुमार, नोडल पदाधिकारी रामचंद्र दांगी, बीपीओ राजमोहन वर्मा, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अरुण कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि मधुसूदन प्रसाद, मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल, महामंत्री गुरु प्रसाद साव, मुखिया रामचंद्र यादव आदि उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 31 दिसंबर, 2023
www.azadsipahi.in
05

## मुखिया ने बांटे कंबल



भुरकुंडा(आजाद सिपाही)। बढ़ती ठंड को देखते हुए बुध बाजार दोतल्ला पंचायत की मुखिया सत्यवंती देवी ने शनिवार को जरूरत मंद ग्रामीणों के बीच कंबल का वितरण किया। इस दौरान मुखिया ने अपने पंचायत प्रतिनिधि वार्ड सदस्यों के साथ पंचायत में डोर टू डोर जाकर जरूरतमंदों, असहाय और चलने फिरने में असमर्थ बुजुर्ग को कंबल उपलब्ध कराया। मुखिया सत्यवती देवी ने कहा की जिस तरह से पंचायत के किसी भी नागरिक को भूखा नही रहने दिया गया है। उसी प्रकार ठंड में भी किसी ग्रामीण को मुश्किलों का सामना नहीं करना होगा। ठंड से बचने के लिए समुचित गर्म कपड़ों की व्यवस्था की गयी है। और आवश्यकता पड़ी तो आगे भी बचाव के सभी अभियान किया जायेगा। मौके पर वार्ड सदस्य रेणुका देवी, बीना देवी, दया मुनि मुर्मू, पुष्पा सिन्हा, जल सहिया छूवी देवी का सहयोग किया सराहनीय रहा।

## पतरातू प्रखंड में साइबर अपराधियों ने मचाया हड़कंप

# पतरातू प्रखंड कार्यालय, मुखिया और पंचायत सचिवों के खाते से उड़ाये पैसे

- मुखिया और पंचायत समिति सदस्य के बैंक खाते से साइबर अपराधियों ने 32 लाख 49 हजार 5 सौ रुपये की निकासी
- पंचायत के मुखिया और पंचायत सचिवों ने पतरातू थाने में दिया आवेदन
- सभी खाते एचडीएफसी बैंक पतरातू शाखा से संचालित
- साइबर अपराधियों ने 2022 से ही राशि की निकासी शुरू कर दी

आजाद सिपाही संवाददाता

**पतरातू।** पतरातू पुलिस अनुमंडल क्षेत्र में अपराधियों द्वारा लगातार साम्राज्य स्थापित करने के लिए तांडव तो करते ही रहते हैं । वही पतरातू प्रखंड में साइबर अपराधियों ने साम्राज्य स्थापित करने के लिए दस्तक दी है। साइबर अपराधियों ने पतरातू प्रखंड अंतर्गत 15 में वित्त आयोग के पंचायत समिति सदस्य और विभिन्न पंचायत के बैंक खातों से अब तक मिली पतरातू प्रखंड कार्यालय से जानकारी के अनुसार साइबर अपराधियों के द्वारा 32 लाख 49 हजार 5 सौ रुपये की निकासी कर चुके हैं। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार गुप्ता ने बताया कि पंचायत समिति के खाते सहित प्रखंड के 11 विभिन्न पंचायतो के बैंक खातों से राशि की निकासी की गयी है। सभी पैसों की निकासी एटीएम के माध्यम से कोलकाता और हावड़ा से हुई है। जबकि सरकारी खातों




में एटीएम निर्गत नहीं की जाती है। उन्होंने बताया कि पंचायत के पंचायत सचिव एवं मुखिया इस संबंध में पतरातू थाने में आवेदन देना शुरू कर दिए है। अवैध तरीके से अपराधियों द्वारा निकासी किए जाने की जानकारी रामगढ़ उपयुक्त सहित संबंधित अधिकारियों को प्रखंड द्वारा दे दी गई है। साइबर अपराधियों के द्वारा सायल उत्तरी, सांकुल, लपंगा, कंडेर, कुर्से, देवरिया बस्ती, चिकोर, बुध बाजार चीप हाउस, पाली और पीरी पंचायत को निशाना बनाया है। सूत्र बताते है की साइबर अपराधियों के द्वारा बीते साल 2022 से ही राशि की निकासी शुरू कर दी गयी थी। मामला तब खुला जब प्रखंड पंचायत समिति के मेल पर एक संदेहास्पद मेल आया। इसके बाद बैंक खाते को अप टू डेट कराया गया तब पता चला की इस खाते से 4 लाख की निकासी गलत तरीके से हुई है। इसके बाद प्रखंड कार्यालय द्वारा सभी पंचायत सचिवों को इसकी जानकारी दी गयी। और सभी पंचायत सचिवों ने अपने पंचायतों के बैंक खाते को अप टू डेट कराया तब जाकर साइबर अपराधियों की कारगुजारियो का खुलासा हुआ। मिली जानकारी के अनुसार जिन पंचायतों के खातों को साइबर अपराधियों द्वारा निशाना बनाया गया है। वे सभी खाते एचडीएफसी बैंक के पतरातु शाखा में संचालित है। इस घटना से पतरातू प्रखंड कार्यालय सहित मुखिया में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है ।

## भाजपा ने भारत संकल्प यात्रा का कराया कार्यक्रम



**कुजू (आजाद सिपाही)।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत भाजपाइयों ने कुजू दक्षिणी व पश्चिमी पंचायत में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यक्रम पर्यवेक्षक अमर प्रभात ने किया। जबकि संचालन रतन प्रसाद साहू व मुखिया जयकुमार ओझा ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि जगेश्वर प्रजापति, भाजपा मंडल अध्यक्ष तोकेश सिंह, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष रवि साहू, मुखिया राकेश मेहता शामिल रहे। मौके पर सांसद प्रतिनिधि जगेश्वर प्रजापति ने केंद्र सरकार व पीएम मोदी की विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम से अवगत कराया। साथ ही, उनके लक्ष्य और योजनाओं से लोगों को रूबरू कराते हुए कहा कि केंद्र सरकार की योजना अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही एक मात्र लक्ष्य है। इस दौरान कुजू गैस एजेंसी के संचालक मो अबुल कलाम के नेतृत्व में उज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर तथा ग्रामीणों के बीच 2024 का कैलेंडर का वितरण किया गया। साथ ही, कार्यक्रम समापन पर भारत को 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया गया। मौके पर उमेश चंद्र पटेल, श्रवण सिह, सूरज महतो, राजेश प्रसाद साहू, सरिता सहाय, मीना देवी, संतोष प्रसाद मेहता, रमेश चौधरी, सुरेश महतो, सुषमा केशरी, अनिल अग्रवाल, सुनीता देवी, मनोज केशरी, जयराम प्रजापति, पंचीत महतो आदि मौजूद रहे।

## विस्थापित संघर्ष मोर्चा ने किया प्रदर्शन



**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** सीसीएल बरका सयाल श्रेत्र के उरीमारी बिरसा परियोजना रेलवे साइडिंग में शनिवार को विस्थापित संघर्ष मोर्चा ने प्राइवेट रैक लोडिंग में विस्थापित बेरोजगारों को रोजगार से जोड़ने को लेकर किया प्रदर्शन। प्रदर्शन का नेतृत्व विस्थापित संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष चरका करमाली, सचिव महादेव बेसरा, और कानू मरांडी ने संयुक्त रूप से किया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन बरका सयाल क्षेत्रीय सचिव राजू यादव उपस्थित हुए। यादव ने उपस्थित लोगों के बीच अपनी बातों को रखते हुए कहा कि उरीमारी कोलियरी में विस्थापितों की रोजगार का साधन मात्र रोड़ सेल है। उसमें भी प्रबंधन के द्वारा एक साजिश के तहत रोड़ सेल में पेलोडर लगवाकर विस्थापितों को झलने का काम किया जा रहा है। आगे उन्होंने कहा कि उरीमारी रेलवे साइडिंग में प्राइवेट रैक लगता है तो हम सभी विस्थापितों के रोजगार के लिए कोई भी आंदोलन करना होगा किया जायेगा। वहीं विसमो सचिव महादेव बेसरा ने कहा कि हम विस्थापित बेरोजगारों के लिए हमारे पूर्व मुखिया स्व निर्मल कुमार यादव ने रोड़ सेल के माध्यम से एक व्यवस्था बनाकर गये है। प्रदर्शन कार्यक्रम में मुख्य रूप से पंचायत समिति सदस्य गीता देवी, जी आर भगत, महेश गंझू, कजरु उरांव, दशाराम हेंब्रोम, तालो बेसरा, सिगू हेंब्रम, मनू टुडू, राकेश बेसरा, सीता मुन्नी देवी, फुलमति किस्कू, रामा उरांव, कमलेश गंझू, सुकर गंझू, राजकुमार गंझू, कंचन मांझी, चंदू जायसवाल, कुला प्रजापति, विजय मरांडी, बहालाल, निखिल, रुपेश, विनोद प्रजापति, शिबू ठाकुर, राजकुमार, मोहन हेंब्रम, बासुदेव सोरेन, तेतरी देवी, शांति देवी, फुलमनी देवी, ममता देवी, लालदेव सोरेन, मनोज सोरेन, जितेंद्र सोरेन सहित महिला पुरुष मौजूद थे।

## सौदा डी पंचायत में बच्चों के बीच स्वेटर-टोपी का वितरण



भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। सौदा डी पंचायत के रामनगर और हुसैनीनगर आंगनबाड़ी केंद्र में शनिवार को बच्चों के बीच को दो–दो सेट स्वेटर्स टोपी और पोषक तत्व का वितरण किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पंचायत के मुखिया उपेंद्र शर्मा, पंचायत समिति प्रतिनिधि डब्लू पांडेय उपस्थित थे। मुखिया उपेंद्र शर्मा ने बताया की ठंड को देखते हुए सरकारी दिशा निर्देश पर बच्चो के देख भाल की लिए पोषक तत्व के साथ स्वेटर, टोपी का वितरण किया गया। वही पतरातू सी ओ शिव शंकर पाण्डेय के माध्यम से अलाव की भी व्यवस्था किया गया है। उन्होंने कहा की ठंड से बचाव हेतु पंचायत स्तर पर ग्रामीणों को सुविधा देने का काम हर संभव किया जायेगा। मौके पर वार्ड सदस्य सुबोध रजक, सीता देवी सहित सेविका सुनिता देवी, सुरती देवी, सहायिका सचनी देवी, सीखा देवी, स्वयंसेवक संतोष रजक मौके पर उपस्थित थे।

## 'आजाद सिपाही' में खबर छपने के बाद रामगढ़ जिला प्रशासन ने की कार्रवाई

# वन विभाग और नगर परिषद की टीम ने मुख्य मार्ग से हटाया पेड़

सुनील कुमार

**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** दो दिन पूर्व आजाद सिपाही के डिजिटल में छपी खबर की जिला प्रशासन ने संज्ञान लेते हुए त्वरित कार्यवाही कर 72 घंटे के भीतर पेड़ काटकर रामगढ़ पतरातू मुख्य मार्ग हेहल से हटाया। बताते चलें कि रामगढ़ पतरातू मुख्य मार्ग हेहल जूही पेट्रोल पंप के समीप विशाल पेड़ की टहनी मुख्य मार्ग के ऊपर पिछले एक वर्ष से लटका हुआ था। उक्त मार्ग से भारी वाहन व यात्री बस सहित विधायक, सांसद, प्रशासनिक अधिकारी के साथ साथ मंत्री के काफिले भी मार्ग से गुजरते रहते हैं। विशाल पेड़ की




आजाद सिपाही
रामगढ़ पतरातू मुख्य मार्ग हेहल में पेड़ की टहनी दे रहा है दुर्घटना को चुनौ...
संभावित दुर्घटना से बचाव के लिए पेड़ की टहनी का हटना आवश्यकः रवींद्र मुंडा

टहनी मार्ग के ऊपर रहने से दुर्घटना की आशंका जताई जा सकती थी। रामगढ़ उपायुक्त चंदन कुमार के निर्देश पर डीएफओ नीतीश कुमार की पहल पर उक्त मार्ग से पेड़ काटकर अलग किया गया। पेड़ को हटाने में बरकाकाना ओपी, वन विभाग व नगर परिषद की पूरी टीम मुस्तैदी से काम किया। मौके पर उपस्थित स्थानीय लोग व मानवाधिकार सहायता संघ के जिला सचिव रविंद्र मुंडा ने जिला प्रशासन सहित वन विभाग के प्रति आभार प्रकट किया है। मौके पर वन विभाग के पदाधिकारी संतोष शर्मा, शाकिर हुसैन, अनिल कुमार, पशुरक्षक बलकु महतो, प्रशांत कुमार, प्रदीप बेदिया, वन समिति चैनगड्डा अध्यक्ष नूतन महतो, नगर परिषद रामगढ सुपरवाइजर रौशन शर्मा, जमादार अशोक महतो, गुलाम मुतुर्जा, मुमताज अंसारी, सफाईकर्मी उमेश कुमार, मनोज राम, अजय कुमार, असीम चक्रवर्ती, नंदलाल ठाकुर, रामा ठाकुर सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## दिलीप यादव बने राजद के पंचायत अध्यक्ष

**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के गोसाईंडीह पंचायत में राष्ट्रीय जनता दल की एक बैठक आहूत की गयी। इस बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ नेता राजदेव यादव तथा संचालन रामकेश्वर यादव के द्वारा किया गया। बैठक में संगठन पर चर्चा की गयी, जिसमें बूथ स्तर पर कमेटी गठित कर संगठन को मजबूती के लिए एक पंचायत अध्यक्ष का सर्वसम्मति से निर्णय लेकर दिलीप यादव पिता उमेश यादव को बनाया गया गोसाई डीकी पंचायत के सचेतक के रूप में संजीत कुमार सिंह पिता स्वर्गीय बैजनाथ सिंह को बनाया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से मंत्री प्रतिनिधि देव लाल यादव के द्वारा पंचायत अध्यक्ष और सचेतक को माला पहनकर मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से लोगों ने भाग लिया राजदेव यादव, रामकेश्वर यादव, दिलीप यादव, विजय कुमार यादव, मोहम्मद अब्दुल बारी, सुभान अली, संजय कुमार यादव, नामी यादव, मुकेश यादव, मनोज यादव, विवेक आनंद दास, सुधीर दास, गुना मियां, इमरान अंसारी, भूपेंद्र कुमार यादव, पंकज कुमार, मोहम्मद इस्लाम, योगेश यादव, कल्लू यादव, मुराद अली, संजय यादव, पिंटू यादव, अखिलेश यादव, जोगी यादव, सिकंदर यादव, गया कुमार, यादव कल्लू यादव, कपिल यादव, संजीत कुमार सिंह, सरजू यादव इत्यादि सैकड़ों लोगों ने भाग लिया साथ ही साथ मंत्री प्रतिनिधि देव लाल यादव के द्वारा पंचायत अध्यक्ष और सचेतक को संगठन को मजबूती बनाने के लिए भार सौंप गयी।

# टीएसपीसी के एरिया कमांडर समेत दो उग्रवादी गिरफ्तार

- तीन हथियार के साथ पांच जिंदा कारतूस बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** पुलिस ने टीएसपीसी के एक एरिया कमांडर नीरज कुमार और सहयोगी धनेश्वर करमाली को हथियार के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल किया। इस तरह पुलिस ने पुलिस की टीम ने एक देसी कार्रवाई एक उस पिस्टल तथा एक देशी पिस्तौल के साथ पांच जिंदा कारतूस और नक्सली पर्चा बरामद किया।

इस संबंध में पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने प्रेस वार्ता में बताया



कि उन्हें पिपरवार थाना के बरवाटोली गांव में उग्रवादियों के होने की मिली गुप्त सूचना के आधार पर मुख्यालय डीएसपी केदार राम के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल के पिपरवार थाना के बरवाटोली गांव पहुंचते ही पुलिस को देखकर उग्रवादी भागने लगे। जिसे पुलिस ने दो को खदेड़ कर पकड़ लिया। जिसमें टीएसपीसी का एरिया कमांडर जय मंगल उर्फ नीराजगंज पिता नारायणगंज और उसकी सहयोगी धनेश्वर उर्फ डीके धर्म को शामिल है छानबीन के दौरान उग्रवादियों पार्क के पास है पुलिस ने एक देसी कार्बाइन, एक अमेरिकन मेड पिस्टल एवं एक देशी पिस्तौल के साथ पांच जिंदा कारतूस एवं नक्सली साहित्य और पर्चा बरामद किया गया। पुलिस टीम में पिपरवार थाना प्रभारी विजय कुमार के अलावा टंडवा एवं सिमरिया के थाना प्रभारी के साथ-साथ पुलिस के जवान शामिल थे। पिछले 19 दिसंबर को जय मां अंबे कोल ट्रांसपोटिंग कंपनी का दो हाइवा जलाया गया था। जिसके लिए छापामारी की जा रही थी।

## गोला में किसान बेरोजगार संघर्ष मोर्चा ने ग्रामीणों से की मुलाकात



**गोला (आजाद सिपाही)।** हेमतपुत से जांगी पथ वर्षो से जर्जर है। लेकिन इसे देखने वाला कोई नहीं है। विकास का बड़े बड़े वादा करने वाले इस पथ को देख लें। उक्त बातें किसान बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के प्रदेश संयोजक पंकज महतो ने जांगी में ग्रामीणों से मुलाकात के बाद पत्रकारों से कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता बबलू अंसारी और संचालन परवेज अंसारी ने किया। आगे कहा कि झारखंड बने 23 वर्ष हो गये पर खनिज संपदा से भरपूर राज्य होते हुए भी यहां की अधिकांश जनता गरीब है। पानी, सड़क, शिक्षा, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, राशन कार्ड बनवाने सरकारी कार्यालय का चक्कर लगा रहे है। सर्वसम्मति से ग्राम जांगी में मगनपुर पंचायत कमेटी का गठन किया गया। सर्व समिति से मगनपुर पंचायत अध्यक्ष योगेंद्र महतो, उपाध्यक्ष आसमा बेगम सचिव मोहिद्दीन अंसारी, कोषाध्यक्ष रूपन दांगी बनाया गया। वही अशोक महतो, समसुल हक, कादरी हुसैन, रवि महतो, शीला देवी, राखी देवी आदि को सदस्य बनाया गया। मौके पर जिलानी खान, शंभू बेदिया, बाबू भाई करमाली, कौलेस्वर कुशवाहा, आदि उपस्थित थे।

## किसानों के बीच बांटे गये सौर पंप



**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत ग्राम उरैली में एनजीओ मानव कल्याण संस्था के द्वारा शुक्रवार को 10 किसानों के बीच सोलर और समरसेबल पंप तथा 30 लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस मौके पर संस्था के सचिव सह संस्थापक विंध्याचल मिश्रा और अध्यक्ष बल्लभ मिश्रा, उरैली पंचायत के मुखिया संजय कुमार सिंह, पंचायत समिति प्रतिनिधि आदित्य यादव भी मौजूद थे। पंप के लाभुकों में बिजेंद्र कुमार, सरवन कुमार पांडेयपुर कला, बुधन महतो, त्रिलोकी भुईयां, और विजय साहू पांडेयपुर खुर्द, जयराम प्रसाद, अर्जुन प्रसाद, काजल कुमारी, मुकेश सिंह पंडरी कला इन सभी किसानों के बीच वितरण किया गया। मौके पर जरूरतमंद वृद्ध लोगों को 30 कंबल का भी वितरण किया गया। इस संस्था के सचिव द्वारा बताया गया कि मानव कल्याण के लिए हमारी संस्था ने वृद्धा आश्रम, बेटियों की शादी भी हमारी संस्था द्वारा की जाती है। मौके पर उपस्थित पंचायत के उप मुखिया पिंटू सिंह, ओम प्रकाश सिंह, अनिल कुमार शर्मा अमित पाठक, दानी यादव, विजय यादव, अखिलेश यादव, मुकेश कुमार सिंह के साथ अन्य लोग मौजूद थे।

## जेपी पटेल ने प्रेसवार्ता कर मुख्यमंत्री के खिलाफ जारी किया आरोप पत्र

# हेमंत सोरेन का चार वर्ष का कार्यकाल पूरी तरह रहा नाकामयाबः जेपी पटेल

आजाद सिपाही संवाददाता

**कुजू।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पूरे चार साल होने पर भाजपा ने आरोप पत्र जारी कर सरकार को घेरते हुए पूरी तरह नाकामयाब बताया है। यूपीए गठबंधन की दस वर्षो के प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष शासन काल मे किये गये विकास विरोधी कार्य झारखंडवासियों से छुपा हुआ नहीं है। इडी द्वारा बार-बार सीएम हेमंत को मिले समन के बावजूद हाजिर नहीं होना निश्चित ही भ्रष्टाचार में संलिप्तता है। अगर हेमंत सोरेन दोषी नहीं हैं, तो इडी के पास जायें और झारखंड की जनता को जवाब देने का कार्य करें। उक्त बातें भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष, विधानसभा सचेतक सह मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने रामगढ़ जिला भाजपा कार्यालय के प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कही। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी और पूर्व सीएम रघुवर दास के नेतृत्व में पूर्व की



डबल इंजन की सरकार ने झारखंड वासियों को डबल सौगात देने का कार्य किया था। साथ ही, विकास के साथ नई कीर्तिमान स्थापित किया। वही, हेमंत सरकार ने अपनी भ्रष्टाचार नीति के तहत कई योजनाओं को ध्वस्त कर दिया है। उन्होंने कहा कि यूपीए की सरकारों ने केवल राज्य की प्रगति ही बाधित नहीं की, बल्कि सत्ता संपोषित भ्रष्टाचार से कलंकित किया है। वही, निर्दलीय विधायक मधु कोड़ा को यूपीए ने अपना समर्थन देकर निर्दलीय सीएम बनाकर चार हजार करोड रुपये का घोटाला कर सीधे-साधे आदिवासी मधु कोड़ा को जेल भेजने का कार्य किया।

पटेल ने प्रदेश की बदतर हालत पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य की पहचान अब बिगड़ते कानून व्यवस्था से जानी जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में चोरी, डकैती, लूट, हत्या, अवैध कारोबार चरम पर है। जेपी पटेल ने कहा कि हेमंत सोरेन का कार्य करने का इच्छा अब नहीं है। उन्होंने कहा कि अपने चुनावी भाषण में हेमंत ने पांच लाख युवाओं को नौकरी देने का वायदा किया। लेकिन अब तक 50 हजार लोगों को भी नौकरी नही मिला है जो निश्चित ही युवाओं को ठगने का कार्य किया गया है। इधर, 1932 नियोजन नीति के मामले में विधानसभा में भाजपा समेत कई राजनीतिक पार्टियों ने अपना समर्थन दिया है। उन्होंने बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा व रघुवर दास के मुख्यमंत्री शासन काल की चर्चा करते हुए कहा कि झारखंड वासियों को केवल भाजपा शासन काल में विकास देखने को मिला। लेकिन हेमंत के शासनकाल में अब तक विकास का कोई नामो-निशान नहीं है। बल्कि भ्रष्टाचार चरम पर है। इनके संरक्षण में पुलिस- प्रशासन अवैध कारोबार में जुटकर झारखंड को खोखला कर रहा है। प्रेसवार्ता के दौरान जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, दीनदयाल कुमार, नप अध्यक्ष मनोज गिरी, नीरज कुमार झा, भीमसेन चौहान मौजूद रहे।

## सेंट्रल बैंक में पूर्व प्रबंधक को दी गयी विदाई

**गोला (आजाद सिपाही)।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया गोला शाखा में पूर्व प्रबंधक नीरद कुमार को एक विदाई समारोह मैं भावपूर्ण विदायी दी गयी। इस दौरान बैंक कर्मियों ने उनके कार्यकाल के दौरान उनकी महत्वपूर्ण सहभागिता को व्यक्त किया। कहा गया कि नीरद कुमार का ग्राहकों के साथ व्यवहार अच्छा रहा है और ऐसी सुंदर व्यवहार के कारण इनकी क्षेत्र में पहचान बनी है। मौके पर प्रबंधक रितेश कुमार, भीम साहू, कुमार आर्यन, निरंजन कुमार, एंथोनी, संदीप कुमार, मोहम्मद ताज, प्रदीप चंद्र लाला, अशोक लोधा, जैनुल हक, मनोज मिश्रा, अरविंद करमाली सहित दर्जनों ग्राहक मौजूद थे।

## वर्षो से ट्रांसफार्मर खराब रहने से गांव में छाया अंधेरा



**कुंदा / चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के नवादा पंचायत में ग्राम उलावर व खुटवाली में कई वर्षो से ट्रांसफार्मर खराब रहने के कारण गांव में बिजली नहीं है, जिसके कारण गांव में पढ़ने वाले बच्चों के शिक्षा पर सबसे अधिक प्रभाव पड़ रहा है। बिजली नहीं रहने के कारण गांव में शाम होते ही अंधेरा छा जाता है। जिससे पढ़ने वाले बच्चों की पढ़ाई पूरी नहीं हो पाती है। मोबाइल समेत अन्य विद्युत उपकरण के उपयोग से भी ग्रामीण वंचित रह जाते हैं। इस संबंध में ग्रामीणों द्वारा बिजली विभाग को कई बार जानकारी दी गयी लेकिन विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है। ट्रांसफार्मर खराब हुए वर्षो बीत गए लेकिन विभाग द्वारा आज तक मरम्मत नहीं किया गया।इस गांव में गंझू समुदाय के अधिकांश लोग रहते है। यहां सुविधा का घोर अभाव है। गांव में पक्की सड़क नही है। कच्ची सड़क में नदी रहने के कारण बरसात के समय में बाढ़ आ जाने पर लोगो का आना जाना मुश्किल हो जाता है। गांव के ग्रामीणों ने गांव में बिजली और पक्की सड़क की व्यवस्था करने की मांग उपायुक्त से किया है।

## जीपीएल विजेता बनी सोपारम की टीम

**टंडवा (आजाद सिपाही)।** गेरुआ पूल के सामने इंडोर स्टेडियम टंडवा बगीचा मैदान में गाडीलौंग प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का शनिवार को समापन को गया। इस जीपीएल लीग का विजेता सोपरम टीम मुख्य अतिथि विधायक किशुन कुमार दास ने ट्रॉफी व बीस हजार रुपए देकर पुरस्कृत किया।मौके पर विधायक दास ने कहा की आयोजक मंडली द्वारा अनुशासन तरीके खेल का समापन कराया। खिलाड़ियों से कहा की हार जीत नही होती है। आप सभी खलाड़ी बहुत ही महेनत और रोमांचित मन से फाइनल का मुकाबला खेला। खेल के क्षेत्र में टंडवा प्रखंड वाशियो में जागरूकता आयी है। निश्चित रूप से खिलाड़ियों के लिये टंडवा प्रखंड मुख्यालय के लिये एक खेल का स्टेडियम बनेगा जिसका संविदा निकलने वाला है।आयोजको से अपील किया की अच्छे खिलाड़ियों को प्रखंड स्तर पर त्रास कर जिला व राज्य स्तर के मैच खेले हमे यही कामना हैं। दरअसल जीपीएल लीग के फाइनल मुकाबला बहुत ही रोमांचक रहा। यह मुकाबला आम्रपाली चन्द्रगुप्त टीम बनाम सोपारम टीम के बीच 12 ओवर का मैच खेला गया। जिसमें टॉस जीतकर आम्रपाली चन्द्रगुप्त टीम बोलिंग का फैसला किया।

# थोड़ी राहत मिली

कतर में भारत के आठ पूर्व नौसैनिकों को फांसी की सजा नहीं दी जायेगी, यह खबर राहत देने वाली है। वहां की अपीलीय अदालत ने यह आदेश दिया है। हालांकि, अभी फैसले से जुड़े डीटेल्स नहीं आये हैं। यह भी पता चलना बाकी है कि इन नौसैनिकों को क्या सजा मिलेगी। केस की गंभीरता का अंदाजा इस बात से भी लगता है कि भारत के आठ पूर्व नौसैनिक अफसरों को फांसी की सजा सुनाये जाने की खबर मिलने के बाद भी यह स्पष्ट नहीं था कि उन पर आरोप क्या लगाये गये हैं, उनके खिलाफ सबूत क्या पाये गये हैं। ऐसे में इन पूर्व नौसैनिकों के परिवार वालों की हालत समझी जा सकती थी। कतर के स्थानीय मीडिया में सूत्रों के हवाले से जो अपुष्ट खबरें बाहर आ रही थीं, उनके मुताबिक इन नौसैनिकों पर इस्राइल के लिए जासूसी करने का आरोप है। वैसे तो जब तक कोई आधिकारिक सूचना न हो, तब तक उस पर बात करने का ज्यादा मतलब नहीं बनता, लेकिन लोकल मीडिया में ऐसी खबरों का आना इतना तो बता ही देता है कि वहां का जनमत इन आरोपों को लेकर कितना संवेदनशील होगा। ऐसे में भारत सरकार ने ठीक ही मामले को बेहद संयत ढंग से उठाया। कूटनीतिक स्तर पर भी प्रयास जारी रखे गये, लेकिन साथ ही यह भी कहा गया कि कतर के नियम-कानूनों का सम्मान करते हुए न्यायिक प्रक्रिया के जरिए इस मसले को सुलझाया जायेगा। अब तक का घटनाक्रम बताता है कि यह तरीका धीरे-धीरे ही सही पर सफल साबित हो रहा है। फिर भी समझना होगा कि अभी चीजें बहुत शुरूआती स्तर पर हैं, तय नहीं है कि आगे घटनाक्रम कैसा आकार लेगा। चूंकि कतर और भारत के बीच 2015 में कैदियों के आदान-प्रदान का समझौता हो चुका है, इसलिए इस बात के लिए भी प्रयास किया जा सकता है कि इन कैदियों को बाकी की सजा काटने के लिए भारत भेज दिया जाये। एक और संभावना यह है कि कतर के शाह किसी मौके पर इन कैदियों को माफी दे दें। मगर फिलहाल एक रास्ता वहां के सुप्रीम कोर्ट में जाकर सजा को और कम करवाने की कोशिशों का भी है। इसलिए अभी संयम बनाये रखते हुए प्रयास जारी रखने की जरूरत है। फिर भी, भारत सरकार ने इस मामले में जितनी तत्परता और कुशलता दिखायी है, उसकी सराहना की जानी चाहिए। यह संदेश एक बार फिर गया है कि भारत विदेश में रह रहे अपने लोगों का मुसीबत में कभी साथ नहीं छोड़ता। दुनिया भर में फैले प्रवासी भारतीय समुदाय के लिए ही नहीं, देश में रह रहे उनके परिजनों के लिए भी और अंतरराष्ट्रीय जगत में भारत की साख के लिहाज से भी यह संदेश अहम है।

**यह संदेश एक बार फिर गया है कि भारत विदेश में रह रहे अपने लोगों का मुसीबत में कभी साथ नहीं छोड़ता। दुनिया भर में फैले प्रवासी भारतीय समुदाय के लिए ही नहीं, देश में रह रहे उनके परिजनों के लिए भी और अंतरराष्ट्रीय जगत में भारत की साख के लिहाज से भी यह संदेश अहम है।**

अभिमत | आजाद सिपाही

**भारत सरकार ने औपचारिक रूप से हाफिज सईद के प्रत्यर्पण की बात कही है। इस मामले की पुष्टि पाकिस्तानी मीडिया चैनल इस्लामाबाद पोस्ट ने भी की है। भारत ने अब अपने दुश्मनों को सजा देने के आड़े आ रहे प्रत्यर्पण नीतियों पर गंभीरता से विचार करना शुरू कर दिया है। इससे पहले 2015 में मुंबई बम धमाके के आरोपी अबु सलेम को भारत सरकार पुर्तगाल से प्रत्यर्पण कर ला चुकी है।**

# भारत की बढ़ती कूटनीतिक साख

मृत्युंजय शर्मा



भारत ने अफगानिस्तान के अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के अभ्यास और मैचों के आयोजन के लिए भारत में ही सारी व्यवस्था उपलब्ध करायी है। चीन की विस्तारवादी नीतियों का भी अब जोरदार प्रतिकार किया जा रहा है। डॉकलाम और गलवान में चीन कई बार घुसपैठ की कोशिश करता रहा लेकिन भारत के मजबूत राजनीतिक एवं सैन्य शक्ति के डर से उसे अपने कदम पीछे खींचने पड़े हैं।

कतर ने आठ भारतीय कैदियों की मौत की सजा को पलट दिया है। इस फैसले को भारत के कूटनीतिक लिहाज से बड़ी सफलता माना जा रहा है। हालिया इजरायल-गाजा संघर्ष के बाद ऐसा माना जा रहा था कि इस्लामिक देशों के साथ भारत के आपसी कूटनीतिक सबंधों में कड़वाहट आ सकती है, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के हस्तक्षेप और सधी हुई कूटनीति के कारण फिलहाल आठ भारतीय नागरिकों को जीवनदान तो मिल ही गया है। हाल ही में भारत ने पाकिस्तान से हाफिज सईद को सौंपने की दो टूक बात कही है।

भारत सरकार ने औपचारिक रूप से हाफिज सईद के प्रत्यर्पण की बात कही है। इस मामले की पुष्टि पाकिस्तानी मीडिया चैनल इस्लामाबाद पोस्ट ने भी की है। भारत ने अब अपने दुश्मनों को सजा देने के आड़े आ रहे प्रत्यर्पण नीतियों पर गंभीरता से विचार करना शुरू कर दिया है। इससे पहले 2015 में मुंबई बम धमाके के आरोपी अबु सलेम को भारत सरकार पुर्तगाल से प्रत्यर्पण कर ला चुकी है। ब्रिटेन, फ्रांस और कुछ कैरिबियन देशों के साथ प्रत्यर्पण संधि की बात निर्णायक स्तर पर है।

**भारत ने अपने सामर्थ्य के बल पर कश्मीर से अनुच्छेद 370 को समाप्त किया।**

भारत के बढ़ते कूटनीतिक साख का ही परिणाम था कि बालाकोट एयर स्ट्राइक के बाद विंग कमांडर अभिनंदन को पाकिस्तान ने तुरंत सौंप दिया था। पाकिस्तानी सांसद अयाज सादिक ने संसद में पाकिस्तान के विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी के साथ अपने एक दिलचस्प घटनाक्रम का जिक्र करते हुए बताय था, कुरैशी ने गुप्त बैठक में कहा था कि खुदा के वास्ते अभिनंदन को वापस जाने दें नहीं तो रात के नौ बजे हिंदुस्तान पाकिस्तान पर अटैक कर देगा, इस बैठक में सेना प्रमुख भी मौजूद थे।

भारत ने अपने सामर्थ्य के बल पर कश्मीर से अनुच्छेद 370 को समाप्त किया। 2019 में पाकिस्तान ने इस मुद्दे को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा पारिषद में उठाया, भारत ने कड़े शब्दों में पाकिस्तान की आपत्ति को खारिज किया।

चीन का समर्थन मिलने के बावजूद पाकिस्तान खाली हाथ लौटना पड़ा। इस वर्ष भी पाकिस्तान ने मामले को संयुक्त राष्ट्र में उठाया, लेकिन उसे फिर से मुँह की खानी पड़ी है।

आजादी के बाद पहली बार भारत को जी-20 की अध्यक्षता करने का अवसर मिला। भारत के प्रस्ताव पर सभी प्रमुख देश जी-20 में अफ्रीकन यूनियन को शामिल करने पर राजी हो चुके हैं। अफ्रीकी देशों ने इस निर्णय के लिए भारत का आभार व्यक्त किया है। जी-20 बैठक के दौरान एक और महत्वपूर्ण घटना हुई, वह थी भारत की अमेरिका, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात के साथ एक नए आर्थिक गलियारे के निर्माण की आपसी सहमति। दरअसल, चीन दुनिया के लगभग 90 देशों को साथ लेकर व्यापारिक दृष्टिकोण से एक बड़े आर्थिक गलियारे का निर्माण कर रहा है। इसके जवाब में अब भारत, अमेरिका और खाड़ी देश भी मिलकर रेलवे और बंदरगाहों का एक मजबूत नेटवर्क तैयार कर उसके आसपास के देशों को विकसित करना चाहते हैं, जिससे चीन के प्रभुत्व की रोका जा सके। अमेरिका भी यह समझ चुका है कि भारत के साथ दोस्ती और निवेश बढ़ाने से ही चीन को काबू किया जा सकता है। प्रधानमंत्री मोदी और इटली के प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी के पहल पर दोनों देशों के बीच कई द्विपक्षीय समझौते भी हुए। इटली की सरकार ने वहां पढ़ाई कर रहे छात्रों को पढ़ाई पूरी करने के पश्चात एक वर्ष अतिरिक्त रुकने की अनुमति दी है। व्यापारिक और सामरिक दृष्टिकोण से अहम मणिपुर से म्यांमार, थाइलैंड के बीच अंतर्राष्ट्रीय राजमार्ग बन रहा है। यह व्यापारिक और कूटनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण है।

चीन के संदर्भ में भी अब हमारी विदेश नीति पूरी तरह से बदल चुकी है। चीन भारत के पड़ोसी देशों में निवेश बढ़ा कर अपना प्रभुत्व बढ़ाना चाह रहा है। उसने पाकिस्तान, अफगानिस्तान, ईरान में काफी निवेश किया है। भारत भी सतर्क है, श्रीलंका में आर्थिक हालात बिगड़ने के बाद भारत ने श्रीलंका काफी सहयोग दिया है। अफगानिस्तान के साथ स्पोर्ट्स डिप्लोमैसी का रास्ता अपनाया गया है।

भारत ने अफगानिस्तान के अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के अभ्यास और मैचों के आयोजन के लिए भारत में ही सारी व्यवस्था उपलब्ध करायी है। चीन की विस्तारवादी नीतियों का भी अब जोरदार प्रतिकार किया जा रहा है। डॉकलाम और गलवान में चीन कई बार घुसपैठ की कोशिश करता रहा लेकिन भारत के मजबूत राजनीतिक एवं सैन्य शक्ति के डर से उसे अपने कदम पीछे खींचने पड़े हैं। वर्ना, जब वर्ष 1962 में चीन ने भारत में हमला कर दिया था, उस वक्त भारत के प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू हिंदी-चीनी भाई-भाई का राग अलाप रहे थे। हमले के बाद चीन ने भारत के 72 हजार वर्ग मील जमीन पर कब्जा कर लिया।

भारतीय विदेश मंत्रालय के लगातार प्रयासों के बाद कतर ने आठ भारतीय नागरिकों की मौत की सजा को बदला, यह भारत के सफल कूटनीति और बढ़ते वैश्विक प्रभाव का नतीजा है। कतर मामले के बाद सरबजीत सिंह की याद ताजा हो गयी। तमाम प्रयासों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के हस्तक्षेप के बावजूद यूपीए का कमजोर नेतृत्व सरबजीत को वापस लाने में विफल साबित हुआ था। अब परिस्थिति बदल चुकी है। एक सशक्त राष्ट्रीय नेतृत्व, बेहतर कूटनीति के कारण विश्व के सभी बड़े देश भारत के साथ अपने संबंध मधुर करना चाहते हैं। अब यह अवश्यंभावी है कि आने वाला समय में भारत को केंद्र में रख कर ही वैश्विक नीतियां तय होंगी।

**(लेखक : झारखंड भाजपा के चुनाव प्रबंधन प्रमुख हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

### लॉयर्स डिफेंस टीम ने मनाया वीर बाल दिवस

# गुरु गोविंद सिंह को नमन कर साहिबजादों को दी श्रद्धांजलि




आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पुराना कोर्ट परिसर के प्रथम तल्ले पर लॉयर्स डिफेंस के टीम के तरफ से वीर बाल दिवस का कार्यक्रम रखा गया। मुख्य अतिथि वरीय अधिवक्ता अमरजीत कौर, विशिष्ट अतिथि वरीय अधिवक्ता मलकीत सिंह सैनी सम्मानित अतिथि मंचासीन वरीय अधिवक्ता बलाई पांडा उपस्थित थे। वहीं मंच पर अधिवक्ता दिनेश कुमार पांडे, राजीव सैनी, अर्जुन सिंह, कुमार राजेश रंजन दिवेंदु मंडल उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता परमजीत कुमार श्रीवास्तव ने किया सभी मंच पर उपस्थित अतिथियों का स्वागत अधिवक्ता अमित कुमार ने किया।

इस कार्यक्रम पर सभी ने गुरु गोविंद सिंह जी को नमन किया और उनके चारों वीर सबूत को श्रद्धांजलि अर्पित की सभी भक्तों ने अपनी बातों को रखा। सभी अधिवक्ताओं ने एक साथ संकल्प लेकर गुरु गोविंद सिंह के बतायें मार्गों पर चलने का प्रण लिया। इस कार्यक्रम में उपस्थित अधिवक्ता वेद प्रकाश सिंह, विनोद कुमार मिश्रा, रविंद्र कुमार, नीरज कुमार, मनप्रीत सिंह, संजीव कुमार झा, नवीन प्रकाश, राजीव रंजन और अंत में गुरु ग्रंथ साहब की वंदना के बाद सभी के बीच हलवे का प्रसाद वितरण का कार्यक्रम का समापन किया गया।

## जुगसलाई रेलवे अंडर ब्रिज में सड़क निर्माण का विधायक मंगल कालिंदी ने किया निरीक्षण



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जुगसलाई टाटा पिगमेंट गेट के समीप रेलवे अंडर ब्रिज में सड़क निर्माण का कार्य का विधायक मंगल कालिंदी ने निरीक्षण किया। शनिवार को निरीक्षण के दौरान जुगसलाई विधायक ने गुणवत्ता से कार्य करने का निर्देश दिया। वैसे वर्षों पुरानी समस्या से स्थानीय लोग काफी परेशान रहे। आये दिन दुर्घटना की संभावनाएं बनी रहती थी। जन समस्या के समाधान को लेकर जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी काफी गंभीर रहे। विधायक ने बीते दिनों टाटा कंपनी, रेलवे व जुगसलाई नगर परिषद के पदाधिकारी के साथ स्थल का निरीक्षण कर जल्द समस्या का समाधान करने का भी निर्देश दिया था। उक्त सड़क पर बिछायी गयी छाई और स्लैग को भी साफ करवाया गया था। इस मौके पर विधायक मंगल कालिंदी ने कहा रेलवे अंडर ब्रिज के नीचे की सड़क काफी जर्जर थी। मौके पर मनीक मल्लिक, शामू मल्लिक, मिथुम चक्रवर्ती, जीतेंदर सिंह, राजन मिश्रा,दिनेश जायसवाल, मुकेश शर्मा, रंजन पांडेय, मोहम्मद जमील, प्रतिक सराफ, रूबल सिंह व अन्य उपस्थित रहे।

# नर सेवा ही नारायण सेवा है : काले

### साधु-संतों से काले का कंबल वितरण शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** हर हर महादेव सेवा संघ ने शनिवार से अपने सामाजिक दायित्व के तहत कंबल वितरण अभियान की शुरुआत की। पिछले दो दशकों से संस्था शहर में जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण करती आ रही है। इसकी शुरुआत शनिवार को साकची स्थित हर-हर महादेव सेवा संघ के कार्यालय में साधु-संतों को कंबल प्रदान कर की गयी। साथ ही कार्यालय में दूसरे शिविर में सैकड़ों जरूरतमंदों को कंबल सेवा प्रदान किया गया। इस मौके पर अमरप्रीत सिंह काले ने कहा कि नर में ही नारायण है ओर नर सेवा ही नारायण सेवा है। हर हर महादेव सेवा संघ अपने इसी सामाजिक दायित्व का निर्वाह कर रही है।

# हेमंत सरकार की चार साल की विफलताओं पर सांसद-जिलाध्यक्ष ने किया प्रदर्शनी का लोकार्पण

आजाद सिपाही संवाददाता




**जमशेदपुर।** झारखंड में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा सरकार पर हमलावर है। शनिवार को भाजपा महानगर के द्वारा हेमंत सरकार की विफलता पर आधारित आरोप पत्र की प्रदर्शनी का विमोचन किया गया। मौके पर सांसद विद्युत वरण महतो, पूर्व सांसद आभा महतो, भाजपा प्रदेश मंत्री रीता मिश्रा, जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव, जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू समेत अन्य वरीय नेताओं के संग सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। साकची स्थित जिला भाजपा कार्यालय के समक्ष लगाए गये प्रदर्शनी में हेमंत सरकार की नाकामियों को उजागर किया गया। प्रदर्शनी में पिछले दिनों झारखंड से कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के आवास व कार्यालय से बरामद भारी मात्रा में कैश पर की गई पीएम नरेंद्र मोदी के पोस्ट को प्रमुखता से दिखाया गया। मौके पर मुख्य शीर्षक फाइल, फोल्डर बॉस की सरकार के 4 साल ठगबंधन मालामाल और झारखंड बदहाल, क्या हुआ तेरा वादा प्रमुखता से दर्शाते हुए सरकार की आलोचना की गयी। प्रदर्शनी में भाजपा झारखंड प्रदेश की ओर से जारी आरोप पत्र में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी व नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी के द्वारा लिखी गयी प्रस्तावना को दिखाया गया। साथ ही केंद्र सरकार की उपलब्धियों को दर्शाया गया। दूसरी ओर हेमंत सरकार के 4 वर्षों की सफलता का जिक्र करते हुए सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा वर्तमान सरकार ने 4 वर्षों के शासन में राज्य के युवाओं, किसानों, मजदूर, महिला, दलित, आदिवासी व पिछड़े समाज को सिर्फ धोखा दिया। सांसद ने कहा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सत्ता के अहंकार में मदमस्त हैं। संवैधानिक संस्थाओं की अवहेलना करना सीएम हेमंत सोरेन की फितरत में शामिल हो गया है। हेमंत सरकार ने चार साल में भ्रष्टाचार की नयी परिभाषा गढ़ी है। यह सरकार फाइल, फोल्डर और बॉस के माध्यम से भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा कर रही है। कांग्रेस सांसद धीरज साहू के विभिन्न ठिकानों से बरामद साढ़े तीन सौ करोड़ से अधिक की नगदी ने आजाद भारत में भ्रष्टाचार का नया इतिहास रचा है। महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव ने कहा कि आरोप पत्र पर आधारित प्रदर्शनी के जरिये हेमंत सरकार की विफलताओं को उजागर करते हुए आमजनों को जागरूक करने का प्रयास किया गया। सरकार अपने चार साल के कार्यकाल में सभी मोर्चों पर विफल है। राज्य के लोगों को सिर्फ धोखा देने का काम किया।

इस दौरान भाजपा प्रदेश मंत्री रीता मिश्रा, जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू, देवेंद्र सिंह, अभय सिंह, रामबाबू तिवारी, बिनोद सिंह, चंद्रशेखर मिश्रा, विकास सिंह, नीरज सिंह, अनिल सिंह, जटाशंकर पांडेय, अनिल मोदी, मंजीत सिंह, नीलू मछुआ, प्रेम झा, राजीव रंजन सिंह, अमित अग्रवाल, अजीत कालिंदी, निसार अहमद, संजय तिवारी, बिनोद राय, सुरेश शर्मा, संतोष ठाकुर, दीपक झा, अजय सिंह, हन्नु जैन, संदीप शर्मा बौबी, त्रिदेव चट्टराज, पवन सिंह, चंचल चक्रवर्ती, अमरेंद्र पासवान, बजरंगी पांडेय, राजपति देवी, लीना चौधरी, मधु तांती, रामदुलारी देवी, मधु सिन्हा, नलिनी सिन्हा, रॉकी सिंह, संतोष कुमार, कुमार अभिषेक, अभिमन्यु सिंह चौहान, अमित सिंह, नवजोत सोहल, राहुल तिवारी, मिथिलेश साव, अजय साह, दिलीप पासवान, महावीर सिंह, अभिषेक श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

# आज चाईबासा में भाजपा की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**चाईबासा।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में प्रदेश पदाधिकारी बैठक 31 दिसंबर को चाईबासा में होगी। इसमें प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेई,नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी सहित पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी होंगे शामिल।

**प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम बूथ स्तर पर सुनेंगे कार्यकर्ता** : प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में 31दिसंबर रविवार को चाईबासा में भाजपा के प्रदेश पदाधिकारी,जिलाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी गण की बैठक आयोजित है। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल ,प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेई,प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह,नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। 11 बजे मन की कार्यक्रम सुनने के पश्चात बैठक प्रारंभ होगी जिसमे सांगठनिक चर्चा होगी। 31 दिसंबर को महीने का अंतिम रविवार है इसलिए प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को प्रदेश भर में कार्यकर्ता बूथ स्तर पर सुनेंगे।

# झारखंड का कोई ऐसा सगा नहीं, जिसे इस सरकार ने ठगा नहीं : अमर बाउरी

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** चंदनकियारी के विधायक और झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी शनिवार को एक दिवसीय दौरे पर जमशेदपुर पहुंचे, जहां उन्होंने मीडिया से मुखातिब होते राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधा। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस और राजद की गठबंधन वाली सरकार अपने 4 साल पूर्ण होने पर वाहवाही लूटने में लगी है, जबकि राज्य में हर तरफ अराजकता, कुशासन, भ्रष्टाचार और लूट मची है। वहीं लॉ एंड ऑर्डर पूरी तरह ध्वस्त हो चुका है। उन्होंने वर्तमान गठबंधन सरकार को झारखंड में अबतक की सबसे भ्रष्ट सरकार करार दिया।

उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि झारखंड का कोई ऐसा सगा नहीं जिसे इस सरकार ने ठगा नहीं। झारखंड में हर दिन 5 से ज्यादा दुष्कर्म की घटनाएं हो रही हैं और सरकार चुप बैठी है। नेता प्रतिपक्ष के कहा कि इडी ने मुख्यमंत्री को सातवां समन भेजा है। इडी संवैधानिक संस्था है और मुख्यमंत्री का भी पद संवैधानिक है। ऐसे में जब राज्य का मुख्यमंत्री ही संवैधानिक पद का सम्मान न करे, इससे बड़ा दुर्भाग्य क्या हो सकता है। उन्होंने मुख्यमंत्री को नसीहत देते हुए कहा कि उन्हें इडी का सम्मान करना चाहिए और जहां इडी बुला रहा है, वहां जाकर उनके प्रश्नों का जवाब देना चाहिए।

# जनता की सोच की बदौलत ही गढ़वा में बदलाव नजर आ रहा है : मिथिलेश

**भाजपा और एआइएम आइएम नेता सहित एक दर्जन से अधिक लोगों ने थामा झामुमो का दामन**

आजाद सिपाही संवाददाता


पार्टी में शामिल हुए लोगों के साथ मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर

**गढ़वा।** भाजपा और एआईएमआईएम नेताओं सहित एक दर्जन से अधिक लोगो झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हो गये हैं। शनिवार को गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के रांची स्थित आवास पर रंका प्रखंड के खपरो पंचायत के भाजपा नेता पूर्व मुखिया जुम्मन अंसारी, एआईएमआईएम के नेता खपरो पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि नाजिर अंसारी, उप मुखिया मुनताजिर अंसारी, मुस्ताक अंसारी, शफी आलम आदि ने झामुमो प्रखंड टीम रंका के नेतृत्व में झारखंड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता ग्रहण की। मंत्री श्री ठाकुर ने सभी को माला और पार्टी का पट्टा पहना कर स्वागत करते हुए पार्टी में शामिल किया। पार्टी में शामिल होने वाले लोगों ने कहा कि सभी लोग मंत्री श्री ठाकुर के विकास कार्यों से प्रभावित होकर झामुमो में शामिल हो रहे हैं। इन्होंने कहा कि मंत्री श्री ठाकुर के कुशल नेतृत्व में गढ़वा का जिस गति से विकास हो रहा है यह काफी सराहनीय और अभूतपूर्व है। मंत्री श्री ठाकुर से पूर्व आज तक गढ़वा में किसी भी जनप्रतिनिधि ने इस तरह से विकास कार्य नहीं किया था। आज संपूर्ण गढ़वा में हर क्षेत्र में चौतरफा विकास कार्य हो रहा है। गढ़वा की जनता को अब महसूस हो रहा है कि यहां विकास कार्य करने वाले जनप्रतिनिधि हैं। गढ़वा में पहले जहां चारों तरफ विकास के नाम पर विरानी छाई हुई थी अब वहीं गढ़वा में जहां भी खड़े हो जाएं हर तरफ विकास की नई रोशनी दिखायी पड़ती है। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि गढ़वा की जनता की बदलाव की सोच के बदौलत ही आज गढ़वा में बदलाव नजर आ रहा है। गढ़वा की जनता ने जब दिल से चाहा तो विकास के लिए परिवर्तन कर दिया। अब जनता की उम्मीद है पूरी हो रही है। यदि जनता का आर्शीवाद मिलता रहा तो आगे और भी बेहतर विकास कार्य में होता रहेगा।

# पीएम मोदी ने देश को अग्रणी पंक्ति में लाने का काम किया : भानु प्रताप शाही

**भाजपा ने कार्यकर्ता सम्मेलन सह वनभोज कार्यक्रम का किया आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रमना।** भाजपा मंडल इकाई के तत्वधान में कार्यकर्ता सम्मेलन सह वनभोज कार्यक्रम का आयोजन कोरगा गांव में किया गया। वनभोज कार्यक्रम को संबोधित करते हुये विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि आने वाले 2024 चुनौतियों का वर्ष है। हमारे देश का प्रतिष्ठा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले दस वर्षो में अग्रणी पंक्ति में लाने का कार्य किया है। कहा की आपके अधूरे सपने पूरे होंगे जिसके लिए हम सभी को आज से कमर कसने की जरूरत है। कहा कि इस निरंकुश हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए तैयार है। कहा कि देश के सबसे बड़ी पार्टी आज गांव के अंतिम व्यक्ति को आगे के पंक्ति में लाने के लिए कई योजनाएं चला रही है। कहा कि गरीबों, किसानों, महिलाओं, युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए कई कार्य कर रही है। उन्होंने अपने कार्यकर्ताओं को एकजुट रखने की बात कहीं। कार्यक्रम को मंडल अध्यक्ष बलजीत सोनी, लक्ष्मण राम, सांसद प्रतिनिधि प्रभात कुमार, श्री प्रसाद गुप्ता, रवींद्र चौधरी, अजय कुमार सिंह, शैलेंद्र कुमार सिंह, राजेश सिंह, अमित प्रकाश सहित कई लोगो ने संबोधित किया। मौके पर जोखू सिंह, शंकर चंद्रवंशी, राकेश विश्वकर्मा, संजय ठाकुर, कृष्णा विश्वकर्मा, त्रिपुरारी सोनी, दिलीप पासवान, अभय मेहता, रंजीत सोनी, मुन्ना सिंह, अजय बैठा, उमाशंकर, भगवान, सकेंद्र, रोहित मेहता, महानंद सहित सैकड़ो लोग मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन विधायक प्रतिनिधि पंकज कुमार सिंह ने किया।

## अबुआ आवास में पैसा लेनेवाले अधिकारी बिचौलिया जायेंगे जेल : नितेश सिंह



रंका (आजाद सिपाही)। झारखंड की हेमंत सरकार ने अबुआ आवास निर्माण के लिए अभियान चलाया है। अगर कोई पदाधिकारी विचौलिया आवास के नाम पर अवैध वसूली करता है तो उसे गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की जायेगी। उक्त बातें गढ़वा जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार वंचित लोगों को अबुआ आवास देने के लिए कृतसंकल्पित है। हेमंत सरकार के चार साल पूरे होने पर 29 दिसंबर को रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित लाभुक जन सभा में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अबुआ आवास, बिरसा सिंचाई कूप सहित अन्य सभी योजनाओं को चालू करने के लिए औपचारिक घोषणा भी कर दी है। घोषणा के आलोक में अबुआ आवास, बिरसा सिंचाई कूप आदि योजनाओं को अविलंब चालू करना पदाधिकारियों की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि निम्न वर्ग के लोगों को अबुआ आवास मिले। अगर कोई पदाधिकारी या विचौलिया आवास के नाम पर अवैध वसूली करता है तो उसे गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि यह आवास गरीब लोगों को मिले और इसका लाभ वंचित लोग उठाएं।

## विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक संपन्न



गढ़वा (आजाद सिपाही)। समाहरणालय गढ़वा स्थित सभागार में उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में जिले में संचालित विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक किया गया। बैठक में उपायुक्त द्वारा एक-एक कर ग्रामीण विकास, भू-अर्जन, लघु सिंचाई, शिक्षा, पथ निर्माण, पेयजल, एनआरईपी, पंचायती राज और अन्य विभागों के कार्यपालक अभियंता एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी से संचालित योजना यथा सड़क निर्माण, पुल पुलिया निर्माण, जलमिनर निर्माण, सामुदायिक शौचालय निर्माण, ओपन जिम निर्माण, चेक डैम निर्माण, पुस्तकालय निर्माण, हेल्थ उप केंद्र निर्माण समेत अन्य कार्यों की एक-एक कर समीक्षा की गयी।

## ग्रामीणों के बीच कंबल का वितरण




बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा नगर ऊंटरी के द्वारा कंबल वितरण कार्यक्रम के अंतर्गत आज शुक्रवार को पताहरिया ग्राम में ग्रामीणों के बीच कंबल वितरण किया गया। उक्त अवसर पर शाखा के उपाध्यक्ष हेमंत प्रताप देव ने बताया कि श्री सर्वेश्वरी समूह का स्थापना 1961 में मानव मात्र की सेवा, जनकल्याण कार्यों के लिए किया गया था। समूह के 19 सूत्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत छुआछूत को लेकर व्यापक पैमाने पर जन जागरण जागरूकता अभियान चलाया गया। उन्होंने कहा कि समूह के द्वारा मिर्गी रोगियों के लिए नि:शुल्क कैंप लगाकर दवा दिया जाता है, जो समय-समय पर आयोजित होता आया है। समूह के द्वारा सिर्फ समूह शाखा नगर ऊंटरी के माध्यम से ही कम से कम दस हजार लोगों को अभी तक दवा देकर उन्हें ठीक किया गया जबकि पूरे समूह में लाखों लोगों को अभी तक मिर्गी की दवा देकर ठीक किया गया है। मौके पर शाखा के व्यवस्थापक संजीव कुमार सिन्हा, मंत्री आनंद जायसवाल, नागेंद्र प्रसाद, राजेंद्र यादव, नवनीत कुमार सिन्हा, राजीव कुमार सिन्हा, मनोज प्रताप देव, पंकज प्रताप देव, दिलीप प्रताप देव, विकाश देव सहित अन्य लीग उपस्थित थे।

## अबुआ आवास की प्राथमिकता सूची तैयार करने को लेकर ग्राम सभा आयोजित




केतार (आजाद सिपाही)। प्रखंड के बलिगढ़ पंचायत सचिवालय में अबुआ आवास की प्राथमिकता सूची तैयार करने को लेकर ग्राम सभा आयोजित की गयी। इस ग्राम सभा में ग्रामीण, संबंधित जनप्रतिनिधि और प्रखंड कर्मी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। पंचायत सचिव के द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी से दूरभाष से इसकी जानकारी दी गयी। उसके बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए बताया कि ग्राम सभा कर योग्य लाभुक को आवास का लाभ हरहाल में दिया जायेगा। इस मौके पर प्रमुख चंद्रावती देवी, मुखिया ललिता कुमारी, मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन प्रसाद गुप्ता, बीडीसी प्रतिनिधि कामेश्वर सिंह, सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित हुए।

**अनियमितता को लेकर उपमुखिया सहित 7 वार्ड सदस्यों ने ग्रामीणों के साथ किया विरोध प्रदर्शन**

# मुखिया पर अपने करीबियों को अबुआ आवास का लाभ दिलाने का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता



**विशुनपुरा।** पतिहारी पंचायत में अबुआ आवास के ग्रामसभा में अनियमित्ता को लेकर उपमुखिया सहित 7 वार्ड सदस्यों ने ग्रामीणों के साथ विरोध प्रदर्शन किया। मुखिया पर अपने करीबियों को अबुआ आवास का लाभ दिलाने का आरोप लगाया है। विरोध के दौरान उपमुखिया जमीरत बीबी, वार्ड सदस्य असून बीबी, समीम बीबी, दुलारी देवी, जगदीस बैठा, रूबी देवी, धुरपतिया देवी, मदीना बीबी, ग्रामीण महफूज अंसारी, अवधेश राम, नवशाद अंसारी, मुखलाल रजवार, चमन अंसारी सहित सैकड़ो ग्रामीणों ने कहा कि ग्रामसभा को लेकर किसी भी वार्ड सदस्य और ग्रामीणों को जानकारी नही दिया गया है। उन्होंने बताया कि प्रमुख वॉट्सऐप ग्रुप के द्वारा जनाकारी हुआ कि आवास का ग्रामसभा किया जाना है। जिसके बाद हमसभी पंचायत भवन पहुंचे है। तो देखा कि पंचायत भवन के एक कमरा में ग्रामसभा किया जारहा है। जबकि सैकड़ों ग्रामीण बाहर ग्रामसभा का विरोध कर रहे है। उन्होंने कहा कि कार्यकारणी के बैठक में किसी वार्ड सदस्यों को नही बुलाया जाता है। सिर्फ फाइल में कार्यकारणी की बैठक करा लिया जाता है। उन्होंने मुखिया प्रतिनिधि मुन्ना अंसारी पर अपशब्द बोलने का आरोप लगाया है। वहीं विरोध की जानकारी पर प्रखंड प्रमुख दीपा कुमारी मौके पर पहुंची, और ग्रामीणों से ग्रामसभा की जानकारी लिया। उसके बाद प्रमुख काफी नाराजगी जतायी है। उन्होंने मौके पर पंचायत सचिव जगदीस राम को काफी फटकार लगाया है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की सख्या काफी होने के बाद भी एक कमरा में ग्रामसभा किया जारहा है। जो कि घोर अनियमितता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि योग्य लाभुकों को ही अबुआ आवास का लाभ दिया जायेगा।

इस संबंध में पतिहारी पंचायत की मुखिया रब्या फिरदोसी ने बताया कि ग्रामसभा संबंधित जारी लेटर में उपमुखिया और वार्ड सदस्यों का उपस्थित होने का जिक्र नही किया गया है। और हमारे द्वारा कोई अपशब्द भाषा का प्रयोग नही किया गया है।

## एक ही रात चार घरों में चोरी, संदिग्ध हिरासत में



कांडी (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र अंतर्गत घटहुआं कला गांव में एक ही रात चार घरों में चोरी हो गयी। घटना शुक्रवार की मध्य रात्रि की है। ग्रामीणों ने शनिवार की सुबह घटना की सूचना पुलिस को दिया। उक्त गांव निवासी विंध्याचल साह, श्यामनारायण साह, बसंत राम व रामसुमेर साह के घर में चोरी हुई है। विंध्याचल साह का पुत्र नीतीश कुमार ने बताया कि मेरे घर में वीवो कंपनी की एक मोबाइल, डेढ़ किलो घी व पांच हजार रुपये की चोरी हुई है। जबकि बसंत राम ने बताया कि जिओ कंपनी की एक मोबाइल व दो सौ रुपये की चोरी हुई है। चोरी की घटना की सूचना पाकर शनिवार की सुबह एसआई शंभू कुमार पहुंचे। साथ ही कुंवर मुसहर व ललन मुसहर को पूछताछ के लिए थाना ले जाया गया है। इस संबंध में थाना प्रभारी दीपक कुमार राणा ने बताया कि ग्रामीणों के बताने पर पुलिस दो लोगों को पूछताछ के लिए थाना लायी है।अगर चोरी में संलिप्तता पायी जाती है तो पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी। अगर गलत होता है, तो उन्हें छोड़ दिया जायेगा।

## 1 जनवरी से राशन दुकान बंद रखने को लेकर बीडीओ को मांग पत्र सौंपा


बीडीओ को मांगपत्र सौंपते डीलर

श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन झारखंड के आहवाहन पर जनवितरण प्रणाली के दुकानदारों ने शनिवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवेदन देकर आगामी एक जनवरी से राशन दुकान बंद रखने की जानकारी मांग पत्र सौंप कर दिया है। बीडीओ को दिये गये आवेदन में कहा गया है कि केंद्र सरकार की दमनकारी नीतियों के विरोध में अपनी मांगों के समर्थन में ऑल इंडिया फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन के आहवाहन पर गढ़वा जिला के राशन विक्रेताओं द्वारा आगामी एक जनवरी से देशव्यापी राशन की दुकान अनिश्चित काल के लिये बंद रखने की सूचना दी जा रही है। मौके पर जन वितरण प्रणाली के दुकानदार दीनदयाल शुक्ल, रविंद्र प्रताप देव, अशोक कुमार, अजीत पांडेय, हरिहर राम, सत्येंद्र कुमार सिंह, मुन्नू, अमरनाथ गुप्ता सहित अन्य लोगों का नाम शामिल है।

# तीन करोड़ की लागत से बनने वाली पांच सड़कों का शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** गढ़वा नगर परिषद क्षेत्र के तीन करोड़ की लागत से बनने वाले पांच लाइफ लाइन सड़क का शिलान्यास एवं भूमि पूजन शनिवार को नगर परिषद के विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र सिन्हा और स्थानीय झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरीय नेताओं, विभिन्न वार्ड कमेटी के अध्यक्ष, सचिव के साथ मिलकर संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर नगर परिषद के विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र सिन्हा ने कहा कि आज जिन पांच सड़क का शिलान्यास किया गया है वह सड़क काफी खराब हो गयी थी, जिससे कारण इस सड़क से होकर गुजरने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था।मंत्री सह विधायक मिथिलेश कुमार ठाकुर ने इसे काफी गंभीरता से लेते हुए इन सड़कों को पथ निर्माण विभाग से तीन करोड़ सात लाख अठहत्तर हजार रुपये की लागत से अविलंब बनायें जाने की स्वीकृति दिलायी थी। जिन सड़कों का शिलान्यास किया गया है, उनमें गढ़वा रेलवे स्टेशन जाने वाली मुख्य पथ, शिव ढोढा रोड की सड़क, सोनपुरवा राम बांध तालाब वाली सड़क, इंदिरा गांधी रोड वाली सड़क, मदरसा रोड वाली सड़क, शमीम टेलर के पास से नगवा जाने वाली सड़क, टंडवा टांडी पर, पानी टंकी के पास वाली सड़क का शिलान्यास किया गया है। संवेदक को कार्य की गुणवत्ता के साथ कोई समझौता नहीं करने की हिदायत भी दी गयी। इस मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरीय पदाधिकारी और नेता अनीता दत्त, दिव्य प्रकाश केशरी, संतोष केशरी, भरत केशरी, भोला केशरी, उमेश विश्वकर्मा, साबिर अंसारी, आरिफ रजा, सतीश चंद्र, गुड्डू तिवारी, संजू सिंह, राजू कुमार आदि उपस्थित थे।

## इवीएम और वीवीपैट अवेर्नेस का एक दिवसीय प्रशिक्षण

श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। निर्वाचन आयोग और जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गढ़वा के निर्देशानुसार आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के निमित्त सभी आम जनों के बीच ईवीएम और वीवी पैट को लेकर जागरूकता और जानकारी उपलब्ध कराने के लिये प्रखंडों से नामित 10-10 कर्मियों को शनिवार को अनुमंडल कार्यालय के सभागार मे ईवीएम और वीवीपैट अवेर्नेस का एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। उक्त कार्यक्रम में प्रशिक्षक विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर सहायक शिक्षक अविनाश कुमार, जनसेवक प्रशांत कुमार और सहायक शिक्षक धर्मेंद्र कुमार सहाय ने सभी को प्रशिक्षण दिया। मौके पर भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के केतार, खरौंधी, भवनाथपुर, कांडी अंश भाग, नगर ऊंटरी, बिशनपुरा, रमना, धुरकी, सगमा और डंडई प्रखंड के दस-दस नामित कर्मी उपस्थित थे।

## केतार में भारतीय जनता युवा मोर्चा का गठन



केतार (आजाद सिपाही)। लोहिया समता उच्च विद्यालय के प्रांगण में भारतीय जनता युवा मोर्चा का मंडल सशक्तिकरण अभियान के तहत बैठक किया गया। जिसमें केतार मंडल प्रभारी जितेंद्र दीक्षित की मौजूदगी में मंडल के सभी युवाओं की सर्वसहमति से रविंद्र सोनी को केतार मंडल का अध्यक्ष बनाया गया। वहीं केतार मंडल के महामंत्री अमित चंद्रवंशी, विमलेश पासवान, मंडल उपाध्यक्ष गौरव सिंह, गौतम पाल, मंडल मंत्री प्रमोद सिंह सहित 25 सदस्यीय मंडल कार्यसमिति सदस्य नियुक्त किये गये। मौके पर जिला मिडिया प्रभारी राजीव रंजन पासवान, सीताराम जायसवाल, विजय गुप्ता, रामाशीष यादव आदि कई भाजयुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बांकी नदी से प्रतिदिन सैकड़ों ट्रैक्टर से हो रहा है धड़ल्ले से अवैध बालू का उठाव

आजाद सिपाही संवाददाता



**विशुनपुरा।** प्रखंड में बांकी नदी से प्रतिदिन सैकड़ो ट्रेक्टर अवैध बालू का उठाव धड़ल्ले से किया जारहा है। जिले के उपायुक्त द्वारा गठित टास्क फोर्स अवैध बालू उत्खन्न रोकने में नाकाम साबित हो रहे है। वहीं बालू माफिया रातो रात बालू बेच कर मालामाल हो रहे है। नियम को ताक पर रख कर बालू माफियाओ द्वारा अवैध बालू उठाव करने से बाकी नदी नाला में तब्दील हो गया है। नदी में सभी जगह भयावह कुआं का रूप ले लिया है, जो आये दिन एक बड़ी घटना को आमंत्रित कर रही है। बताया जाता है कि प्रत्येक दिन अवैध रूप से बालू का उठाव बाकी नदी के पतिहारी दर, सोनडीहा, विशुनपुरा नदी घाटो से किया जा रहा है। बाकी नदी से अवैध बालू का उठाव कर बंशीधर नगर, रमना, बरडीहा, मेराल थानां क्षेत्र के कई गांवों में बड़े पैमाने पर सप्लाई किया जा रहा है। बालू माफियाओं द्वारा दूसरे थाना क्षेत्रों में बालू बिक्री किये जाने पर प्रति ट्रेक्टर 5 हजार रु की मोटी कमायी होती है। इस कारण स्थानीय आवास लाभुकों को बालू नही मिलने के कारण आवास अधूरा पड़ा हुआ है, इसके बावजूद संबंधित विभाग के अधिकारी द्वारा कोई कार्रवाई नहीं होने के कारण बालू माफियाओ का मनोबल काफी बढ़ गया है।

मालूम हो कि अवैध रूप से बालू उत्खनन पर रोक लगाने को लेकर जिले के उपायुक्त द्वारा एक टास्क फोर्स टीम का गठन किया गया था। इस टीम में एसडीओ, सीओ और थाना प्रभारी को रखा गया है। अवैध बालू के खिलाफ छापेमारी कर नदी से हो रही उत्खनन और परिवहन पर रोक लगानी है, लेकिन अवैध उत्खन्न पर कोई कार्रवार्ठ नहीं होने के कारण बालू माफिया नदी से बालू उत्खन्न कर दूसरे प्रखंडों में बेचने में लगे हुए है। बताया जाता है कि बालू माफियाओं का उच्ची पहुंच होने के कारण कोई कार्रवाई नहीं होती है। इस संबंध में पूछे जाने पर अंचल अधिकारी वाशुदेव राय ने कहा कि छापेमारी अभियान चला कर कारवायी की जायेगी।

## ज्ञान निकेतन बीएसकेडी को हरा क्वार्टर फाइनल में




गढ़वा (आजाद सिपाही)। 22वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट स्कूल गढ़वा की टीम ने बीएसकेडी की टीम को छह विकेट से हराकर क्वार्टर में प्रवेश किया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट स्कूल गढ़वा के कुशल को मुख्यालय डीएसपी संतोष कुमार, पर्यवेक्षक मुजीबउद्दीन खान, सचिव आनंद सिन्हा ने सयुक्त रूप से प्रदान किया। इस मौके डीएसपी संतोष कुमार ने कहा कि खेल में हार-जीत एक सिक्के के दो पहलू हैं। इसकी परवाह किये बगैर खिलाड़ियों को खेल के मैदान में डटे रहना चाहिए। इस मौके पर विशाल कुमार, अभिषेक, मौसिन, नवनीत प्रिंस खान, प्रिंस दुबे शामिल थे। कमेंटेटर की भूमिका मनोज तिवारी ने निभाया।

## बीडीओ ने मतदाता सूची का किया सत्यापन



कुडू - लोहरदगा (आजाद सिपाही)। कुडू बीडीओ सह उपनिवार्ची पदाधिकारी प्रवेश कुमार साव ने शनिवार को प्रखंड क्षेत्र के कुडू, टाटी पंचायत के बूथ नं 141, 147 सहित कई मतदान केंद्र का भ्रमण किया तथा बीएलओ की उपस्थिति में संबंधित क्षेत्र के मतदाताओं के घर-घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन का किया। इस दौरान उनके साथ प्रखंड कल्याण पदाधिकारी अवध किशोर प्रसाद, बुधेश्वर उरांव भी मौजूद थे। बीडीओ श्री साव ने बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मतदाता सूची का कार्य हो रहा है। इसी क्रम में सुपर चेकिंग के तहत वैसे मतदाता जिन्होंने स्थानान्तरण या विलोपन के लिए आवेदन किया है उनके घर पहुंचकर सत्यापन किया जा रहा है। इस दौरान मतदाताओं द्वारा उपलब्ध करायी गयी जानकारी सही है या नही उसका मिलान किया जा रहा है। मौके पर बीएलओ ज्योति रेखा सहित स्थानीय मतदाता मौजूद रहे।

## सड़क निर्माण में गुणवत्ता का नहीं रख रहे ध्यान



भंडरा /लोहरदगा (आजाद सिपाही)। प्रखंड के बेदाल से सुरसा सीमान पर करीब 96 लाख की लागत से बन रहे प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में भारी अनियमितता बरती जा रही है। बेदाल ग्राम से सुरसा सीमान तक की तीन किमी की सड़क मरम्मत में गुणवत्ता में हेर-फेर करते हुए निर्माण एजेंसी के द्वारा घटिया निर्माण कार्य किया जा रहा है। ग्रामीणों की शिकायत पर मसमानो मुखिया ममता कुमारी ने शनिवार को निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुखिया ने बताया कि जिस मापदंड से सड़क निर्माण होना था वैसा नहीं हुआ है। ठेकेदार ने सारे नियम कायदों को दरकिनार कर मनमानी तरीके से घटिया कार्य किया जा रहा है। जब तक कार्य में सुधार नहीं होगा तबतक कार्य को बंद किया जायेगा। इस मौके पर अनिल महतो, लक्ष्मण साहू, चंदन महतो, सुरेन्द्र साहू, ब्रजेश साहू अदि मौजूद थे।

## इदारा-ए शरिया तहरीके बेदारी और इसलाहे मोआशरा कांफ्रेंस की समीक्षा बैठक हुई



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। लोहरदगा ईदगाह मैदान मे अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा द्वारा इदारा-ए शरिया तहरीके बेदारी व इसलाहे मोआशरा कांफ्रेंस का विगत 18 दिसंबर 2023 को आयोजित जलसा का समीक्षा बैठक लोहरदगा अंजुमन इस्लामिया के सदर हाजी अफ्सर कुरैशी की अध्यक्षता में शनिवार को हाजी अफ्सर कुरैशी के निवास स्थान में संपन्न हुआ। बैठक में हाजी अफ्सर कुरैशी ने कहा कि जेमैतूल कोरेश इस्लाम नगर और राहत नगर के नव जवानों का काफी अच्छा योगदान था। किसी भी आयोजन का सफल करने में युवा कार्यकर्ता से ही संभव होता है। नौजवानो का बहुत ज्यादा मेहनत रहा और ग्रामीण क्षेत्रों के अंजुमन इस्लामिया के सदर वा सेक्रेट्री और अवाम का सहयोग मिला। समीक्षा बैठक में आय व्यय का विवरण प्रस्तुत किया गया और बाकी राशि को बाबा दुखन शाह में मजार कमेटी को देने का निर्णय लिया गया। अंजुमन इस्लामिया के सदर हाजी अफ्सर कुरैशी, मौलाना रियाजुद्दीन अंसारी, महिबुल्लाह अंसारी, मुख्तार अंसारी, इमरान आजाद, इमतियाज, मोबीन आदि उपस्थित थे।

## किसान समय से पशुओं को जोंक का दवा दिलायें और टीकाकरण करायें: डॉ. रोहित




सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के मुर्की तोड़ार पंचायत अन्तर्गत मुर्कि ग्राम में बाएफ संस्था और एचडीएफसी बैंक द्वारा पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित पशु शिविर कार्यक्रम में पशु चिकित्सक डॉ. रोहित ने लाभुक किसानों को गाय, बकरी, शूकर पालन के बारे में विस्तृत जानकारी दिया। वहीं आयोजित शिविर में बाएफ संस्था द्वारा पशुपालक किसानों के बीच विटामिन, प्रोटीन, कृमि व जोंक का दवा मुफ्त में वितरण किया गया। मौके पर शिविर में बाएफ संस्था से प्रोजेक्ट ऑफिसर प्रवीण कुमार, अनशुमन पाढी, फिल्ड गाईड सुमरारेन बखला के अलावे रामजीत उराँव,सहदेव उराँव, आशिक, मनोज सहित सैकड़ों पशुपालक किसान उपस्थित थे।

## प्रबंधन कार्यकारिणी समिति के अध्यक्ष बने शरत विद्यार्थी



कैरो लोहरदगा (आजाद सिपाही)। कैरो सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कैरो में प्रबंधन कार्यकारिणी समिति की बैठक अध्यक्ष बजरंग उरांव की अध्यक्षता में एवम गुमला विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार की गरिमामय उपस्थिति में एक बैठक हुई। जिसमें वर्तमान अध्यक्ष बजरंग उरांव ने वर्तमान समिति को भंग करने की घोषणा की और प्रांतीय प्रतिनिधि माननीय विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार जी ने आग्रह किया की नवीन समिति की घोषणा किया जाये। जिसमें सभी सदस्यों के सर्वसम्मति से शरत कुमार विद्यार्थी को अध्यक्ष, भोला प्रसाद और बजरंग सोनी उपाध्यक्ष, संजय कुमार साहू को सचिव, सुरेंद्र साहू को सहसचिव, मुरारी सोनी कोषाध्यक्ष, अखिलेश कुमार विभाग प्रमुख, बिपिन कुमार दास संकुल प्रमुख एवं संरक्षक बजरंग उरांव आदि को चयनित किये गये। बैठक शांति मंत्र के साथ संपन्न हुई। उक्त कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गुमला विभाग प्रमुख अखिलेश ने कहा कि संघ परिवार की मेहनत और संघर्ष ने वर्तमान समय में पूरे भारत वर्ष में लगभग पचीस हजार शिक्षण संस्थाओं की उपलब्धि हासिल हुई है।

# यह सरकार विफलता पर मना रही जश्न : सीपी सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी ने झारखंड गठबंधन सरकार की विफलता के चार वर्ष विषय को लेकर प्रेस वार्ता किया। जिसमें रांची विधानसभा विधायक सीपी सिंह ने कहा कि झारखंड के प्रत्येक जिलों में प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से 4 वर्ष की विफलताओं को लेकर भाजपा द्वारा आरोप पत्र जारी करते हुए अपनी बात को रखी जा रही है। आरोप पत्र में 4 वर्ष में झारखंड गठबंधन सरकार की विफलता और केंद्र के द्वारा दिए गए राशि का पूर्ण विवरण है। सरकार केंद्र के द्वारा दी गयी राशि का खर्च नहीं कर पा रही है, साथ ही उसकी हिसाब खिताब प्रस्तुत नहीं करती और केंद्र पर राशि नहीं देने का आरोप लगाती है।




झारखंड की गठबंधन सरकार स्थानीय नीति, नियोजन नीति बहाल नहीं कर पायी। लेकिन हर बार सदन में पास करा कर आनंद जनता की आंखों में धूल झोंकने का काम करती है यह सत्ता के नशे में इतनी चूर हैं कि उसमें कुछ सुझाव को बगैर जोड़े हुए राज्यपाल के पास भेज दिया जाता है। इनके बनाएं गये स्थानीय नीति का माननीय न्यायालय ने भी खारिज कर दिया है। इससे स्पष्ट पता होता है कि वर्तमान सरकार केवल आम जनता को ठगने का कार्य कर रही है। इन्होंने कोई नीति तैयार नहीं किया है उनकी नीतियों में भी कूटनीति समाहित होती है। जिसका खामयाजा झारखंड के लोग भुगत रहे। झारखंड युवा को भरपूर ठगने का कार्य किया। खान खदान में लूट सरकार के इशारों पर हो रही है।

सरकार में बैठे लोग आर्थिक लाभ ले रहे हैं। सरकार सफलता के 4 वर्ष का जश्न मना रही है। वहीं इसी प्रदेश के दो-दो बड़े अधिकारी जेल के अंदर हैं और कई और जाने वाले हैं। वहीं झारखंड के मुख्यमंत्री को इडी लगातार सम्मन भेज रही है। जिला प्रभारी मनोज मिश्रा ने कहा कि राज्य का कोई ऐसा वर्ग नहीं है जो इस सत्ते में बैठे लोगों के कार्य शैली खामियाजा जनता भुगत रही है। मौके पर जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, जिला महामंत्री राजकुमार वर्मा, जिला मिडिया प्रभारी पशुपति नाथ पारस शामिल थे।

# दो एकड़ में लगी अफीम की खेती को पुलिस ने किया नष्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**बालूमाथ।** हेरहंज थाना क्षेत्र के कटांग गांव के करांग टोला में पुलिस ने शनिवार को अफीम की खेती को नष्ट किया है। लगभग दो एकड़ खेत में लगे फसल को पुलिस टीम ने नष्ट कर दिया है। साथ ही सैंपल के लिए कुछ पौधे, फूल और फल को जब्त कर लिया गया है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई किया है। इस संदर्भ में बालूमाथ थाना पुलिस इंस्पेक्टर शशिरंजन कुमार ने बताया कि मामले में शामिल लोगों पर प्राथमिकी भी दर्ज की जायेगी।



### क्या कहा पुलिस इंस्पेक्टर ने:

**हेरहंज थाना क्षेत्र के कटांग गांव के कुरांग टोला में पुलिस की ओर से छापेमारी कर लगभग दो एकड़ में लगे अफीम के फसल को नष्ट किया गया है। इस संदर्भ में प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है।**

हेरहंज थाना क्षेत्र का इलाका जो पलामू जिला सीमा से सटा हुआ है वहां बड़े पैमाने पर अफीम की खेती किये जाने की सूचना पुलिस को मिली। लातेहार एसपी अंजनी अंजन के निर्देश पर सूचना का सत्यापन कराया गया। सत्यापन के बाद बालूमाथ थाना पुलिस इंस्पेक्टर शशिरंजन कुमार की अगुवाई में हेरहंज थाना पुलिस पदाधिकारियों की टीम गठित कर छापेमारी की गयी। छापेमारी में पुलिस ने लगभग दो एकड़ में लगे अफीम की फसल को नष्ट कर दिया है।

हालांकि इस मामले में अब तक किसी की गिरफ्तारी नहीं की जा सकी है। विदित हो कि पूर्व में भी इन क्षेत्र में इस प्रकार की कार्रवाई की जा चुकी है।

# डोंकी पंचायत की महिलाओं ने स्वास्थ्य विभाग के एएनएम पर पैसे लेने का लगाया आरोप

**नए एएनएम को कार्यभार देते हुए आरोपी एएनएम पर कार्रवाई की जिला प्रशासन से किया मांग**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मनिका लातेहार।** मनिका डोंकी पंचायत में स्वास्थ्य विभाग के एएनएम पर पैसे लेने का महिलाओं ने लगाया आरोप। वहीं नहीरा और हेसातु गांव के लोगों ने कहा पल्हेया पंचायत स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य उपकेंद्र में संगीता देवी नामक महिला एएनएम के पद पर कार्यरत हैं हम लोगों के गांव से जब भी कोई महिला डिलीवरी करवाने के लिए अस्पताल जाता है, तो डिलीवरी के बाद एएनएम के द्वारा उनसे 1500 से लेकर 5000 तक की वसूली की जाती है मना करने पर बोला जाता है कि मैं किसी का नौकर नहीं हूं यह मेरा मेहनत का पैसा है देना पड़ेगा नहीं देने पर बच्चों को अस्पताल से छुट्टी नहीं दी जाती है पैसे देने के बाद ही बच्चे को अस्पताल से ले जाने को बोला जाता है। महिलाओं ने यह भी आरोप लगाया कि जन्म प्रमाण पत्र के लिए भी हम लोगों से अवैध वसूली की जाती है पैसे नहीं देने पर जन्म प्रमाण पत्र नहीं दिया जाता है, जिस वजह से आज गांव के कई बच्चों का आधार कार्ड नहीं बना है और वह शिक्षा से वंचित हैं। महिलाओं ने बताया कि अगर किसी का घर पर नॉर्मल डिलीवरी होता है तो उन्हें भी अस्पताल बुलाकर उनसे पैसे मांगे जाते हैं पैसे नहीं देने पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा नवजात शिशुओं को नियमानुसार मिलने वाली टीकाकरण नहीं दी जाती है जिसके कारण एएनएम को पैसे देने पड़ते हैं। वहीं महिलाओं ने स्वास्थ्य उपकेंद्र में नए एएनएम को कार्यभार देने और आरोपी एएनएम पर कार्रवाई करने का जिला प्रशासन से मांग किया है। मौके पर संगीता देवी, खुशबू देवी, राधा देवी, सविता देवी, बसंती देवी, कुलदीप सिंह, फुलेंद्र तुरी सेमत दो दर्जन से अधिक महिलाएं उपस्थित थी।



### जन मजदूर परिवार संघ का मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र

# लातेहार में डीवीसी कोल माइंस कर रहा है मनमानी, स्थानीय को रोजगार नहीं: ग्रामीण

आजाद सिपाही संवाददाता


**लातेहार।** लातेहार कुंदरी में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को अपने आने पर जन मजदूर परिवार संघ के द्वारा 33 सूत्री मांग पत्र दिया है और कहां है कि मुख्यमंत्री जी लातेहार स्थित डीभीसी कंपनी को हम लोग के द्वारा 33 सूत्री मांग तीन बार सौंपा गया है। लेकिन कंपनी के तरफ से किसी भी बिंदु पर संतुष्ट जवाब हम लोगों को नहीं दिया गया है। हम लोग के साथ कंपनी के लोग छल कपट करते रहे हैं। कंपनी हमारी जमीन भी ले ली है। सरकार के नियोजन नीति के अनुसार साथ ही आपने भी कहा है कि झारखंड के किसी भी क्षेत्र में कोई भी कंपनी अपना उद्योग लगती है तो स्थानीय लोगों को 75% रोजगार स्थानीय युवक और युवतियों को देना पड़ेगा।परंतु कंपनी ने अभी तक एक भी स्थानीय लोगों को नौकरी में प्राथमिकता नहीं दिया है। कंपनी स्थानीय लोगों से एक बार भी



किसी भी बिंदु पर वार्ता भी नहीं किया है। कंपनी में सारे मजदूर बाहर से आकर कार्य कर रहे हैं और यहां के खनन क्षेत्र के इर्द गिर्द रहने वाले मजदूर भाई अन्य राज्यों में रोजगार के लिए पलायन कर रहे हैं। खनन क्षेत्र सटे हुए जो लोगो का खेत और घर है। माननीय मुख्यमंत्री लातेहार में डीवीसी कंपनी हो एनटीपीसी हो हिंडालको हो यह सभी कंपनियां यहां के स्थानीय पढ़े लिखे युवक युवतियों तथा मजदूर भाइयों को किसी तरह का कोई रोजगार देना नहीं चाहती है। रैयत की जमीन पर बिना रैयत से पूछे जमीन पर खुदाई की जा रही है और मना करने पर स्थानीय युवक को टारगेट कर उसे दंडित कराया जाता है और मांग को बुलंद करने पर मामला दर्ज करवाने की धमकिया दिलाई जाती है। जिससे हम युवक डरे सहमे हुए हैं।

**जन मजदूर परिवार संघ के द्वारा 33 सूत्री मांग:** झारखंड सरकार के नियोजन नीति के अनुसार परियोजना के अंदर स्थानीय लोगों को 75% रोजगार दिया जाएं, परियोजना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले सभी प्रभावित और विस्थापित गांव के जनता को जलावन के लिए कोयला मुफ्त किया जाए, परियोजना क्षेत्र के सभी प्रभावित गांवों को मुक्त बिजली दिया जाए, परियोजना क्षेत्र के सभी प्रभावित गांवों को पीने के लिए शुद्ध पानी दिया जाएं, परियोजना क्षेत्र के अंदर जो भी वहां की आवश्यकता होगी स्थानीय लोगों को प्राथमिकता दी जायें,जमीन का मुआवजा सरकारी रेट के हिसाब से 2023 -2024 के आकलन से दिया जाए, प्रभावित और विस्थापित के लिए सुंदरीकरण करवा कर खेल प्रभावित क्षेत्र के रैयतों के आश्रितों को डीवीसी कंपनी के द्वारा उचित राशि दिया जाए। इस तरह की मांग खनन क्षेत्र के प्रभावित रैयतों ने मांग किया है। इधर लातेहार के कुंडली में झारखंड राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी कहां है कि झारखंड राज्य के किसी भी क्षेत्र में कोई भी कंपनी अपना प्रोजेक्ट लगती है तो जिले के उपायुक्त ने कहा है कि स्थानीय लोगों को 75% रोजगार मिलनी चाहिए इसका लिस्ट हमें भेजा जाए ऐसा नहीं करने पर कंपनी के लोगों पर कार्रवाई की जायेगी। डीवीसी के खनन क्षेत्र से सटे हुए केड गांव के ग्रामीणों ने कहा कि डीवीसी हुमलोगों को रोजगार नहीं देती है। हम लोग बाहर काम करने जाते है। कंपनी केवल हमलोगों को कोयला का धूल खिलाती है। साथ ही कोयले के धूल से मेरा फसल भी बर्बाद हो गया।

## पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी पहुंचे जन मजदूर परिवार संघ के कार्यालय, कई बिंदुओं पर चर्चा की



लातेहार (आजाद सिपाही)। लातेहार के डीही मुरूप पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी का कार्यालय आगमन हुआ। जन मजदूर परिवार संघ के सदस्य द्वारा कई मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया। डीवीसी तूबेद कोल माइंस के मनमानी के संबंध में रोजगार और विकस संबंधी पुर्णवास के कई बिंदु पर विचार विमरा किया गया। साथ ही समस्या सुनने पर पूर्व मंत्री श्री त्रिपाठी के द्वारा विश्वास दिलाया गया है कि हम जन मजदुर परिवार संघ के साथ मिल कर हक को अधिकार दिलाने के लिए हमेशा तत्पर प्रयास करते रहेगें। वहीं मौके पर मो० रामसेर आलम खलील अंसारी, शिवपुजन सिंह, सुरेंद्र सिंह, मंजर हुसैन, सतीश सिंह, अफाक आलम अमीर हमजा मो० फताउल अंसारी नूर आलम गुफरान समेत कई लोग मौजूद थे।

## सीसीएल मुख्यालय में सम्मान सह विदाई समारोह आयोजित

बालूमाथ (आजाद सिपाही)। सीसीएल मुख्यालय में विभिन्न विभागों से सेवानिवृत्त हुये 9 कर्मियों को शनिवार को सम्मान सह विदाई समारोह आयोजित कर भावभीनी विदाई दी गयी। सेवानिवृत्त होने वालों में राजेंद्र सिंह महाप्रबंधक (वित्त), स्वयं प्रकाश मुख्य प्रबंधक (कार्मिक), डॉ. कृष्णकांत दास मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ. संजय कुमार केडिया मुख्य चिकित्सा अधिकारी, गांधीनगर, विजय कुमार मुख्य प्रबंधक (कार्मिक), अमरेश भटनाग मुख्य प्रबंधक (उत्खनन), विजय कुमार सिंह सहायक प्रबंधक (सचिवालय), अजीत कुमार किंडो ओएस (ए 1) तथा बिमल उरांव ओटी सहायक शामिल हैं।

## बीएसएफ जवान के बंद घर का ताला तोड़ लाखों की चोरी

कुडू - लोहरदगा (आजाद सिपाही)। कुडू के जिलिंग गांव में गुरुवार की रात गांव निवासी बीएसएफ जवान महावीर साहू के घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने 15 हजार रुपये नगद, सोने चांदी के आभूषण सहित लाखों के सामान की चोरी कर ली। मिली जानकारी के अनुसार जवान अपना डयूटी में था जबकि पत्नी घर मे ताला लगाकर दो दिन पहले ही मायके गयी थी। वारदात को अंजाम देने से पहले चोरों ने अगल-बगल के घरों को बाहर से बंद कर दिया था। मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर घर मे घुसे और अंदर रखे अलमीरा और बक्सा का तोड वहां रखे नगद 15 हजार, पत्नी का सोने-चांदी का आभूषण सहित अन्य सामान लेकर चलते बने। शुक्रवार को सुबह चोरी की सुचना मिलने पर पत्नी घर लौटी और चोरी की प्राथमिकी कुडू थाना में दर्ज करायी। पुलिस घटनास्थल पहुचकर मामले की पड़ताल में जुट गयी है।

## कुडू और जिमा पंचायत में हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन



कुडू - लोहरदगा। कुडू प्रखंड के कुडू और जिम पंचायत भवन में शनिवार को हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संबंधित विभागों के कर्मियों द्वारा केंद्र प्रायोजित प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (आयुष्मान भारत), पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना, पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल-जल जीवन मिशन, जन धन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम प्रनाम, नैनो फर्टिलाईजर, सर्वे ऑफ विपेज एंड मैपिंग विद इंप्रोवाइज्ड टेक्नोलॉजी इन विलेज एरिया आदि योजनाओं की जानकारी दी गयी और योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। मौके पर उपस्थित सीओ प्रवीण कुमार सिंह ने लोगों को भारतवर्ष को वर्ष 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने, देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करने, देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करने और कर्तव्यनिष्ठ नागरिक होने का दायित्व निभाने की शपथ दिलायी। कार्यक्रम में सीआई अनंत शयनम विश्वकर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुदामा प्रसाद, मुखिया सुषमा देवी, ललिता सहित प्रखंड के कर्मी, जनप्रतिनिधि व ग्रामीण शामिल थे।

## वृद्ध महिला और पुरुषों के बीच कंबल का वितरण



भंडरा /लोहरदगा (आजाद सिपाही)। लोहरदगा के व्यवसायी सह समाजसेवी पदुमलोचन लाल अग्रवाल ने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ शनिवार को भंडरा नवडिहा चौंक स्थित हरियाली बीज भंडार के समीप जरूरतमंदों के बीच कंबलों का वितरण किया। उक्त परिवार के हाथों पिछले चार वर्षों से जरूरतमंदों को ठंड से राहत देने के उदेश्य से कंबलों का वितरण किया जा रहा है। लाभांवित लोगों में तेतरी महली, धीरजू महतो, सरिता महतो, बिगु लोहरा, गंगा उरांव, इसूफ, बरखा उरांव, सानिया, कुंवर लहेरी, मोहरा उरांव, पूरन लहेरी, टेंबा उरांव, सुमरि उरांव, सरिता देवी, जलू महतो सहित एक सौ लोग शामिल हैं। कंबल के साथ सभी को बिस्कुट का दो-दो पैकेट और केला भी मुहैया कराया गया।

## नये साल में पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा लोहरदगा का 27 नंबर रेलवे पुल



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। सेल्फी लेने के लिए किसी जगह या समय की जरूरत नहीं पड़ती। इस हाई टेक मोबाइल के युग में एडिटिंग कर लोग अपने कौअे सी शक्ल को भी खूबसूरत बना लेते है। लेकिन फोटो खींचने का मजा दुगुना हो जाता है जब जब अप प्रकृति की गोद में, भरी वादियों में, असली सेट पर फोटो खिंचाये। ऐसे ही एक बेहतरीन जगह की हम बात कर रहे है। वो है लोहरदगा का 27 नंबर रेलवे पुल। प्रकृति की इस अनुपम खजाने के दीदार को पहुंचने वाले हजारों लोग हर दिन इस स्थान पर सेल्फी लेते हैं। कुल मिला कर 27 नंबर पुल सेल्फी पॉइंट बन चुका है। सचमुच अपने नाम की तरह मुगलदाहा नदी और आसपास की सुंदरता मुगलों की शान लिए हुए है। जहां प्रकृति की दीदार को झारखण्ड के अलावे बिहार, बंगाल और ओडिशा से पर्यटक पहुंच रहे हैं। लोहरदगा में 'मनु का सरेंडर' फिल्म की शूटिंग के लिए मुंबई से आये कलाकर भी दो वर्ष पहले यहां फिल्म की शूटिंग की है। वहीं, इस जगह पर पहुंचने वाले लोग सेल्फी लेना नहीं भूलते।

# गरीबों के निवाले पर संकट कल से

## अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जायेंगे डीलर, बंद रहेंगी सरकारी राशन की दुकानें



आजाद सिपाही संवाददाता

**बिशुनपुर।** प्रखंड के डीलर संघ के अध्यक्ष रोजलीन तिर्की नेतृत्व ऑल इंडिया शेयर प्राइस शॉप डीलर्स फेडरेशन एवं प्रदेश संगठन के अहवान पर शनिवार को संघ ने अपनी पांच सूत्री मांगों को लेकर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। रोजलीन तिर्की ने कहा कि 1 जनवरी से अनिश्चितकाल हम सभी अपनी दुकान बंद रखेंगे। उन्होंने कहा कि पूरे देश के 5 लाख 38 हजार विक्रेता लगभग 81 करोड़ लाभार्थियों के बीच खाद्यान्न के साथ-साथ अन्य सामग्री का वितरण करते आ रहे हैं। परंतु हम दुकानदारों को अपनी मेहनत का उचित मेहनताना नहीं मिल रहा है। अगर सरकार हमारी मांगे पूरी नहीं करती है तो आगामी 1 जनवरी से हमारे प्रखंड ही नहीं पूरे देश के पीडीएस दुकानदार अपनी दुकान बंद रखने का निर्णय लिया है।

### पीडीएस दुकानदारों की क्या है मांग

तमाम पीडीएस दुकानदारों को 30 हजार मानदेय या फिर 3 रुपये प्रति किलो कमीशन दिया जाए। पूर्व के भक्ति दुकानदारों को अनुकंपा का लाभ और खाद्यान्न पर प्रति क्विंटल एक किलोग्राम हैंडलिंग लॉस व सरकार द्वारा प्रदत्त ईपोस मशीन को 4ऋ से जोड़ा जाए तथा घटिया इलेक्ट्रॉनिक मशीन को वापस लिया जाए क्योंकि यह मशीन हमेशा खराब रहता है साथ ही प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना का बकाया कमीशन की राशि का शीघ्र भुगतान किया जाए। इस मौके पर फूल कुमारी सुषमा कुजूर सुनीता देवी मंजू देवी प्रियो देवी मंजू देवी ममता मुंडा सहित कई लोग शामिल थे।

## हड़ताल को लेकर ज्ञापन सौंपा



**रायडीह (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के डीलर संघ ने आगामी 1 जनवरी से पुरे राज्य में अनिश्चितकालीन हड़ताल को लेकर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अमित कुमार मिश्रा को ज्ञापन सौंपा ज्ञापन में कहा गया है कि पुरे देश में पांच लाख अढ़तीस हजार डीलर लगभग 81 करोड़ लाभुकों के बीच राशन के साथ साथ अन्य सामग्री वितरण करते आ रहे हैं परंतु डीलरो को उचित मेहनताना नहीं मिल रहा है । हमारी सरकार से कुछ मुख्य मांगे हैं जिसमें सभी दुकानदारों को तीस हजार रू मानदेय दिया जाए या कम से कम तीन रुपाये प्रति किलो कमीशन दिया जाए, वहीं दुकानदारों को पुर्व के भांति अनुकंपा का लाभ दिया जाए, खाद्यान्न पर प्रति क्विंटल एक किलोग्राम हैंडलीग लौह दिया जाए, वहीं सरकार द्वारा दी जानेवाली ई पोस मशीन को 4 जी नेटवर्क से जोड़ा जाए और पूर्व में मिली मशीन को वापस ले क्योंकि वह घटिया किस्म की मशीन है जो बार बार खराब होती रहती है तथा डीलरो का प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना का बकाया कमीशन का जल्द भुगतान किया जाए इधर डीलर संघ के अध्यक्ष जगदीश सिंह ने कहा कि डीलर संघ के द्वारा 1 जनवरी से रायडीह प्रखंड के सभी जन वितरण प्रणाली की दुकानें अनिश्चितकाल के लिए बंद रहेगी हमारे मांगे पूरी हो जाने पर पुनः सभी डीलर पूर्व की भांति राशन का वितरण करेंगे मौके पर तनवीर नाज, बसन्त साहु, लक्ष्मी कांत लकड़ा, रामजतन साहु, होसियाना तिर्की, राजु प्रसाद, मेषपाल एक्का और अन्य डीलर मौजूद थे।

## मोबाइल चोर को दबोचने में जुटी पुलिस

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** गुमला शहर मेन रोड के बीचों-बीच से न्यू अमित इलेक्ट्रॉनिक नामक मोबाइल दुकान से अज्ञात चोरों के द्वारा गुरुवार देर रात्रि सटर तोड़ कर चोरी की घटना के बाद गुमला पुलिस सक्रिय हो गयी है। कई बार घटना स्थल जाकर जांच किया। जिसके बाद शाम को रांची से खोजी कुत्ता मंगाया गया। जिसके माध्यम से घटना स्थल पर खोजी कुत्ता के मदद से चोरों को पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है। वही फोरेंसिक एक्सपर्ट के द्वारा जांच की जा रही है। इधर खोजी कुत्ता के द्वारा जांच किये जाने पर लोगों की काफी भीड़ हो गया। वहीं घटना स्थल पर एसडीपीओ मनीष लाल व थानेदार विनोद कुमार समेत पुलिस बल के जवान मौजूद होकर हरेक पहलु की जांच में लगे हुए है। हालांकि पुलिस को शटर तोड़ने में प्रयुक्त दो लोहे का सबल भी मिला है इसके अलावा सीसीटीवी कैमरा का ऊश्फ पुलिस ने एक सूखे कुएं से भी बरामद किया। जिसे जाते-जाते चोरों ने कुएं में छिपा रखा था। पुलिस ने उसे चालू किया तब दुकान के अंदर सीसीटीवी कैमरा में पुलिस के सामने तीन चोरों का चेहरा सामने आया है। हालांकि चोर मास्क पहने हुए हैं जिससे उनकी पहचान नहीं हो पा रही है। वहीं पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है इसके बाद पुलिस तीनों चोरों को पहचान करने में जुटी है बताया जाता है कि तीनों चोर मेन रोड में पीछे बड़ाइक मोहल्ला की ओर से दुकान में आए और चोरी की घटना को अंजाम दिया संभावना व्यक्ति की जा रही है कि चोरों ने पहले दुकान का रेकी किया जिसके बाद घटना कौन अंजाम दिया। शनिवार तक सौम्या ग्लैक्सी में संचालित अमित इलेक्ट्रॉनिक्स मोबाइल दुकान में चोरी हुए मामले में पुलिस को अभी तक सफलता नहीं मिली है। पुलिस फिर भी मामले की छानबीन में जुटी ह। पुलिस थाना में बैठ कर शहर में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है। वहीं अमित इलेक्ट्रॉनिक्स मोबाइल दुकान के संचालक अजय केशरी के आवेदन में पुलिस ने चोरी का कांड 437/23 दर्ज किया है। वहीं एस आइ संचित कुमार को जांच की जिम्मेवारी सौंपी है। आवेदन में कहा है कि गत 29 दिसंबर को 7:23 सुबह में सूचना मिली की कि आपके दुकान का ताला टूटा हुआ है। सूचना मिलते ही मै अविलंब दुकान पहुंचा। जहां पाया कि दुकान का ताला टूटा हुआ है। वहीं शटर उठाकर देखने पर देखा कि चोरो ने मेरे दुकान से सारे मोबाइल सहित अन्य सामनों की चोरी कर ली है। आवेदन में उन्होने 60 से 70 पीस विभिन्न कंपनियों के मोबाइल की चोरी होने व जिसकी कुल लागत 38 से 40 लाख होने की बातें प्राथमिकी में कहीं है।

वही मामले की गंभीरता को लेकर एसपी हरविंदर सिंह थाना प्रभारी विनोद कुमार सहित पुलिस के पदाधिकारी घटनास्थल पर जाकर पुनः निरीक्षण किया। एसपी ने थाना प्रभारी को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

वहीं पुलिस चोरी के उद्भेदन को लेकर जगह-जगह छापामारी कर रही है। वहीं शहर में एंटी वाहन जांच अभियान भी चलाया जा रहा है। लेकिन अब तक पुलिस चोरों के गिरेबान से दूर है।

## हाथी का झुंड पहुंचा, दहशत

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला पालकोट सीमा क्षेत्र के जेरालोया जंगल में लोगों ने एक हाथी को विचरण करते देखा। इसके बाद आसपास के ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गयी। वहीं ग्रामीण हाथी पर निगरानी रख रहे हैं। इस बात की जानकारी वन विभाग को भी दी गयी है। लोगों की भीड़ देखकर हाथी भी विचलित है। वही कुछ दूर जाने के बाद वह पलट कर लोगों को देखता है। और झाड़ियों में छिप जाता है। वही ग्रामीण लगातार हाथी का पीछा कर रहे हैं। वहीं क्षेत्र में हाथी के आगमन से ग्रामीण काफी भयभीत हैं वही लोग हाथी को क्षेत्र से दूर खदेड़ने का प्रयास कर रहे हैं। शाम तक हाथी जेरालोया के आसपास ही भटक रहा है बताया जाता है कि हाथी झुंड से बिछड़ गया है। वहीं ग्रामीण डरे हुए हैं और रात में गांव में पहरा देने की बात कह रहे हैं।

## सुपुर्द-ए-खाक किये गये इब्राहिम रब्बानी

### खानकाहे मशायख जबलपुर के सैयद अहमद रब्बानी ने पढ़ाई जनाजे की नमाज

आजाद सिपाही संवाददाता

**डुमरी।** डुमरी के समाज सेवी मो इब्राहिम के निधन से समाज में शोक की लहर है। स्व इब्राहिम गुमला अंजुमन के पूर्व सचिव वरिष्ठ पत्रकार शहजाद अनवर के सगे चाचा थे। उनका इलाज दिल्ली के एम्स में चल रहा था। शुक्रवार की सुबह उनका देहांत हो गया। उन्हें एंबुलेंस से उनके पैतृक आवास डुमरी लाया गया। शनिवार को 1:30 बजे के आसपास घर पहुंचते ही उनके रिश्तेदार और चाहने वाले सामाजिक हिंदू मुस्लिम ईसाई समुदाय के पुरुष महिला सैकड़ो लोग पहुंच कर अपने गम का इजहार किया और परिवार वालों के साथ अपनी संवेदना पेश की। इस मौके पर विशेष रूप से जामा मस्जिद गुमला के इमाम मौलाना ऐनाम रब्बानी, सिसई के अहमद खान, सदर अंजुमन इस्लामिया डुमरी हाजी समीउल्लाह, मौलाना मुस्तफा, सचिव एजाज रागीब, उपाध्यक्ष अयूब आलम, अख्तर अली, नसीम खान, मुजीब आलम, अलाउद्दीन अंसारी, जहूर खान, साजिद खान, साजिद खान, मौलान वकील डुमरी, जावेद खान, आबिद खान, हाफिज रफीक, आसिफ खान, मौलाना अहसान सिकरी, सकीम खान, मोहम्मद रमजान, गुमला से सरवर मास्टर, चांद खान, फतेह मोहम्मद, शाहनवाज आलम, साहब रब्बानी, जावेद खान रब्बानी, तहसीन रब्बानी, फरहान बाबू छोटे बाबू, मनीरूद्दीन, नूरहोदा, कैसर जमाल, चांद बाबू सहित काफी संखया में लोग उपस्थित थे।

## दुकान से हुई साइकिल की चोरी

**गुमला (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा रोड स्थित अरुण साइकिल स्टोर में 25 दिसंबर की सुबह एक चोर ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। घर में घुसकर उसने गोदाम से एक साइकिल की चोरी कर ली। वही इस बात की जानकारी किसी को नहीं लगी। लेकिन शनिवार को जब दुकान के स्टाफ ने साइकिल की मिलान की तो गिनती में एक साइकिल कम पाया। इसके बाद सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जहां चोर का चेहरा सामने आया। वही चोर की पहचान कर ली गयी और उससे संपर्क किया गया।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम




**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के शिवराजपुर गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम विकसित भारत को लेकर संकल्प लिया गया। कार्यक्रम के प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्म योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, नैनो फर्टिलाइजर प्रमोशन, वन अधिकार सहित कई योजनाओं से संबंधित कई स्टाल लगाकर जानकारी दी। जहां आवश्यकता अनुसाए ग्रामीणों से संबंधित स्टालों में आवेदन जमा किया। वहीं स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य जांच कर लोगों को निशुल्क दवा का वितरण भी किया। मौके पर मुखिया बिनोद उरांव ने कहा की केंद्र सरकार द्वारा दी जा रही लाभकारी योजनाओं से आप सभी लाभांवित हो जिसे लेकर आवश्यक्ता अनुसार आवेदन भर कर जमा करें। मौके पर कई पदाधिकारी महिला-पुरुष उपस्थित थे।

## उपहार प्रतियोगिता योजना के तहत लॉटरी ड्रॉ किया गया

आजाद सिपाही संवाददाता




**सिसई।** तपेश्वर महाकाल सेवा ट्रस्ट बरगांव के द्वारा शनिवार को उपहार प्रतियोगिता योजना के तहत बुढ़ा बगीचा में दूसरा लॉटरी ड्रॉ किया गया। जिसमे बंपर पुरस्कार एक बोलेनो कार, प्रथम पुरस्कार एक हीरो साइन मोटरसाइकिल, द्वितीय पुरस्कार एक हौंडा एक्टीवा स्कूटी और तीसरा पुरस्कार एक टीभीएस एक्सल मोपेड था। खेल पूरी पारदर्शिता के साथ सैकड़ों लोगों के बीच सम्पन्न कराया है। ट्रस्ट के मुख्य संरक्षक मनोज विश्वकर्मा ने कहा कि लॉटरी द्वारा प्राप्त लाभांश को बरगांव में महाकाल के 371 फिट ऊची प्रतिमा निर्माण सहित महाकाल सेवा ट्रस्ट के विकास में लगाया जायेगा। 371 फिट ऊंची प्रतिमा की सारी तैयारी पूरी कर ली गयी है। 7 मार्च से 12 मार्च तक पांच दिनी धार्मिक अनुष्ठान पूरी कर महाकाल के प्रतिमा निर्माण हेतु भूमि पूजन किया जायेगा। लॉटरी का तीसरा ड्रॉ 13 जनवरी को किया जायेगा। जिसमें बम्फर पुरस्कार मारुति डिजायर सहित तीन बाइक है। मौके पर पंचायत के मुखिया सुनीता देवी, संरक्षक संजय राम विश्वकर्मा, अध्यक्ष सुप्रदीप साहु, गुनू कुमार,उत्तम विश्वकर्मा, अमरपाल साहु, अनिल साहु, आदित्य साहु,प्रदीप साहु, लालमोहन साहु,उमेश उरांव सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### महत्वपूर्ण खबरें

## देश प्रेम का भाव जगाता है संघ शिक्षा वर्ग : निरंजन



**गुमला (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ गुमला के जिला सह कार्यवाह निरंजन कुमार ने कहा कि संघ का प्राथमिक शिक्षा वर्ग का मुख्य उद्देश्य युवाओं के व्यक्तित्व व चरित्र निर्माण के साथ-साथ उनमें देश प्रेम का भाव जगाना है। पालकोट प्रखंड के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कैंबा टेंगरिया में चल रहे सात दिवसीय संघ शिक्षा वर्ग के छठे दिन सामूहिक भोजन में शामिल अतिथियों का स्वागत करते हुए जिला सह कार्यवाह ने उक्त बातें कहीं। प्राथमिक शिक्षा वर्ग संघ का वार्षिक कार्यक्रम हैं। प्रत्येक वर्ष 23 से 31 दिसंबर को यह वर्ग होता है। आरएसएस से जुड़ने का यह प्रथम कड़ी होता है। समाज के हर युवा इस वर्ग में शामिल हो इसके लिए सबों की सहभागिता जरूही है। इस अवसर पर लालचंद अग्रवाल, विजय बहादुर सिंह, सूरजदेव सिंह, रामअवध साहु, गोपाल केसरी, बलदेव शर्मा, खेदू नायक, दुर्गा प्रसाद, जिप सदस्य शांति देवी, सुकांति देवी आदि शामिल थे।

## लापता युवक की तलाश के लिए लगायी गुहार



**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र के मुरकुंडा पंचायत के कुटवां गांव निवासी 29 वर्षीय जिंदू उरांव पिता स्वर्गीय मांदत उरांव विगत 8 दिसंबर से लापता है परिजनों ने अपने स्तर से काफी खोजबीन की लेकिन युवक का कहीं पता नहीं चला वही मामले को लेकर परिजनों ने गुमला थाना में आवेदन दिया और युवक को खोजने की गुहार लगायी है बताया है कि 8 दिसंबर को युवक कहीं जाने के लिए घर से निकला और लौट कर वापस नहीं आया इसके बाद परिजन अपने रिश्तेदार और जान पहचान सभी जगह काफी ढूंढे लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला।

## नाट्य कला संचालन मंच का अभिनय प्रशिक्षण



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** नाट्य कला संचालन मंच घाघरा के द्वारा अभिनय प्रशिक्षण का मंच शुरू किया गया है। मंच के द्वारा शनिवार को मसरिया मोड़ स्थित निजी आवास में उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कल्याणकारी मानव विकास संस्थान के सचिव अनिरुद्ध चौबे रहे। इस दौरान कई विद्यालय से छोटे-छोटे बच्चे कार्यक्रम में भाग लिए हैं और अभिनय सीख रहे है। इस मंच के संचालक प्रवीण होता ने बताया कि इस क्षेत्र के बच्चों में काफी हुनर है जिसे निखारने के लिए नाट्य कला संचालन मंच की स्थापना की गयी है। अभिनय कला प्रेमियों के लिए यह एक ऐसा मंच है जो आपको व आपके बच्चों को जो भी इस क्षेत्र में रुचि रखते हैं एक संपूर्ण मंच है। जहां प्रशिक्षण के साथ-साथ प्रसिद्ध व एक उज्जवल भविष्य भी पा सकते है। इस प्रकार का प्रयास इस क्षेत्र में पहला है और इस क्षेत्र के प्रतिभाओं को अवसर दिया जा रहा है। यहां अभिनय कला की बारीकियों को सिख जान व समझकर चरित्र अथवा बनाए गए किरदार को जीवंत रूप दे सकते में दक्षता प्राप्त कर अपने लिए अथवा व्यवसायिक प्रोफेशनल स्तर पर भी अपना सकते है। इस मौके पर अनिरुद्ध चौबे, प्रवीण होता, रामेश्वरी उरांव, सुखनाथ सिंह, अजमेरी खातून व अख्तरी बानो सहित कई लोग मौजूद थे।

## चेंबर ऑफ कॉमर्स गुमला की बैठक

**गुमला (आजाद सिपाही)।** चेंबर ऑफ कॉमर्स गुमला की बैठक कल को चेंबर के अध्यक्ष दामोदर कसेरा की अध्यक्षता में आस्था कंपलेक्स पालकोट रोड गुमला में संपन्न हुई। मुख्य रूप से कई विषयों पर चर्चा की गयी। गुमला के मेन रोड में स्थिति न्यू अमित इलेक्ट्रॉनिक में घटित चोरी की घटना का मुद्दा बैठक में छाया रहा। आये दिन गुमला में बढ़ते हुए चोरी की घटना से व्यापारी चिंतित हैं। चेंबर अध्यक्ष दामोदर कसेरा ने कहा की कुछ दिन पूर्व जशपुर रोड स्थित संदेश मोबाइल की दुकान पर भी चोरी की घटना घटित हुई थी, गुमला पुलिस इस घटना की छान बीन के लिए रांची तक गयी थी, परंतु उसका अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है। गुमला पुलिस प्रशासन के द्वारा लगातार रात्रि गस्ती करने बावजूद इस तरह चोरी की घटना का ग्राफ गुमला में बढ़ते जा रहा है। यह गुमला के लिए गंभीर विषय है। अध्यक्ष ने कहा की दो तीन दिनों के अंदर पुलिस प्रशासन के द्वारा मोबाइल चोरी की घटना का उदभेदन नहीं किया गया तो चेम्बर के द्वारा लिखित आवेदन देकर इस केस का उदभेदन के लिए आग्रह किया जायेगा। चोरी की घटना से व्यापारियों को आर्थिक नुकसान सहना पड़ रहा है।

## संत मेरी पब्लिक स्कूल, टोटो में मना वार्षिकोत्सव

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** संत मेरी पब्लिक स्कूल, टोटो में विद्यालय का द्वितीय वार्षिकोत्सव गुरुवार को बड़े ही धुमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर पुरे विधालय को आकर्षक रूप से सजाया गया था। विद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। बतौर मुख्य अतिथि मो वसीम अहमद, बीएसई गुमला, श्रीमती किरण माला बाड़ा, अध्यक्ष जिला परिषद, गुमला, अखिल कुमार, एवं विधालय के निदेशक रंजित गुप्ता, अर्चना गुप्ता के द्वारा संयुक्त रूप से माता सरस्वती की प्रतिमा के सामने फुल अर्पित कर एवं दीप प्रजवलित वार्षिकोत्सव का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि मो वसीम अहमद ने अपने संबोधन में कहा कि टोटो जैसे ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह की व्यवस्था काफी सराहनीय है। उन्होनें कहा कि दसवीं के छात्र-छात्राएं आगामी बोर्ड परीक्षा की तैयारी करें, खुब पढ़े रिविजन एवं प्रैक्टिस करें। अभिभावकों की उपस्थिति से प्रेरित होकर उन्होनें कहा कि यहां के अभिभावक शिक्षा के प्रति बहुत ही सजग है। विशिष्ट अतिथि किरण माला बाड़ा ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चों की प्रथम पाठशाला घर होती है और द्वितीय विद्यालय होती है, जहां पर बच्चों को अनुशासित एवं सर्वांगीण विकास की ओर ले जाया जाता है। उन्होंने कहा कि सिर्फ स्कुल भेज देने से अभिभावकों की जिम्मेदारी खत्म नहीं हो जाती बल्कि उनकी जरूरतों को ध्यान देना चाहिए, बच्चों को हामवर्क करवना चाहिए। आज यहां सिर्फ नाच गान देखेने नहीं आये है बल्कि सीखने आये है कि किस तरह बच्चों को विधालय सभी क्षेत्रों में आगे आने के लिए प्रोत्साहन करते है। बच्चों को जो पढ़ाया जाता है, जो संस्कार दिया जाता है, जो शिक्षा दी जाती है जो सिखाया जाता है उसे सीखने की भी जरूरत है। उन्होंने अभिभावकों को सहयोग देने की भी बात कही, और विद्यालय को 10वीं से +2 तक करने के लिए भी प्रेरित किया। विद्यालय के निदेशक रंजित गुप्ता एवं अर्चना गुप्ता के द्वारा अतिथियों को पुष्पगुच्छ एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस क्षेत्र का प्रथम इस तरह का कार्यक्रम है जिसमें स्पोंसरशिप का प्रावधान रखा गया और बहुत सारे संस्थानों ने इसमें रूचि दिखाई और इसे प्रायोजित किया। संत मेरी पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव के प्रायोजनकर्ता में हनुमान टेक्सटाईल, रिमझिम इलेक्ट्रॉनिक, अरुण स्टोर, मंत्री क्लोथ स्टोर, गुप्ता बुक डिपो, महाराजा होंडा, ईट एन गार्डेन फैमली रेस्टुरेन्ट, होटल समेकर, होटर बिंदेश, केशरी कम्प्युटर, कंगना इंटरप्राइजेज, गुमला टेक्सटाईल, अनिता सेवा सदन, विंग्स आईटी कम्प्युटर संस्थान (सभी गुमला) अमन बोरवेल, साहु टेन्ट हाउस (टोटो) और राज इन्टरप्रा। इजेज (रांची) मुख्य रूप से थे। विद्यालय के निदेशक रंजित गुप्ता के द्वारा इन सभी के सहयोग के लिए विशेष रूप से आभार व्यक्त किया गया। विद्यालय के वार्षिकोत्सव में गीत संगीत, नृत्य एवं नाट्य कला पर आधारित कई कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। बच्चों के द्वारा प्रस्तुत ट्राइबल डांस, ड्रामा फिमेल मुग्र हत्या, युनिटी वेस्ड ड्रामा, स्टेट डांस, एलकेजी और यकेजी के बच्चों के द्वारा दिल है छोटा सा एवं चुड़ी जो खनके को दर्शकों ने खूब सराहा। जिनमें प्रदीप जी, अमर जी, सुहैल जी, आफताब जी, पन्ना जी ने अपने संगीत से दर्शकों को ठंड में भी बांध कर रखा। धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय की शिक्षिका स्वाती गुप्ता के द्वारा दी गयी। इस मौके पर विद्यालय के निदेशक रंजित गुप्ता, अर्चना गुप्ता, शिक्षक सुहैल कुरैशी, खेमराज, संदीप, शशिभुषण भगत, विक्की गुप्ता, पार्वती उरांव, सरिता कुमारी, स्वाति गुप्ता, जासमीन कुश्वाहा, प्रिती कुमारी, प्रिया कुमारी, अंजली कुमारी, शबनम एक्का, अंजनी कुमारी एवं अन्य संस्थानों के प्रबुद्धजन, छात्र-छात्राएं, शिक्षक-

## वनभोज कार्यक्रम का आयोजन



**बिशनपुर (आजाद सिपाही)।** विधानसभा के सक्रिय युवा प्रखंड कांग्रेस कमेटी द्वारा घागरा प्रखंड स्थित देवाकी धाम में नववर्ष 2024 की शुभ अवसर पर वनभोज कार्यक्रम के बतौर अतिथि जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चैतु उरॉव जी को आमंत्रित किया गया। मौके पर चैतु उरॉव ने कहा कि क्षेत्र में विकास की असीम संभावनाएं हैं साथ ही गंठबंधन झारखंड सरकार द्वारा कई कार्यक्रम चलाई जा रही सभी लाभकारी योजनाएं को आवेदन देकर लोगों को लाभ लेने को कहा साथ ही लोगो को लाभ दिलाये। कोंग्रेसी कार्यकर्ता सजक रहे और लोगों को लाभ दिलायें। 2024 लोकसभा चुनाव के मद्देनजर संगठन सशक्तिकरण अभियान के तहत कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं को जोड़ने हेतु बहुत सारी बातें बताएं। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष अरुण पांडेय, गुमला प्रखंड अध्यक्ष गुलाम सरवर, बिशनपुर प्रखंड अध्यक्ष राजु भगत, ओबीसी जिला अध्यक्ष बिंदेश्वर साहू, जिला सचिव तरुण गोप, नवनियुक्त एन एस यू आई जिला अध्यक्ष राजु उरॉव, संजय गोप, फगुआ उरॉव,विनोद उरॉव, विनीता उरॉव, सिताराम उरॉव शहजाद ,सोमरा उरॉव, पवन केवट, पंकज भगत, सुनील भगत, नीलकंठ भगत कमल टोप्पो महावीर गोप काफी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## जंगली बाघ ने एक बैल को मारा

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के रुकी घाट में जंगली बाघ ने एक बैल को मारा। इस संबंध में जखरियस पन्ना ने घाघरा थाना में लिखित आवेदन देकर अपने मवेशी (बैल) को जंगली बाघ के द्वारा मारने का घाघरा थाना में सन्हा दर्ज कराया है। अपने आवेदन में जखरियस ने कहा है कि जखरियस बीआर बरटोली बिमरला का रहने वाला है। बीते गुरुवार को लगभग 11:30 बजे दिन में अगुस्टिन पन्ना मेरे मवेशी को चराने के लिए ले गया था। इसी दौरान मेरा बैल को रुकी घाट के छप्पर डाहुकोना पहाड़ में जंगली बाघ ने बैल की हत्या कर दी। इसकी सूचना बैल चराने वाले अगुस्टिन पन्ना ने गांव में आकर बताया। इसके बाद घटनास्थल जाकर देखा गया तो बैल खून से लथपथ मृत पड़ा था। इसकी सूचना वन विभाग आदर के पदाधिकारी को दी गयी है जिसके बाद वन विभाग के पदाधिकारी घटनास्थल पहुंचे और मुआयना किया। जिसके बाद जंगली बाघ के द्वारा मारे बैल के मुआवजा का आश्वासन दिया है। इस संबंध में जाखरियस ने घाघरा थाना में भी लिखित आवेदन देकर सन्हा दर्ज कराया है।

**पहल : सतबरवा के हुड़मुड़ में प्रधानमंत्री जनमन शिविर का आयोजन, परिसंपतियों का हुआ वितरण**

# विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय के लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाना उद्देश्य: वीडी राम

## पीएम जनमन योजना का मुख्य उद्देश्य संपूर्ण रूप से सशक्त बने पीवीटीजी समूह : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** प्रधानमंत्री जनमन कार्यक्रम के तहत शनिवार को सतबरवा प्रखंड अंतर्गत दुलसुलमा पंचायत के हुड़मुड़ गांव में शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, डीसी शशि रंजन, डीडीसी रवि आनंद, नगर आयुक्त जावेद हुसैन, हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी आशीष गंगवार, सहायक समाहर्ता रवि कुमार, प्रखंड प्रमुख रीमा देवी, जिला परिषद सुधा देवी, मुखिया ब्रह्मादेव सिंह, उप मुखिया सहित बड़ी संख्या में पीवीटीजी समुदाय के लाभुक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ पलामू सांसद व डीसी समेत अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर



शिविर का उद्घाटन करते सांसद वीडी राम, डीसी शशि रंजन व अन्य

सांसद ने कहा कि यह कार्यक्रम सीधे-सीधे आदिम जनजाति के पिछड़े समूह को लाभावित करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। समाज की जो संरचना है उसमें मेरा मानना है कि विशेष रूप से कमजोर आदिवासी समूह जिसको पीवीटीजी कहते हैं। समाज के अंतिम पायदान पर बैठा हुआ समूह है और ये लोग सबसे ज्यादा पिछड़े हुए हैं। ऐसे में इन समूहों पर विशेष रूप से ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जो भी योजनाओं का अभाव यहां है उसे धरातल पर उतारा जाएगा। विभिन्न विभागों के समन्वय से पेयजल, आवास, सड़क, आंगनबाड़ी के माध्यम से पोषण, आजीविका संवर्धन के लिए कौशल विकास जैसे महत्वपूर्ण गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जाएगा। उन्होंने कोरवा और परहिया जाति के लोगों की घटती संख्या पर भी चिंता जाहिर की।

वहीं, पलामू डीसी शशि रंजन ने कहा कि पीएम जनमन योजना का मुख्य उद्देश्य पीवीटीजी समूह को पूर्ण रूप से सशक्त बनाने का है। इसी उद्देश्य से जिले के अन्य स्थानों जहां पीवीटीजी समूह आवास करते हैं वहां यह शिविर लगाया जा रहा है। इन शिविरों के माध्यम से पीवीटीजी समूह के लोगों को विभिन्न योजनाओं के बारे में जागरूक किया जा रहा है साथ ही विशेष पिछड़ी जनजाति के वंचित लोगों का आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, जनधन खाता, केसीसी, वन अधिकार पत्र, जाति प्रमाण पत्र, ई श्रम कार्ड आदि योजनाओं का प्राथमिकता से लाभ दिलाया जा रहा है। इसके अतिरिक्त ठंड के मद्देनजर कंबल का वितरण किया जा रहा है। डीसी ने कहा कि आप सभी लोगों को रोजगार से कैसे जोड़ा जा सके, इस दिशा में भी कार्य योजना बनायी जा रही है। कहा कि आज जिले के सभी वरीय पदाधिकारी यहां पहुंचे हैं आगे भी हमलोग आते रहेगें। उन्होंने शिविर में आये कई लोगों से सीधा भी संवाद किया।

### परिसंपत्तियों का वितरण

शिविर में आधार काउंटर, जाति प्रमाण पत्र काउंटर, जनधन बैंक एकाउंट काउंटर, आयुष्मान कार्ड, केसीसी कार्ड, पीएम किसान सामान्य निधि व वन पट्टा से संबंधित काउंटर लगाए गए थे। इसके अलावे अन्य काउंटर लगाकर पीवीटीजी समूह के लोगों का विभिन्न तरह के कार्यों का निष्पादन किया गया।

# पिकनिक का पल बेहद सुखद होता है: अविनाश







आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** बदलते दौर एवं भाग दौड़ भरी जिंदगी में लोग अपनों के साथ कुछ वक्त बिताना तो दूर खुद के लिए भी वक्त निकालना मुश्किल होते जा रहा है। जिसे ध्यान में रखते हुए संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव के दिशा निर्देश में शिक्षकों के साथ कुछ यादगार पल व उनके हंसमुख व्यक्तित्व को निखारने के लिए प्रधानाध्यापक कुमार आदर्श के नेतृत्व में शुक्रवार को कजरी कोयल नदी के तट पर शिक्षकों के लिए पिकनिक का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो शिक्षकों ने अलग-अलग प्रकार के व्यंजनों का लुफ्त उठाने के साथ ही कई खेल जैसे वॉलीबॉल, बैडमिंटन, क्रिकेट, कैरम बोर्ड, कबड्डी, डांसिंग का भी आनंद उठाया। इस खेल में बेहतर प्रदर्शन करने वालों को नकद राशि भी दिया गया। इस अवसर पर उपस्थित अविनाश देव ने कहा कि स्कूल पिकनिक सदैव ही रोमांचित करता है। ये वो समय होता है जो हमारी स्मृतियों में हमेशा ताजा रखता है।

प्रकृति की सैर करना पिकनिक के सबसे रोमांचक हिस्से का समय है। पिकनिक अपने संत मरियम परिवार के साथ बिताये सबसे मनोरंजक और यादगार लम्हों में से एक है। कहा कि पिकनिक बेहद सुखद, मनोरंजक और ज्ञान से परिपूर्ण होता है। मौके पर प्रधानाचार्य कुमार आदर्श, छात्रावास प्रभारी उत्कर्ष देव, उप प्राचार्य एसबी शाहा आदि उपस्थित थे।

# विद्यार्थियों को सम्मानित करने से उन्हें आगे बढ़ने की मिलती है प्रेरणा : निदेशक



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** शहर के स्टेशन रोड स्थित प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थान चाणक्या साइंस एकेडमी में शनिवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें जेइइ मेंस व अन्य सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज में चयनित सफल छात्रों को इस बार भी मेडल वह मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्था के निदेशक अखलेश कुमार व आनंद कुमार ने सभी सफल बच्चों के साथ बात कर उनकी भावनाओं को जाना और अपना अनुभव साझा किया। साथ ही उन सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दी। कहा कि जो छात्र ईमानदारी पूर्वक लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत करते हैं उन्हें निश्चित ही सफलता मिलती है। उन्होंने कहा कि विगत कई वर्षों से क्षेत्र के बच्चें संस्थान से शिक्षा लेकर कई प्रतिष्ठित संस्थान में चयनित होकर क्षेत्र का सम्मान बढ़ा रहे हैं। इसमें बच्चों का ईमानदारी पूर्वक मेहनत और कोचिंग संस्थान के शिक्षकों की टीम भावना का मार्गदर्शन का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को सम्मानित करने से उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। मौके पर संदीप कुमार, पंकज कुमार, अविनाश कुमार, अजित कुमार, रविकांत कुमार, रितिक कुमार, सोनू कुमार, लकी, अमरेश कुमार और नितेश आदि मौजूद थे।

# चयनित अभ्यर्थियों को डीसी ने सौंपा नियुक्ति पत्र



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। दीनदयाल उपाध्याय कौशल योजना के तहत आयोजित रोजगार मेला के माध्यम से चयनित 24 अभ्यर्थियों को पलामू शशि रंजन ने शनिवार को नियुक्ति पत्र सौंपा। समाहरणालय सभागार में आयोजित कार्यक्रम में छतरपुर, हुसैनाबाद, हरिहरगंज व नौडीहा बाजार के 24 युवाओं को नियुक्ति पत्र दिया गया। इसके बाद सभी 24 अभ्यर्थी नियोजन के लिए आइएसएस एसडीबी सिक्योरिटी सर्विस प्राइवेट लिमिटेड चेन्नई जायेंगे।डीसी ने सभी सफल अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।**

# चलो करें नारी सम्मान, दहेज मुक्त हो कन्यादान: वरुण सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** आरपीएफ जवान व बाबा बासुकीनाथ सेवा समिति के अध्यक्ष वरुण कुमार सिंह उर्फ जब्बर सिंह ने बाल विवाह और दहेज प्रथा जैसी कुरीतियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में समिति के सदस्यों के साथ गांव-गांव घूमकर सातवां सा।ामूहिक विवाह समारोह के लिए प्रचार-प्रसार किया व जागरूकता अभियान चलाया। बतातें चलें कि इस वर्ष समिति की ओर से सीमा क्षेत्र के कुटुंबा प्रखंड अंतर्गत पंचदेवधाम चपरा में निःशुल्क सातवां सामूहिक कार्यक्रम 27 जनवरी को



आयोजित होगी। मुख्य आयोजक व समिति के अध्यक्ष वरुण कुमार सिंह ने बताया कि समिति विभिन्न धर्मस्थलों पर प्रति वर्ष सामूहिक विवाह का आयोजन करवाती है, जहां धूमधाम से निःशुल्क शादियां कराई जाती है। इस वर्ष समिति द्वारा 27 जोड़ों का विवाह करवाया जायेगा जिसके लिये पंजीकरण जारी है। इसे लेकर शनिवार को डिहरी, संडा, किसुनपुर गांव के विभिन्न टोलों में जागरूकता अभियान चलाया गया। मौके पर सचिव राकेश पाठक, मोहित सिंह, मुकेश सिंह, दीपक सिंह, गोलु सिंह व छोटू सिंह आदि मौजूद थे।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

# सिगसिगी में विशेष ग्रामसभा का आयोजन, अबुआ आवास आवेदन का हुआ सत्यापन



**विश्रामपुर/पलामू (आजद सिपाही)।** विश्रामपुर प्रखंड के सिगसिगी पंचायत सचिवालय में शनिवार को विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम के दौरान प्राप्त अबुआ आवास योजना के आवेदनों का सत्यापन किया गया। ग्राम सभा की अध्यक्षता मुखिया किरण देवी व संचालन पंचायत सचिव रामदेनि सिंह ने किया। विशेष ग्राम सभा का आयोजन सिगसिगी, सुलूमदग व लोहरदगा में लाभुकों की मौजूदगी में हुआ। अबुआ आवास आवेदन सत्यापन के बाद विभाग को भेजा गया। मौके पर मंजर अंसारी, ग्रामीण रोजगार सेवक आफताब आलम, कनीय अभियंता पप्पू कुमार, युवा समजसेवी पिंटू चौधरी, उपमुखिया उमेश विश्वकर्मा, वार्ड सदस्य गोपीनाथ विश्वकर्मा, सुनीता देवी, युगेश्वर चौधरी, अजय कुमार राउत, सलमुद्दीन अंसारी, चंदन चौधरी, ग्रामीण विनोद चौधरी, हरिणाथ प्रसाद, सुरेंद्र मालाकार, छठु पासवान, गुड्डू चौधरी, उपेंद्र राम, जितेंद्र चंद्रवशी और राजेश राम आदि मौजूद थे।

# अरविंद गुप्ता बने रांची प्रेस क्लब के एक्जीक्यूटिव कमेटी के सदस्य

**छतरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** वरिष्ठ पत्रकार आरजे अरविंद कुमार गुप्ता रांची प्रेस क्लब की एक्जीक्यूटिव कमेटी के सदस्य निर्वाचित हुए हैं। बता दें कि रिटायर्ड जज की अगुवाई में प्रति दो साल में क्लब का चुनाव होता है जिसमें रांची जिले के पत्रकार अपने मतों का प्रयोग करते हैं। रांची प्रेस क्लब के चुनाव में अरविंद कुमार गुप्ता के एक्जीक्यूटिव कमेटी कर सदस्य



निर्वाचित होने पर छतरपुर वासियों ने सोशल मीडिया के माध्यम से खुशी जाहिर की और बधाई दी। इसमें सुनील कुमार, चंदन कुमार, पंचम कुमार, मंटू कुमार, पप्पू यादव, अरुण ठाकुर, मृणाल गुप्ता, निरंजन सिन्हा, डॉक्टर ताहिर हुसैन, मार्तण्ड सर, नीरज गुप्ता आदि शामिल है।

# मानव सेवा से बड़ा कोई पुण्य नहीं: विक्रम

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर प्रखंड क्षेत्र में शनिवार को श्री सर्वेश्वरी समूह मरहटिया गढ़वा के तत्वाधान में गुरी स्थित प्रार्थना गृह परिसर में कार्यक्रम आयोजित हुआ। जहां जरूरतमंदों के बीच गर्म कपड़े व कंबल वितरित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए विश्रामपुर राज परिवार के अजय बक्सराय, गोष्ठी के अध्यक्ष राम लखन पांडेय, बीडीओ विक्रम आनंद, रविंद्र नाथ दूबे, संजीत मिश्र, समिति सदस्य आशा देवी,



भानू प्रताप सिंह, सुधीर सिंह व संतोष राय ने संयुक्त रूप से औपचारिक उद्घाटन किया। बीडीओ विक्रम आनंद ने कहा कि गरीबों की सेवा करना बहुत बड़ा पुण्य का कार्य है। वहीं, अजय बक्सराय ने कहा कि मानव सेवा देव व धर्म सेवा के बराबर है। मौके पर जय राम मिश्र, राधेश्याम मिश्रा, मलकानी भुईयां, चंद्रदेव राम, विनोद पांडेय, साहेब राम, बीरबल प्रजापति, शिखा देवी, मंगलवाश देवी, सुशीला देवी, ओम प्रकाश पांडे आदि मौजूद थे।

# नव निर्मित पुल का टूटा अप्रोच खतरे को दे रहा आमंत्रण



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** हरिहरगंज प्रखंड क्षेत्र के रजवार और तरवन गांव के बीच बटाने नदी पर बना नव निर्मित पुल का अप्रोच खतरे को आमंत्रित कर रहा है। यहां कभी भी बड़ी घटना हो सकती है। पुल का अप्रोच टूटने से संवेदक के प्रति रजवार और तरवन गांव के ग्रामीणों में काफी रोष है। इसे लेकर शनिवार को दर्जनों ग्रामीणों ने पुल पर पहुंच कर आक्रोश जताया है। ग्रामीणों ने बताया कि दो वर्ष पूर्व पुल का निर्माण किया गया है और टूटना शुरू हो गया। आरोप लगाते हुए कहा कि ठिकेदार द्वारा पुल में सही सामग्री का प्रयोग नहीं करने का नतीजा है कि पुल टूटना शुरू हो गया है। इस संबंध में संवेदक ने बताया कि मिट्टी दबने के कारण अप्रोच टूट गया है, जिसे दो जनवरी के बाद बनवा दिया जाएगा। इस मौके पर जितेंद्र कुमार, सुदेश कुमार भुइंया, मंटु कुमार, अवधेश भुइंया, धर्मराज कुमार, द्वारिक भुइंया, मनीष रंजन, फुटून, उमेश, सुजीत, मनोज, चंदीप भुइंया, रामप्रवेश भुइंया, रामधेनी भुइंया, गायत्री देवी, छटनी देवी, रतनी देवी, देवंती देवी, पार्वती देवी, दुलरिया देवी, किसमतिया देवी आदि शामिल थे।

## स्पोर्ट्स



दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज गेराल्ड कोएट्जी भारत के खिलाफ 3 जनवरी से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट मैच से बाहर हो गये है

# भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच से बाहर हुए तेज गेंदबाज गेराल्ड कोएट्जी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज गेराल्ड कोएट्जी भारत के खिलाफ 3 जनवरी से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट मैच से बाहर हो गये हैं। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने एक बयान में कहा कि 23 साल के कोएट्जी को पेल्विक में परेशानी महसूस हुई, जो मैच के तीसरे दिन गेंदबाजी करते समय और भी खराब हो गई। शुक्रवार को उनका स्कैन कराया गया जिसमें चोट की गंभीरता का पता चला। बयान में कहा गया है कि मुख्य कोच शुक्री कॉनराड ने एहतियात के तौर पर कोएट्जी को टीम से बाहर करने



का विकल्प चुना है, टीम में उनके स्थान पर किसी अन्य खिलाड़ी का नाम नहीं रखा गया है। कैगिसो रबाडा, मार्को जानसन और नांद्रे बर्गर के अलावा, दक्षिण अफ्रीका के पास लुंगी एनगिडी और वियान मुल्डर के रूप में अन्य तेज गेंदबाजी विकल्प हैं। कोएट्जी ने पहले टेस्ट में 19 रन बनाने के अलावा केवल 1 विकेट लिया था। दक्षिण अफ्रीका ने सेंचुरियन में तीन दिनों के भीतर भारत को एक पारी और 32 रन से हराकर दो मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त ले ली है।बता दें कि दक्षिण अफ्रीका ने पहले सेंचुरियन टेस्ट के शुरूआती दिन बाएं हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण कप्तान तेम्बा बावुमा को पहले ही खो दिया है, केप टाउन के न्यूलैंड्स में नए साल के टेस्ट के लिए बल्लेबाज जुबैर हमजा को उनके प्रतिस्थापन के रूप में नामित किया गया है। दूसरे टेस्ट में प्रोटियाज की कप्तानी अनुभवी सलामी बल्लेबाज डीन एल्गर करेंगे, जिन्होंने सेंचुरियन में 185 रन की मैच जिताऊ पारी खेली थी। बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने से पहले अपने अंतिम टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका का नेतृत्व करेंगे।

**दक्षिण अफ्रीका टेस्ट टीम**

डीन एल्गर (कप्तान), डेविड बेडिंघम, नांद्रे बर्गर, टोनी डी जॉर्जी, जुबैर हमजा, मार्को यान्सन, केशव महाराज, एडेन मार्कराम, वियान मुल्डर, लुंगी एनगिडी, कीगन पीटरसन, कैगिसो रबाडा, ट्रिस्टन स्टब्स और काइल वेरिन।

# दूसरे टेस्ट से पहले शार्दूल ठाकुर हुए चोटिल, कंधे पर लगी गेंद

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टीम इंडिया के बॉलिंग-ऑलराउंडर शार्दूल ठाकुर को शनिवार को प्रैक्टिस सेशन के दौरान चोट लग गई। शार्दूल को नेट्स में बैटिंग करते समय कंधे पर बॉल लग गई। इस चोट की गंभीरता का अभी तक पता नहीं लग पाया है और संभावना है कि उनका स्कैन होगा। फिलहाल इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है कि उनकी चोट का स्कैन हुआ है या नहीं। भारत और साउथ अफ्रीका के बीच दूसरा टेस्ट 3 जनवरी से केप टाउन में खेला जाएगा। पीटीआई रिपोर्ट के मुताबिक, शार्दूल को चोट नेट सेशन शुरू होने के 15 मिनट बाद लगी, जब फील्डिंग कोच टी. दिलीप उनको थ्रोडाउन प्रैक्टिस करा रहे थे। शार्दूल शॉर्ट गेंद को खेल नहीं सके और बॉल उनके कंधे पर जा लगी। बॉल लगने के बाद शार्दूल काफी असहज महसूस कर थे, लेकिन मुंबई के इस ऑलराउंडर ने नेट्स में बल्लेबाजी जारी रखी। एक बार जब उन्होंने बल्लेबाजी पूरी कर ली, तो फिजियो ने उनके कंधे पर आइस पैक स्लिंग लगा दी। इसके बाद उन्होंने नेट्स में आगे हिस्सा नहीं लिया और बॉलिंग नहीं की।

बतातें चलें कि पहले टेस्ट में भारत के आठवें नंबर के बल्लेबाज शार्दूल अच्छी लय में दिख रहे थे, लेकिन 44वें ओवर की तीसरी बॉल उनके हेलमेट पर लग गई। जेराल्ड कूट्जी की बाउंसर से उनके सिर पर चोट आई। हेलमेट पर बॉल लगने से शार्दूल परेशानी में दिखे थे।

# नववर्ष पर एसडीओ ने की पिकनिक स्पॉट पर दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** नव वर्ष को लेकर हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के प्रमुख पिकनिक स्पॉट पर रविवार से दो जनवरी तक दंडाधिकारी तैनात रहेंगे। इसके लिए हुसैनाबाद के प्रशिक्षु आईएएस सह एसडीओ आशीष गंगवार ने पिकनिक स्पॉट पर विधि व्यवस्था संधारण के लिए दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति का आदेश जारी कर दिया है। देवरी कला सोन नदी मंदिर व डिलापर, दंगवार सोननदी, डंडिला घाघरा कुंड बांध, सीता चुआ, नहर मोड़ जपला, देवरी खुर्द सोननदी, लंगरकोट मुरली पहाड़ी, हैदरनगर के चौकड़ी हॉस्पिटल के पास, कबरा कला सोननदी, बरेवा झरना, मोहमदगंज के सिचाई विभाग के नजदीक आईबी के पास, भीम चुल्हा भीम बराज के पास, कोयल नदी एवं सोननदी के संगम स्थल पंसा घाट के समीप, काशिशोत डैम के पास दंडाधिकारी के साथ पुलिस फोर्स तैनात रहेंगे।

# पुरी में वीके पांडियन ने भगवान के दर्शन के साथ निर्माण कार्य को देखा

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर पुरी।** 5-टी के अध्यक्ष वीके पांडियन शनिवार को पुरी का दौरा किया और श्रीमंदिर गये और भगवान को दर्शन किए। इसके बाद उन्होंने श्रीमंदिर यात्री परिक्रमा मार्ग के निर्माण कार्य की समीक्षा की। चूंकि श्रीमंदिर परिक्रमा मार्ग का उद्घाटन समारोह 17 जनवरी को है, इसलिए ठेकेदार संस्था टाटा और ओबीसीसी के अधिकारियों के साथ चर्चा की कि निर्माण कार्य कितनी जल्दी पूरा किया जायेगा। उन्होंने भक्तों के लिए बनाए जा रहे एसी शेड पथ के साथ स्वागत केंद्र के निर्माण कार्य का भी जायजा लिया।

5-टी अध्यक्ष ने सभी निर्माण कार्यों को तुरंत पूरा करने का निर्देश दिया, ताकि भक्तों को नए साल में महाप्रभु के दर्शन करके एक नया अनुभव मिल सके। उन्होंने जगन्नाथ बल्लव पार्क से दोलबेदी कोने तक बनायी जा रही नयी सड़क श्रीमार्ग के काम का भी जायजा लिया। पांचों अध्यक्षों के दौरे के दौरान जिलाधिकारी सहार बर्मा, एसपी डॉक्टर कंवर वावस सिंह, ओबीसीसी और टाटा के अधिकारी समेत अन्य वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे। चूंकि नये साल में लाखों भक्तों के इकट्ठा होने की उम्मीद है, इसलिए लाखों श्रद्धालुओं के जुटने की तैयारी के बारे में पूछा और 17 जनवरी को श्रीमंदिर परिक्रमा परियोजना का उद्घाटन होने के कारण इसे भव्य और सफल बनाने के लिए क्या कदम उठाये गये हैं।

5टी अध्यक्षों के दौरे के दौरान जिला कलेक्टर समर्थ वर्मा, पुलिस अधीक्षक डॉ कंवर विशाल सिंह, ओबीसीसी और टाटा के अधिकारी के साथ कई अन्य वरिष्ठ प्रशासनिक अधिका मौजूद थे।

# कार्यकर्ता लाभुकों को केंद्रीय योजनाओं का लाभ दिलायें : लक्ष्मण प्रसाद सिंह



आजाद सिपाही संवाददाता

**राजधनवार।** भजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने शनिवार को धनवार विधानसभा क्षेत्र के मंडल अध्यक्ष, महामंत्री, प्रवासी, नेताओं व कार्यकर्ताओं के साथ संगठनात्मक बैठक धनवार के बरजो भाजपा कार्यालय में की। बैठक के दौरान भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह, जिलाध्यक्ष महादेव दुबे, धनवार विधानसभा विस्तारक प्रभारी सुमन सौरभ, पूर्व जिलाध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने बैठक में उपस्थित सभी को 31 दिसंबर को पीएम मोदी की मन की बात को अपनी अपनी बूथों पर सुनने की बात को कहा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से चलायी जा रही पीएम विश्वकर्मा योजना सहित अन्य कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जरूरतमंदों को दें तथा योजना का लाभ दिलाने में सहयोग करें।

कार्यकर्ताओं को लोक सभा व विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाने को कहा गया और चुनाव में भाजपा की जीत के लिए अभी से संगठनात्मक मजबूती के साथ काम करने की सलाह दी गयी। बैठक में सांसद प्रतिनिधि उदय सिंह, विधायक प्रतिनिधि पवन साव, अजय रंजन सिंह, ओमप्रकाश वर्मा, संजय साव, मनसाडीह महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष मंजू देवी, पवन सिंह, उपेंद्र सिंह, प्रदुम्न वर्मा, राजेंद्र यादव, चंद्रशेखर आजाद, भिखी पासवान, रविंद्र पंडित, सुनील शर्मा, महेंद्र चौधरी, लोकेश कुमार, श्रीराम यादव, संजय कुमार वर्मा, सोहन यादव, उमाशंकर नारायण देव आदि कई मौजूद थे।

## भारत सरकार का साल 2024 का कैलेंडर लॉन्च

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने शनिवार को 2024 के लिए सरकार के वार्षिक कैलेंडर का अनावरण किया। इसमें अयोध्या सहित देशभर के तीर्थस्थलों के विकास को शामिल किया गया है। अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर के लिए प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन होगा। ठाकुर ने कहा कि कैलेंडर पिछले लगभग 10 वर्ष में सरकार की उपलब्धियों को प्रदर्शित करता है जिसका लक्ष्य 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाना है। मंत्री ने कहा कि 2023 अब खत्म हो रहा है और 2024 हमारे लिए नई संभावनाएं लेकर आ रहा है। दुनिया भारत की ओर आशा भरी नजरों से देख रही है। दुनिया नेतृत्व के लिए भारत की ओर देख रही है। ऐसा पिछले 10 साल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रदान किए गए नेतृत्व और उनकी सरकार की उपलब्धियों के कारण है। ठाकुर ने कहा कि कैलेंडर आत्मनिर्भरता की दिशा में भारत की प्रगति, विनिर्माण, स्वास्थ्य सेवा, पर्यटन, कूटनीति जैसे क्षेत्रों में पहल और युवाओं, गरीबों, महिलाओं और किसानों के लाभ के लिए सरकार द्वारा शुरू की गई योजनाओं को दर्शाता है।

# सम में राष्ट्रीय बाल दिवस मनाया

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज और सम हॉस्पिटल में 29 दिसंबर को राष्ट्रीय बाल दिवस मनाया गया है। इस मौके पर अस्पताल के बाल रोग विभाग में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में विशेषज्ञों और डॉक्टरों ने बाल रोग से जुड़ी विभिन्न बीमारियों के बारे में जागरूकता पर जोर दिया। प्रत्येक बच्चे को सर्वोत्तम देखभाल और उपचार का अधिकार है। कुछ शिशुओं में जन्म दोष होते हैं जबकि परवर्ती के दौरान समस्याएं विकसित होती हैं। बच्चों को सांस की समस्या, कफ, खांसी के साथ-साथ किडनी, पेट की समस्या और हृदय की समस्या होती है। इसी तरह हर्निया और त्वचा संबंधी समस्याएं भी उत्पन्न हो जाती हैं। इसलिए इस मौके पर विशेषज्ञों ने अपनी राय व्यक्त करते हुए कहा कि देश के हर जिले में बच्चों को अच्छे इलाज और सर्जरी के जरिए इन समस्याओं से निजात दिलाने के लिए बाल रोग विशेषज्ञों की जरूरत है।

आधुनिक बाल चिकित्सा सर्जरी नवजात शिशु से लेकर 18 वर्ष की आयु तक मूत्र, गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल, छाती, न्यूरोसर्जिकल समस्याओं सहित विभिन्न जन्म दोषों का चिकिस्चा और इलाज कर सकती है। बाल चिकित्सा सर्जन की-होल, एंडोस्कोपिक, लेप्रोस्कोपिक और रोबोटिक सर्जरी जैसी उन्नत प्रक्रियाओं के माध्यम से बच्चों की सुरक्षित सर्जरी करते हैं। इसी तरह, न्यूनतम इनवेसिव सर्जरी, बाल चिकित्सा एनेस्थीसिया और उच्च स्तरीय गहन देखभाल बच्चों के लिए बेहतर स्वास्थ्य देखभाल प्रदान कर सकती है, प्रोफेसर डॉ अंतजार्मी प्रधान बाल रोग विभाग चिकित्सा विज्ञान संस्थान और सम अस्पताल ने कहा। जबकि भारत में हर दिन 3,000 से अधिक बच्चे जन्म दोषों के साथ पैदा होते हैं, उचित शिशु देखभाल सुविधाओं और आईसीयू की कमी के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में बाल मृत्यु दर बढ़ रही है। हालांकि, उचित उपचार और सर्जरी के माध्यम से शिशु मृत्यु दर को रोका जा सकता है।

भारत में 2022 में शिशु मृत्यु दर प्रति 1000 जन्म पर 27.69 है। 2021 में यह दर 28.77 थी। हालाकि, बाल चिकित्सा उपचार के क्षेत्र में आइएमएस और सम अस्पताल में अंतर्राष्ट्रीय स्तर की स्वास्थ्य सेवा प्रदान की जाती है। प्रो प्रधान ने कहा कि सम अस्पताल के बाल चिकित्सा सर्जरी विभाग में नवजात शिशुओं की समस्याओं, लेप्रोस्कोपिक सर्जरी, पेट की सर्जरी, हृदय की सर्जरी और जन्मजात दोषों का उच्च गुणवत्ता वाला उपचार और सर्जरी की जा सकती है। यहां बीजू स्वास्थ्य कल्याण योजना (बीएसकेवाइ) के माध्यम से सभी बाल स्वास्थ्य समस्याओं की सर्जरी और उपचार किया जा रहा है।

## इंदौर में सोने का रंग बदलकर तस्करी, दुबई से आये तीन तस्कर पकड़ाये, विदेशी गोल्ड बरामद

**इंदौर (आजाद सिपाही)।** मध्य प्रदेश के इंदौर में सोने का रंग बदल कर तस्करी का मामला सामने आया है। पुलिस ने इंदौर एयरपोर्ट से तीन तस्करों को पकड़ लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह तीनों सोने के ऊपर चांदी का पानी चढ़ा कर लाये थे। तीनों तस्करों के पास से 1 किलो 700 ग्राम वजन का विदेशी सोना मिला है। तीनों के पास से दो चैन, दो कड़े, एक बेल्ट का बक्कल, दो कैप्सूल, एक काले मोतियों के आकार का कड़ा और एक अंगूठी जब्त की गयी है। यह आरोपी दिल्ली, जयपुर और नागौर के हैं। इंटेलिजेंस की सूचना पर तीनों यात्रियों की तलाशी ली गयी है। इन आरोपियों में से एक व्यक्ति के पास शरीर के अंदर छुपे हुए दो कैप्सूल और चांदी की पॉलिश चढ़ी एक मोती सोने की अंगूठी मिली है? आरोपी गुप्तांग के जरिए कैप्सूल को शरीर के भीतर छुपा कर रखा था। कस्टम्स विभाग ने सोना जब्त कर पकड़े गये आरोपियों से पूछताछ शुरू कर दी है।




# रेजांग-ला में मेजर शैतान सिंह का मेमोरियल ध्वस्त

- कांग्रेस का आरोप- बफर जोन में था, चीन के दबाव में तोड़ा
- केंद्र सरकार बोली : ऐसा कुछ नहीं हुआ

आजाद सिपाही संवाददाता




परमवीर चक्र से सम्मानित मेजर शैतान सिंह को श्रद्धांजलि के तौर पर 25 अक्टूबर 2020 को 8 कुमाऊं रेजिमेंट ने यह स्मारक बनाया था।

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर की है, जिसमें उन्होंने लिखा है-1962 में रेजांगला युद्ध के महानायक मेजर शैतान सिंह के चुशूल लद्दाख में बने मेमोरियल को 2021 में ध्वस्त करने की खबर बहुत पीड़ादायक है। इस पोस्ट में खड़गे ने सवाल उठाया है कि क्या यह इसलिए किया गया, क्योंकि चीन के साथ बातचीत के बाद अब वह भारतीय क्षेत्र, बफर जोन में आ गया है। मोदी सरकार चीनी मंसूबों के आगे घुटने टेक चुकी है। हालांकि विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने 29 दिसंबर को कहा है कि ऐसा कुछ नहीं हुआ है।

दरअसल, लद्दाख ऑटोनॉमस हिल डेवलपमेंट काउंसिल के सदस्य खोनचोक स्टैनजिन ने 25 दिसंबर को यह दावा किया कि छअउ पर रेजांगला में बना मेजर शैतान सिंह का मेमोरियल तोड़ दिया गया है। जून 2020 में हुई गलवान झड़प के बाद यह इलाका बफर जोन बना दिया गया है।

स्टैनजिन ने टेलीग्राफ को दिए एक इंटरव्यू में कहा है कि मुखपारी से रेचिनला और रेजांगला तक का पूरा क्षेत्र अब बफर जोन में है और इसमें सैनिकों और नागरिकों किसी के भी आने-जाने पर रोक है। यहां तक कि हमारे खानाबदोश (चरवाहे) भी गर्मियों में वहां नहीं जा पाते।

रेजांगला में जहां यह मेमोरियल था, यह वही जगह है जहां 1962 में परमवीर चक्र से सम्मानित मेजर शैतान सिंह का शव मिला था। यह मेमोरियल 25 अक्टूबर 2020 को 8 कुमाऊं रेजिमेंट ने बनाया था। भारतीय सेना ने ऑपरेशन स्नो लेपर्ड के दौरान हजारों चीनी सैनिकों से मुकाबले के बाद यहां कब्जा किया था।




# आइपीएस अरुण षाड़ंगी को पुलिस महानिदेशक का अतिरिक्त प्रभार

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** पुलिस डीजी सुनील बंसल का कार्यकाल 31 दिसंबर को समाप्त हो रहा है। शुक्रवार राज्य सरकार द्वारा मुख्य सचिव प्रदीप जेना का कार्यकाल छह महीने के लिए बढ़ाए जाने के बाद इस बात की काफी चर्चा में था कि नया डीजीपी कौन होगा। इस बीच राज्य सरकार ने शनिवार को 1990 बैच के आइपीएस अधिकारी अरुण षड़ंगी को डीजी नियुक्त किया है। गृह विभाग की ओर से एक अधिसूचना प्रकाशित की गयी है। वर्तमान में आईपीएस अरुण षड़ंगी बीपीएसपीए के निदेशक हैं। 1900 में आईपीएस बनने के बाद तालचेर में एसडीपीओ के पद पर कार्यरत हुए। बाद में रायगडा एसपी के रूप में पोस्टिंग मिली। बाद में ब्रह्मपुर, जगतसिंहपुर, भुवनेश्वर और राउरकेला में एसपी के रूप में कार्य किया। महानिदेशक सुनील बंसल 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त होंगे। उन्हें पहले ही राज्य सरकार द्वारा सेवा से सेवानिवृत्त होने की अनुमति दी जा चुकी है। दूसरी ओर राज्य सरकार पहले ही नये पुलिस महानिदेशक के पद के लिए यूपीएससी को सात नामों की सिफारिश कर चुकी है। 1988 से 1990 बैच के कुल 8 आइपीएस अधिकारियों में से एक को छोड़ कर 7 अन्य के नाम यूपीएससी को भेजे गये था। सात आइपीएस अधिकारियों में 1988 बैच के अरुण कुमार राय, 1989 बैच केए एम प्रसाद, बी राधिका, एसएम नरवणे, 1990 बैच के वाइबी खुरानिया, अग्निशमन सेवा के महानिदेशक सुधांशु षड़ंगी और बीपीएसपए के निदेशक अरुण षड़ंगी शामिल हैं।
















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**